
10 शमी...



झारखण्ड का अपना दैनिक
# झारखण्ड उजाला
सच आप तक

12 मल्लिका शेरावत...



रांची, शनिवार, 21 दिसंबर 2024 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रुपये | रांची संस्करण | वर्ष- 04 | अंक -183 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com

# जयपुर में ट्रक से टक्कर के बाद सीएनजी टैंकर में लगी भीषण आग, 10 लोग जिंदा जले, कई घायल

**एजेंसी**

**जयपुर।** राजस्थान से बड़ी खबर सामने आ रही है. यहां जयपुर के अजमेर रोड स्थित भांकरोटा इलाके में सीएनजी टैंकर की एक ट्रक से भीषण टक्कर हो गयी और टैंकर में आग लग गयी. इस भीषण आग ने पेट्रोल पंप सहित कई वाहनों को अपनी आगोश में ले लिया. करीब 40 गाड़ियां जलकर राख हो गयी है. जिसमें 10 लोगों की जिंदा जलने से मौत हो गयी. वहीं करीब 20-25 लोग घायल बताये जा रहे हैं. सभी घायलों को सवाई मान सिंह मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया गया है. मौके पर 20 से ज्यादा दमकल विभाग की गाड़ियां मौजूद हैं. पुलिस और प्रशासन की टीम आग पर काबू पाने की कोशिश कर रही है. एतिहातन आस-पास के रास्ते को डायवर्ट कर दिया गया है.



जयपुर में हुए भीषण हादसे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, सीएम भजनलाल शर्मा सहित कई नेताओं ने दुख जताया है।

**मुख्यमंत्री भजनलाल स्थिति का जायजा लेने पहुंचे अस्पताल**

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जयपुर अग्निकांड में घायल हुए लोगों से मिलने एसएमएस अस्पताल पहुंचे और उनका हालचाल जाना. साथ ही उन्होंने स्थिति का भी जायजा लिया. भजनलाल शर्मा ने ट्वीट कर घटना पर दुख जताया. उन्होंने कहा कि जयपुर-अजमेर एनएच पर गैस टैंकर में आग लगने की घटना में नागरिकों के हताहत होने का दुःखद समाचार सुनकर मन अत्यंत व्यथित है. घटना की सूचना मिलते ही एसएमएस अस्पताल जाकर चिकित्सकों को तत्काल आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने और घायलों की समुचित देखभाल के लिए निर्देशित किया. प्रशासन द्वारा बचाव कार्य निरंतर जारी है. स्थानीय प्रशासन और आपातकालीन सेवाएं पूरी तत्परता से कार्यरत हैं. प्रभु से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को अपने परम धाम में स्थान, शोक संतप्त परिवारजनों को यह अपार दुःख सहन करने की शक्ति व घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें.

### मृतकों के परिजनों को मुआवजे की घोषणा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को जयपुर-अजमेर हाई-वे पर हुए गैस टैंकर हादसे पर दुख जताया और मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से दो-दो लाख रुपये और प्रत्येक घायल को 50 हजार की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। राष्ट्रपति ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, जयपुर में हुई सड़क दुर्घटना के कारण अनेक लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है। मैं ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु प्रार्थना करती हूं। उनके परिवारजनों के प्रति मेरी गहरी शोक संवेदनाएं! मेरी प्रार्थना है कि घायल हुए लोग शीघ्र ही स्वस्थ हों। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स पोस्ट में लिखा, राजस्थान में जयपुर-अजमेर हाई-वे पर हुए हादसे में लोगों की मौत से गहरा दुख हुआ है। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति संवेदना। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों की सहायता कर रहा है। प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपये और प्रत्येक घायल को 50 हजार रुपये दिए जाएंगे।

**अस्पताल में की गयी पूरी तैयारी**

राजस्थान के स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि क्रिटिकल बर्न वार्ड में अतिरिक्त 5 बेड बचे खाली हैं. इसके अलावा 40 बेड का एक और कमरा तैयार किया गया है. पुलिस टीम, एसपी, एडीएम सभी सक्रिय हैं. एसएमएस अस्पताल आने के लिए ट्रैफिक कॉरिडोर को भी खोल दिया है. चिंता की बात यह है कि जो 35 घायल यहां पर हैं, उनमें से 50% लोग अति गंभीर हालत में है. मुख्यमंत्री ने मुझसे व्यवस्थाओं का जायजा लिया. अधिकांश घायल लोग यहां पहुंच चुके हैं.

## कुछ लोग धार्मिक विवादों को भड़काकर हिंदुओं के नेता बनने की कोशिश कर रहे हैं : मोहन भागवत

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** महाराष्ट्र के पुणे में आयोजित एक कार्यक्रम में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने भारत में जारी मंदिर-मस्जिद विवादों पर गंभीर चिंता व्यक्त की है. उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि कुछ लोग धार्मिक विवादों को भड़काकर ह्यहिंदुओं के नेताह्ल बनने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन ऐसा करना समाज में घृणा और दुश्मनी को बढ़ावा देता है. भागवत ने अपने संबोधन में यह भी बताया कि निरंतर विवाद केवल समाज के ताने-बाने को कमजोर करते हैं. उन्होंने सभी समुदायों के बीच सद्भाव बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि एकता और शांति को बढ़ावा मिल सके.

उनका मानना है कि धार्मिक विवादों से नहीं, बल्कि आपसी सम्मान और समझ से ही समाज में सच्ची एकता स्थापित की जा सकती है. अपने संबोधन से भागवत ने एक महत्वपूर्ण संदेश यह दिया है कि समाज को एकजुट करने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा और घृणा फैलाने वाले तत्वों का विरोध करना होगा. उनके विचारों ने यह स्पष्ट किया कि धार्मिक सहिष्णुता और सामुदायिक सद्भावना ही किसी भी समाज की प्रगति का मूल आधार है. भागवत ने आगे कहा कि भक्ति के सवाल पर आने पर, राम मंदिर होना चाहिए और यह वास्तव में हुआ है. यह हिंदुओं की भक्ति का



स्थल है.

लेकिन हर दिन नई समस्याओं को उठाना, घृणा और दुश्मनी के लिए नहीं किया जाना चाहिए. यहां समाधान क्या है? हमें दुनिया को दिखाना चाहिए कि हम सद्भाव से रह सकते हैं, इसलिए हमें अपने देश में एक छोटा सा प्रयोग करना चाहिए. हमारे देश में विभिन्न संप्रदायों और समुदायों की विचारधाराएं हैं. मोहन भागवत ने कहा कि राम मंदिर के निर्माण के बाद, कुछ लोग सोचते हैं कि वे नए स्थानों पर इसी तरह के मुद्दे उठाकर हिंदुओं के नेता बन सकते हैं. यह स्वीकार्य नहीं है. यह जारी नहीं रह सकता. भारत को दिखाना चाहिए कि हम (हिंदू-मुसलमान) मिलकर रह सकते हैं.

## अनियंत्रित कार ने आग ताप रहे पांच लोगों को रौंदा, दो की मौत-तीन जख्मी

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**

**पलामू।** जिले के मोहम्मदगंज-जपला मुख्य पथ पर मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के सबनवा मोड़ के पास गुरुवार रात एक तेज रफ्तार अनियंत्रित थार कार ने सड़क किनारे अलाव ताप रहे पांच लोगों को रौंद दिया। इस हादसे में सबनवा गांव के ही अरशद खान और आशिफ खान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि इमरान खान, जहांगीर खान और हसनैन खान गंभीर रूप से घायल हो गए। जख्मी में दो लोगों को बेहतर इलाज के लिए हुसैनाबाद के अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती किया गया है ।एक को कम चोट आने के कारण गांव में ही इलाज किया गया। हादसे के बाद कार खाई में जा गिरी।

घटना के बाद उग्र लोगों ने मोहम्मदगंज-जपला मुख्य सड़क को जाम कर दिया। सड़क पर भारी भीड़ जमा हो गई और यातायात प्रभावित हो गई । ग्रामीण प्रशासन से दोषियों के खिलाफ कड़ी



कार्रवाई की मांग कर रहे थे और सड़क सुरक्षा के ठोस उपायों की आवश्यकता पर जोर दे रहे हैं ।घटना के बाद कार में सवार दो में से चालक मौके से फरार हो गया, जबकि दूसरे को ग्रामीणों ने पकड़कर उसकी जमकर पिटाई कर दी है, जिससे उसकी हालत भी गम्भीर है। उसे पुलिस के हवाले कर दिया है। उसकी पहचान की कोशिश की जा रही है। मोहम्मदगंज थाना की पुलिस मौके पर पहुंची है और जाम हटाने की कोशिश की। हैदरनगर और हुसैनाबाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई ।मोहम्मदगंज सीओ रणवीर कुमार और हैदरनगर सीओ भी घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों को समझा कर जाम हटवाया।

उन्होंने ग्रामीणों से शांति बनाए रखने की अपील की और कहा कि घटना की जांच की जा रही है। मामले में प्रभावित परिवारों ने मुआवजा की मांग की प्रशासनिक पदाधिकारी ने कहा कि नियम संगत सरकारी स्तर पर मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा। काफी समझाने के बाद देर रात जाम हटाया गया। जानकारी के अनुसार गुरुवार रात सड़क किनारे कुछ ग्रामीण अलाव ताप रहे थे। इसी बीच अनियंत्रित वाहन सभी को रौंदते हुए गड्ढे में जा गिरी।

### पुआल के बने कुंभा में सो रहे मां-बेटे जिंदा जले

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के डुमरी थाना क्षेत्र स्थित छछंदो पंचायत के जिलिमटांड़ गांव में दर्दनाक हादसा हो गया. यहां पुआल के बने कुंभा में सो रहे मां-बेटे जिंदा जल गये. मृतक की पहचान 45 वर्षीय नुनिया देवी और उसके बेटे बाबूचंद मुर्मू के रूप में हुई है. घटना के संबंध में बताया जाता है कि नुनिया और बाबूचंद पुआल के बने कुंभा में सो रहे थे. ठंड से बचने के लिए उन्होंने पास में लकड़ी जलाकर रखी थी. देर रात अचानक पुआल का बना कुंभा आग की चपेट में आ गया. सोये रहने के कारण मां और बेटा भाग नहीं सके और ना ही किसी को सहायता के लिए बुला पाये. ऐसे में मां-बेटे आग की चपेट में आ गये और दोनों की झुलसकर मौत हो गयी. घटना की जानकारी अहले सुबह जिलिमटांड़ गांव के लोगों को हुई. लोगों ने तुरंत इसकी जानकारी पुलिस को दी. सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंचकर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और आगे की कार्रवाई में जुट गयी. घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है.

## रांची में राष्ट्रीय खादी व सरस महोत्सव का आगाज, खादी मेला में साबरमती आश्रम बना आकर्षण का केंद्र

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**

**रांची।** स्वाधीनता आंदोलन में राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जाने वाला खादी आज देश-दुनिया में लोकप्रिय हो चुका है.रोजगार और स्वदेशी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राष्ट्रपिता बापू का यह हथियार हमेशा जीवंत बना रहे इसी उद्देश्य के साथ राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में शुक्रवार 20 दिसंबर से राष्ट्रीय खादी व सरस महोत्सव का आगाज हुआ. 6 जनवरी तक चलने वाले इस महोत्सव की शुरूआत मुख्यमंत्री की अनुपस्थिति में उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव और ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने किया. इस मौके पर उद्योग सचिव जितेंद्र कुमार सिंह और खादी बोर्ड की सीईओ सुमन पाठक ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत करते हुए इस महोत्सव की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला. 17 दिवसीय खादी महोत्सव का उद्घाटन






करते हुए ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि खादी से रोजगार की असीम संभावनाएं हैं. यही वजह है कि जिस खादी की शुरूआत राष्ट्रपिता ने की थी वह हमेशा लोगों के लिए उपयोगी बना रहेगा.वहीं इस मौके पर उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि खादी को बढ़ावा देकर पलायन को रोका जा सकता है. झारखंड की सबसे बड़ी समस्या पलायन है. सरकार उद्योग को बढ़ावा देकर अपने ही राज्य में लोगों को रोजगार देने का काम करने में जुटी है. वहीं खादी महोत्सव के उद्घाटन पर रांची विधायक सीपी सिंह ने खादी की उपयोगिता बताते हुए कहा कि यह एक ऐसा वस्त्र है, जो हर मौसम में पहना जाता है. इसकी खासियत यह है कि मौसम के अनुकूल यह शरीर को लाभ पहुंचाता है.

**साबरमती आश्रम बना आकर्षण का केंद्र**

झारखंड सरकार के उद्योग विभाग और ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त प्रयास से झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव 2024-25 में 485 स्टॉल लगाए गए हैं. जिसमें विभिन्न राज्यों से खादी के क्षेत्र में काम करने वाली संस्था और उसके द्वारा निर्मित सामानों को प्रदर्शित किया गया है. राष्ट्रीय खादी मेला में साबरमती आश्रम खास आकर्षण का केंद्र है. यहां राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के साथ जीवंत प्रदर्शनी लगाई गई है. इसके अलावा सरस मेला में फूड स्टॉल, राज सरकार के विभिन्न विभागों के द्वारा स्टॉल और प्रदर्शनी लगाई गई है. साथ ही बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के झूले और खादी वस्त्रों की एक से बढ़कर एक वेराइटी लगाई गई है.

### आज का विचार

झारखण्ड उजाला



**मो समीर अंसारी**
**पूर्व उपमुखिया, पंचायत मगनपुर, गोला**

हम दीए को तो फूँक मार कर बुझा सकते हैं, मगर अगरबत्ती को नहीं क्योंकि जो महकता है। उसे कौन बुझा सकता है और जो जलता है वो तो खुद ही बुझ जाता है।

### सर्राफा

सोना (बिक्री) : **71,500**
चांदी (प्रति किलो) : **91,000**
(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

### शेयर बाजार

सेंसेक्स :- **78,041.59**
निफ्टी :- **23,576.65**

### मौसम

अधिकतम तापमान : **24** °
न्यूनतम तापमान : **12** °

### सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- **06:27**
संध्या :- **17:05**

### आज का इतिहास

आज के ही दिन 1879 को एक गुड़िया हाउस, हेनरिक इबसेन द्वारा विवादास्पद नाटक 19 वीं शताब्दी के विवाह के मानदंडों को पूरा किया गया, जिसका प्रीमियर डेनमार्क के रॉयल थिएट्रिन कोपेनहेगन में हुआ था।

### संक्षिप्त समाचार

**लोहरदगा में पुलिस जवान ने की आत्महत्या, छुट्टी मनाने आया था घर**

**लोहरदगा।** जिले के कुडू थाना क्षेत्र के कोलसिमरी गांव के रहने वाले झारखंड पुलिस के एक जवान ने शुक्रवार को आत्महत्या कर ली. झारखंड पुलिस का यह जवान छुट्टियों में अपने घर आया हुआ था. इसी दौरान उसने यह खौफनाक कदम उठा लिया. सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच और आगे की कार्रवाई कर रही है. बता दें कि झारखंड पुलिस के जवान को दो दिनों बाद वापस ड्यूटी में लौटना था, इसी बीच उसने यह खौफनाक कदम उठा लिया है. मृतक की पहचान लोहरदगा जिला के कुडू थाना क्षेत्र के कोलसिमरी गांव निवासी रामलोचन महतो के पुत्र रामू महतो के रूप में हुई है.

**रायगढ़ जिले में भीषण सड़क हादसा, 5 लोगों की मौत और 27 घायल**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में शुक्रवार सुबह विवाह समारोह से लोगों को ले जा रही तेज रफ्तार बस पलटने से पांच लोगों की मौत हो गई और 27 लोग घायल हो गए. पुलिस ने यह जानकारी दी. अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना सुबह करीब सवा नौ बजे मनगांव के निकट ताम्हिनी घाट पर हुई. पुलिस अधिकारी ने कहा कि बस पुणे के लोहेगांव से महाड के बीरवाड़ी की ओर जा रही थी. अधिकारी ने कहा कि, एक मोड़ पर चालक का वाहन पर से नियंत्रण खो गया, जिसके बाद वाहन पलट गया. उन्होंने कहा कि दो पुरुषों और तीन महिलाओं समेत पांच लोगों की मौत हो गई. घायल हुए 27 लोगों को मनगांव ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया है. अधिकारी ने कहा कि चार मृतकों की पहचान संगीता जाधव, गौरव दराडे, शिल्पा पवार और वंदना जाधव के रूप में हुई है जबकि एक व्यक्ति की पहचान अभी नहीं हो पाई है. बचाव दल और पुलिस घटनास्थल पर राहत-बचाव के लिए पहुंचे. वहीं पुलिस सड़क हादसे की जांच में जुट गई है.

THE RANCHI RIFLE CLUB (RRC)
(Registered under -Society Registration Act: 21,1860. Government of Jharkhand)
JOIN US NOW
JOIN US TO BECOME A NATIONAL or INTERNATIONAL SHOOTER
Your ambition is our mission...





Our facilities:-
- 10m/ 25m Fully Air Conditioned Hitech indoor shooting range.
- All Types of Air/ Fire weapons are available for practice.
- All types of shooting equipments & accessories for sale available here.
- We teach the civilians how to handle weapons/ safety rules and way of firing.
- Special For School Girls & Boys.
- Above 8 years Girls & Boys May Join us.
- National Level Shooting Coach Facility Available Here.

Justdial
Contact: +91 8002397001, 7050607001
House No. 01, Shanti Nagar, Hatia, Near Hatia Tonko Bridge, P.O- Hatia, P.S.- Jagannathpur, Ranchi - 834003 (Jharkhand)
E-mail: theranchirifleclub@gmail.com | Website: http://www.theranchirifleclub.org

रत्नेश ज्योतिष एवं ग्रह रत्न केन्द्र
नीलम, पन्ना, पुखराज, माणिक, गोमेद, पारदर्शी, लसुनिया, हिरा,
मोती, अकीक, चन्द्रमणि, एवं सभी प्रकार के रत्न और
उपरत्न चाँदी में निर्मित अंगुठियाँ उचित मुल्य पर उपलब्ध है।
विशेष - जन्मकुंडली, लाईफ रिडिंग एवं पामेस्ट्री के लिए पधारें या संपर्क करें-



स्वामी रत्नेश जी
ज्योतिषाचार्य
पताः- सिंह मेंशन, शांति नगर, हटिया, राँची (झारखण्ड) / मो०- 6200215317

# जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**लैंगिक समानता हेतू जागरूकता अभियान चलाए।**

**हर व्यक्ति तक कानून की सही जानकारी पहुंचाए: उपायुक्त रामगढ़**




**रामगढ़।** नई चेतना 3.0 लैंगिक हिंसा के विरुद्ध चल रहें जेंडर अभियान दिनांक 25 नवंबर 2024 से 23 दिसंबर 2024 तक निर्धारित है। इसी क्रम में शुक्रवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभा कक्ष में जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध जिला समाज कल्याण कार्यालय एवं पलाश जेएसएलपीएस द्वारा जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने कहा की लिंग आधारित हिंसा के रोकथाम के लिए सभी विभागों द्वारा मिलकर काम किया जा रहा है। आज से 10 साल पूर्व विभिन्न प्रकार के महिला हिंसा से संबंधित मामले प्रकाश में आते थे परंतु जिला प्रशासन एवं गैर सरकारी संगठनों द्वारा हिंसा के खिलाफ विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाने के बाद इस तरह के मामलों में कमी आई है। उपायुक्त ने सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं व सहायिका एवं जेएसएलपीएस के कर्मी एवं पदाधिकारियों को जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध अपने घर व आसपास के लोगों को हिंसा रोकने हेतु जागरूक करने, प्रत्येक व्यक्ति तक इससे संबंधित नियमों व कानून की सही से जानकारी पहुंचाने की अपील की। मौके पर उपायुक्त ने महिलाओं के विरुद्ध एवं घरेलू हिंसा पर शिकायत हेतु जारी टॉल फ्री सहायता नंबर 112 एवं 181 के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी साथ ही उन्होंने सभी महिलाओं को इन कानून के संबंध में जानकारी पहुंचाने का निर्देश दिया गया। ताकि घरेलू हिंसा व अन्य परेशानियां को कम करने हेतु 181 एवं 112 पर संपर्क कर वे अपनी शिकायत दर्ज करा सकें। कार्यशाला के दौरान सभी को उपायुक्त के द्वारा जेंडर शपथ दिलाई गई। कार्यशाला के दौरान स्वागत संबोधन देते हुए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो ने उपस्थित सभी को महिलाओं के विरुद्ध हो रही हिंसा को रोकने को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र में लोगों व ग्रामीणों तक इस जानकारी को पहुंचाने उन्हें विभिन्न अधिनियम एवं कानून के प्रति जागरूक करने की अपील की। मौके पर उनके द्वारा भारत सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति की उप योजना संबल अंतर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला हेल्पलाइन 181, नारी अदालत, एक ही छत के नीचे महिलाओं को पुलिस व चिकित्सा सहायता, कानूनी सहयोग, अल्पकालिक आश्रय, मनोवैज्ञानिक सामाजिक परामर्श उपलब्ध कराने की दृष्टिकोण से संचालित वन स्टॉप सेंटर, मिशन शक्ति अंतर्गत संचालित सामर्थ उप योजना के तहत जिला हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, सखी निवास, शक्ति सदन एवं पालना गृह के संबंध में सभी को जानकारी दी। कार्यशाला के दौरान सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद ने पीसीपीएनडीटी एक्ट के प्रावधानों के संबंध में भी पूरी जानकारी को उपस्थित सभी के साथ साझा किया। उन्होंने यह अभी कहा कि लिंग परीक्षण एक कानूनी अपराध है अगर आपके आसपास के क्षेत्र में अगर कोई सूचना प्राप्त होती है तो तुरंत से संबंधित पदाधिकारी को सूचित करें। कार्यशाला के दौरान जिला पंचायती राज पदाधिकारी निशा कुमारी सिंह ने जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध पंचायत स्तर पर ग्रामीणों को जागरूक करने एवं ऐसा किसी भी मामला सामने आने पर तवरित रूप से इस दिशा में कार्रवाई किए जाने को लेकर कई महत्वपूर्ण जानकारियां सभी के साथ साझा की। कार्यशाला के दौरान जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत के द्वारा जुवेनाइल जस्टिस एक्ट के विभिन्न प्रावधानों बाल श्रम आदि के संबंध में सभी को जानकारी दी गई। जेएसएलपीएस डीपीएम रीता सिंह ने कहा कि लैंगिक समानता हेतू बच्चों व ग्रामीणों को जागरूक करें। ताकि लड़के और लड़की में भेदभाव को रोका जा सके। साथ ही लैंगिक हिंसा से संबधित सांप सीढ़ी के खेल सहित अन्य माध्यम से महिलाओं को जागरूक करना पर चर्चा की। कार्यशाला के दौरान डालसा के प्रतिनिधि द्वारा महिलाओं के खिलाफ हिंसा संबंधित विभिन्न विधिक प्रावधानों, उन्हें निशुल्क विधिक सहायता प्रदान किए जाने संबंधित अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। इन सबके अलावा कार्यशाला के दौरान डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम 2001, दहेज प्रथा अधिनियम, घरेलू हिंसा अधिनियम, महिलाओं से संबंधित विभिन्न अधिनियमों व कानून को लेकर चर्चा की गई। कार्यशाला के दौरान जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला स्तरीय पदाधिकारियों, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों, महिला पर्यवेक्षिकाओं, जेएसएलपीएस जिला प्रबंधक, जेंडर सीआरपी सहित अन्य उपस्थित थे।

## आजसू विधायक निर्मल महतो ने लुगू बाबा का किया विशेष पूजा अर्चना



**आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो गोमिया विधायक डॉ लम्बोदर महतो हुए शामिल**

**रामगढ़।** झारखंड में हुए लोकतंत्र के महापर्व में मांडू विधानसभा क्षेत्र से आजसू भाजपा गठबंधन प्रत्याशी निर्मल महतो ने जीत हासिल कर विधानसभा पहुंचे। नवनिर्वाचित विधायक बनने पर निर्मल महतो ने आज आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो, गोमिया के पूर्व विधायक डॉ. लंबोदर महतो केंद्रीय सचिव हेमलाल महतो के साथ लुगु बाबा स्थान लईयो में विशेष पूजा अर्चना किया। वही सभी ने लुगू बाबा से प्रार्थना किया कि क्षेत्र की जनता सुख समृद्धि उन्नति करें।

## आंगनबाड़ी सेविकाओं के द्वितीय बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण हुआ संपन्न

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**रामगढ़।** रामगढ़ जिले के कोठार स्थित होटल टी एंड ट्रीट में ₹पोषण भी पढाई भी₹ प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत द्वितीय बैच की आंगनबाड़ी सेविकाओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण होटल टी एंड ट्रीट कोठार रामगढ़ में संपत्र हुआ। इस दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलको के द्वारा आंगनबाड़ी सेविकाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। देश भर में पोषण और प्रारंभिक बचपन की शिक्षा में सुधार के उद्देश्य से वर्ष 2022 में ₹पोषण भी पढ़ाई भी₹ की शुरूआत की गयी है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 0-3 एवं 03 से 06 वर्ष के बच्चों के लिए नवचेतना एवं आधारशिला के अन्तर्गत प्रारंभिक बचपन की देखभाल, शिक्षा, पोषण, बच्चों के विकास के सभी आयामों, पोषण ट्रेकर एप, SAM/MAM बच्चे, टउढ कार्ड, स्थानीय चीजों का प्रयोग कर आंगनबाड़ी केन्द्रों को लर्निंग सेन्टर के तौर पर विकसित करने के संबंध में जानकारी दी जा रही है। इस अभियान के तहत राष्ट्रीय शिक्षा नीति, साक्षरता और संख्यात्मक कौशल में एक मजबूत नींव तैयार किए जाने को लेकर प्राथमिकता तय की गयी है जिससे 0-6 वर्ष के बच्चों के सम्पूर्ण विकास पर Focus किया जा सकें। प्रशिक्षण का उद्देश्य आंगनबाड़ी केन्द्रों की सेविकाओं को कौशल प्रदान करना ताकि 06 वर्ष से कम आयु के बच्चों को प्रारंभिक बाल्यावस्था में देखभाल और शिक्षा तथा पोषण सेवा प्रदान करने के लिए उनकी क्षमता का निर्माण किया जा सकें। गौरतलब होकि पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम के तहत रामगढ़ जिले के अलग-अलग प्रखंडों में 500 आंगनबाड़ी सेविकाओं को पांच बैच में 4 जनवरी 2025 तक प्रशिक्षण दिया जाना है।

## मालगाड़ी की चपेट में आकर रेलवे सिग्नल टेक्नीशियन की मौत

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**ईसीआरकेयू बरकाकाना में शोकसभा का आयोजन**



**रामगढ़।** सिगनल व टेलकम कर्मचारियों पर काम का दबाव अत्यधिक बढ़ता जा रहा है । इसके परिणामस्वरूप कार्य करने के दौरान कई कर्मचारी रन ओवर हो जा रहे हैं। अभी वर्तमान में बीते गुरुवार की सुबह झांसी में मालगाड़ी की चपेट में आकर कार्य के दौरान रेलवे टेक्नीशियन गिरीराज प्रसाद मीना की मौत हो गयी । वह सहयोगियों के साथ रेलवे ट्रैक पर काम कर रहे थे, तभी तीनों लाइन पर ट्रेनें आ गई। सहयोगियों ने उन्हें आगाह किया लेकिन जब तक वह कुछ समझ पाते मालगाड़ी की चपेट में आ गये। यह हादसा झांसी के निकट बबीना स्टेशन के यार्ड में हुआ है। गिरीराज प्रसाद मीना की 9 माह पहले ही शादी हुई थी। स्व मीना (31) राजस्थान के कोटा जिले के गिरधरपुरा के रहने वाले थे। वह झांसी रेल मंडल के सिग्नल एंड दूरसंचार विभाग में टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत थे। उनकी ड्यूटी बबीना स्टेशन पर थी। इस हादसे में मृत रेलकर्मी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए ईसीआरकेयू बरकाकाना शाखा कार्यालय परिसर में एक शोक सभा आयोजित की गई। उक्त जानकारी देते हुए ए आई आर एफ के जोनल सेक्रेटरी ओ पी शर्मा ने आरोप लगाया है कि कर्मचारियों की कमी के कारण सिग्नल व टेलकम विभाग के सुपरवाइजर और तकनीशियन काम के दबाव में हैं, जिसके कारण वे घातक दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि रेलवे में करीब 25 प्रतिशत सिग्नल व टेलकम मेंटेनर्स (सिग्नल की देखरेख करने वाले) की भारी कमी है। कार्य के बढ़ते दबाव के कारण मौजूदा कर्मचारियों को चौबिसों घंटे काम के लिए उपलब्ध रहना पड़ता है। कर्मचारियों की कमी के भरपाई के लिए वर्तमान कर्मचारियों को अधिक काम करना पड़ता है। उसपर से सिग्नल तकनीशियन पर ट्रेन संचालन करने के लिए सिगनलिंग व्यवस्था को जल्द ठीक करने का अत्यधिक दबाव होता है और उस दबाव में कर्मचारी अपनी सुरक्षा के बारे में ध्यान नहीं रह पाते हैं। श्री शर्मा ने कहा कि 17 सितम्बर 2024 को एआईआरएफ ने रेलवे बोर्ड को विभिन्न विभागों के 32438 रिक्त पदों पर तत्काल बहाली करने के लिए दबाव बनाया है। साथ ही, ऐसे जोखिम भरे कार्य करने वाले सिगनल व टेलकम के कर्मचारियों को रिस्क एलाउंस स्वीकृत करने की मांग भी रखी गई है। इस शोकसभा में महेंद्र प्रसाद महतो, संजय कुमार, डी के नायक, ईश्वर, डी के मौईत्रा, गुलाम रब्बानी, रामचंद्र प्रसाद, अशोक महतो, इकरार अहमद, मो तालीब, धीरज पाण्डेय, राकेश रंजन सिंह सहित कई रेलकर्मी उपस्थित रहे।

## भुरकुंडा अंबेडकर भवन से होते हुए भुरकुंडा थाना एवं मतकामा चौक में किया गया अमित शाह का पुतला दहन



**पतरातू।** भुरकुंडा मतकमा चौक एवं थाना के पास अमित शाह का पुतला दहन किया गया। लोगों में इस बात को लेकर रोष था कि संसद में अमित शाह ने बाबा साहेब अंबेडकर का अपमान किया है। जिससे पूरे भारतवर्ष में एसटीएससी वर्ग के लोगों में नाराजगी है। इसके विरोध में पूरे भारतवर्ष में इस तरह का पुतला दहन किया जा रहा है। मौके पर हरी लाल बेदिया विजय राम राजन राम प्रदीप राम अशोक राम आजाद भैया चरकू गंझु दिलीप राम रामचंद्र राम अनिल एक्वा विजय मुंडा दिनेश राम शशि करमाली राम लखन मुंडा अजय मेहता सूरज करमाली उमेश राम राजन करमाली राजकुमार गोंडा अरविंद करमाली अरविंद कुमार श्याम सुंदर आदिवासी कृष्ण नायक बबलू कुमार उपस्थित रहे।

**बुधबाजार चीफ हाउस पंचायत के वृद्धा आश्रम के संचालक ने युवती के साथ की छेडछाड**

## नशे के हालत में सीसीएल के क्वार्टर में मिली युवती, युवती के साथ जोर-जबदस्ती करने का आरोपी ने किया प्रयास, आरोपी को हिरासत में लेकर भुरकुंडा पुलिस कर रही पुछताछ

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**भुरकुंडा ।** भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के रीवर साईड बुधबाजार चीफ हाउस पंचायत के एक सीसीएल क्वार्टर में ईमलीगाछ पंचायत निवासी सह वृद्धा आस्था आश्रम चलाने वाले संचालक मो. मुस्ताक अंसारी द्वारा एक युवती के साथ छेडछाड़ करने का मामला सामने आया है। भुरकुंडा पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर भुरकुंडा ओपी ले आई। मामले पर पुलिस मे कुछ भी बताने से इंकार कर रही है। बुधबाजार चीफ हाउस पंचायत के मुखिया विकास पांडेय ने बताया कि गुरूवार की रात्रि करीब सात बजे पंचायत भवन के पीछे सीसीएल के एक क्वार्टर से एक युवती के द्वारा प्लीज हेल्प मी की आवाज आ रही थी। आवाज सुनकर पंचायत के मुखिया विकास पांडेय अन्य लोगो के साथ वहां पहुंचे। लेकिन दरवाजा में बाहर से ताला लटका हुआ था। इसके बाद ताला को तोड़कर घर के अंदर गये तो एक युवती नशे के हालत में बार-बार हेल्प मी का आवाज लगाती दिखी। घर के अंदर इमलीगाछ पंचायत निवासी सह वृद्धा आस्था आश्रम संचालक मुस्ताक अंसारी को पकड़ा। इसके बाद स्थानीय लोगो ने भुरकुंडा पुलिस को इसकी सुचना दी। सुचना मिलते ही भुरकुंडा थाना के एसआई कुणाल कुमार दलबल के साथ पहुंचे। पुलिस ने वृद्धा आस्था आश्रम चला रहे आरोपी मुस्ताक अंसारी और युवती को अपने कब्जे में लेकर ओपी ले आये। भुरकुंडा थाना में पतरातु एसडीपीओ पवन कुमार और थाना प्रभारी निर्भय कुमार गुप्ता आरोपी से पुछताछ कर रहें हैं। वहीं मामले पर पुलिस जांच की बात कह कुछ भी बताने से इंकार कर रही है। इधर रीवर साइड बुधबाजार चीफ हाउस पंचायत के मुखिया विकास पांडेय ने बताया कि उन्हें दो-तीन माह पूर्व जानकारी मिली थी कि ईमलीगाछ का मुस्ताक अंसारी वृद्धा आस्था आश्रम के नाम पर देह व्यापार का धंधा चला रहा है। कई जगह पर वह पकड़ा भी गया है। लोगो द्वारा मारपीट कर पुलिस के हवाले भी किया गया था। लेकिन वह थाना से छुट जाता है। उन्होने बताया की गुरूवार को आरोपी चार महिला को लेकर आया था। जिसकी जानकारी स्थानीय लोगो ने उन्हें दी। जब वहां पहुंचे तो रूम में बाहर से ताला लगा हुआ था। लेकिन अंदर से हेल्प मी की आवाज आ रही थी। जब ताला तोडकर अंदर गये तो देखा की एक महिला बेड पर बेहोशी की हालत मे पड़ी हुई है और बेड के नीचे काफी उलटी किया हुआ था। वह नशे में धुत थी। जब पुलिस वहां पहुंची तो महिला ने बयान दिया कि मुस्ताक अंसारी ने उसके साथ जबरन जोर जबदस्ती करने का प्रयास किया। उन्होने कहा कि मामले को लेकर पंचायत के लोग भयभीत हैं। इधर पुलिस कुछ भी बताने से इंकार कर रही है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस आरोपी से पूछताछ में जुटी थी।

## गोला पुलिस ने किया एक अज्ञात शव बरामद

**पोस्टमार्टम के लिए भेजा सदर अस्पताल रामगढ़**

**रामगढ़/गोला।** गोला थाना क्षेत्र के कमता गांव में सड़क के किनारे से एक अज्ञात व्यक्ति का शव पुलिस ने बरामद किया है। शव मिलने के पश्चात आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। अहले सुबह ग्रामीणों की नजर अज्ञात शव पर पड़ा। जिसकी जानकारी तुरंत पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो पाई है। थाना प्रभारी अभिषेक प्रताप के द्वारा इसकी सुचना आसपास के थानों को भी दे दी गई है। पुलिस युवक की मौत के कारणों की जांच में जुट गई है।

## भदानीनगर सुद्दी राजकीय प्राथमिक मध्य विद्यालय में एक नाबालिग स्कूली छात्रा के साथ शिक्षक ने किया छेड़छाड़,पुलिस ने आरोपी शिक्षक को लिया हिरासत में

**पतरातू।** गुरु और शिष्या के रिश्ते को शर्मसार किया शिक्षक मुख्तार आलम ने पतरातू प्रखंड के भदानीनगर राजकीय प्राथमिक मध्य विद्यालय सुद्दी में एक नाबालिग स्कूली बच्ची के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया। जहां शिक्षक मुख्तार आलम ने स्कूल के टीफीन आवर में शौचालय गई एक नाबालिक चौथी क्लास की बच्ची के साथ छेड़छाड़ कर रहे थे। इस बात का खुलासा तब हुआ जब छात्रा दो दिन से स्कूल नहीं जा रही थी। परिजनों द्वारा स्कूल जाने का दबाव बनाए जाने के बाद बच्ची ने आपबीती परिजनों को सुनाई। यह बात सुनते ही परिजनों सहित आसपास के लोगों का गुस्सा फुटा और भदानीनगर ओपी परिसर में शुक्रवार को प्राथमिकी दर्ज कराई गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा चलंत लोक अदालत और विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**रामगढ़:** जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री आलोक कुमार दुबे के मार्गदर्शन में आज पब्लिक हाई स्कूल कुज्जू और नया मोड़ पर चलंत लोक अदालत के तहत विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एल.ए. डी. सी. न्याय रक्षक अभिनव कुमार, अधिकार मित्र आसीस कुमार और सुमित कुमार महतो ने भाग लिया। अभिनव कुमार ने उपस्थित लोगों को लोक अदालत, विधिक अधिकारों, सरकारी योजनाओं, और टोल फ्री नंबर 15100 के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम (LADC) के उद्देश्यों और प्रक्रियाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि LADC योजना का उद्देश्य सभी नागरिकों को न्याय सुलभ कराना है। यह प्रणाली गिरफ्तारी से पहले, रिमांड, जमानत प्रक्रिया और अपील तक, निशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करती है।विद्यालय में बच्चों को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि अपने माता-पिता और शिक्षकों के मार्गदर्शन का पालन करके वे अपने जीवन को सफल बना सकते हैं और नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकते हैं। बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में सचेत किया गया और बताया गया कि यह उनके स्वास्थ्य और भविष्य को नुकसान पहुंचा सकता है।इसके साथ ही, बच्चों को संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों के महत्व के बारे में समझाया गया। उन्होंने बच्चों से आग्रह किया कि वे अपने कर्तव्यों का पालन करें और समाज में एक जागरूक नागरिक बनें।झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, डोरंडा, रांची द्वारा प्रकाशित कानूनी पुस्तिकाओं को विद्यालय की लाइब्रेरी में रखा गया ताकि बच्चे और शिक्षक समय-समय पर इनसे कानूनी जानकारी प्राप्त कर सकें। बच्चों को सलाह दी गई कि वे इन पुस्तकों को पढ़ें और अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहें।

## मुखिया संघ पतरातू ने किया आवश्यक बैठक

**मुखिया संघ पतरातू के सभी मुखिया पतरातू पंचायत सचिवालय भवन के बाहर बैठक करते**

**पतरातू ।** पंचायत सचिवालय भवन पतरातू में शुक्रवार को मुखिया संघ पतरातू का आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पतरातू मुखिया संघ के अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह एवं संचालन पतरातू पंचायत के मुखिया गिरजेश कुमार ने किया। बैठक में उपस्थित सभी मुखिया गण आपस में विचार विमर्श करने के पश्चात सर्वसम्मति से निम्नलिखित निर्णय लिया। सरकार के द्वारा अबुआ आवास के चयन में ग्राम सभा का अवहेलना किया जाता है जिसका मुखिया संघ पुरजोर विरोध करता है और भविष्य में इस प्रकार की क्रियाकलाप होने पर मुखिया संघ आंदोलन को बाध्य होगा। पंचायती राज विभाग के द्वारा वर्तमान समय में जल मीनार रिपेयरिंग एवं लाइट रिपेयरिंग तथा साफ-सफाई के कार्य पर रोक लगाया गया है। जिस कारण पंचायत के लोग काफी परेशान है। मुखिया संघ संबंधित विभाग के पदाधिकारीयों से आग्रह करता है कि इस रोक को तत्काल हटाया जाए। ताकि जनता को सहूलिया मिल सकें। झारखंड सरकार द्वारा प्रदेश मुखिया संघ के साथ पांच बिन्दुओं पर सहमति बनी थी। जिसमें से एक भी बिंदु पर कार्रवाई नहीं की गई। इसका मुखिया संघ विरोध करते हुए सभी बिंदुओं पर सफल करवाई की मांग करती है। ग्राम सभा के आयोजन की सूचना समय से प्राप्त नहीं होने पर ग्राम सभा का सफल आयोजन संभव नहीं हो पाता है। पंचायती राज अधिनियम के अनुसार ग्राम सभा का आयोजन की तिथि की घोषणा कम से कम सात दिन पूर्व दिया जाना है। जिसकी समुचित व्यवस्था किया जाए। मुखिया संघ के कार्यकाल की समाप्ति के पश्चात 12/1/2025 को मुखिया संघ का पुनर्गठन किया जाएगा। वहीं मुखिया संघ पतरातू के बैठक में मुख्य रूप से मुखिया गिरिजेश कुमार, किशोर कुमार महतो, प्रीति झा, नूतन सिंह, निधि सिंह, श्यामली माहत्ता, अजीत कुमार, सुमन भारती, रीझन देवी, तिलेश्वर साव, गीता देवी, रीता देवी, विजय मुंडा, अजय पासवान, प्रदीप मांझी, विकास पांडेय, जितेंद्र मुंडा, विजेंद्र मुंडा, विकास कुमार नायक, विकास कुमार, संदीप उरांव, आनंद दुबे, रामनारायण कुमार, सत्यवंती देवी, रानी देवी, सावित्री देवी, जगदीश कुमार साव, किरण यादव आदि उपस्थित थे।

## विधायक ने सड़क का किया शिलान्यास

**पतरातू।** शुक्रवार को ग्राम कटिया कोतो का रोड डीएमएफटी फंड के माध्यम से पीएससी पथ निर्माण कार्य का सिलान्यास बड़कागांव विधानसभा के विधायक रोशन लाल चौधरी के हाथों किया गया। वही विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि इस रोड का शिलान्यास आज हम लोग कर रहे हैं यह रोड बनने से कई गांवों को जोड़ेगी। खासकर कटिया कोतो की जनता के लिए काफी सुविधा होगी और आने वाले दिन में इस तरह पूरे बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में विकास की गंगा बहेगी। शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य रूप से हजारीबाग लोकसभा के सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र सिंह जिला पार्षद शह मंडल अध्यक्ष भाजपा पतरातु राजाराम प्रजापति मुखिया सह मंडल उपाध्यक्ष किशोर कुमार महतो भाजपा नेता गणेश कुमार ठाकुर पंचायत समिति सदस्य अनीता जैन वार्ड सदस्य किरण देवी सुखदेव महतो निर्मल जैन डॉ अशोक कुमार पूर्व मुखिया गुनजरी देवी पारिजात कुमारी जलसहिया संगीता देवी ज्ञानी महतो सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## पतरातु डैम में पिकनिक के लिए आने लगे सैलानी, अन्य प्रदेशों से भी पहुंच रहे हैं लोग

**पतरातू।** पतरातु डैम उचरिंगा कटुआ कोचा के नव युवक विस्थापित संघ के दीपक सिंह का कहना है कि पतरातु डैम में पिकनिक के लिए सारी सुविधा उपलब्ध है। पतरातु लेक रिजॉर्ट बच्चों और बड़े लोगों तथा युवाओं के लिए घूमने तथा पिकनिक मनाने के लिए बहुत ही अच्छा स्थान है ।नौका विहार के लिए बहुत ही सुंदर व्यवस्था है। पतरातु घाटी और पलानी झरना भी यहां से मात्र 3 कि मी की दूरी पर स्थित है। झारखंड के अलावा वेस्ट बंगाल, बिहार, उड़ीसा से भी लोग यहां घूमने तथा पिकनिक मनाने आते है।सुरक्षा की बहुत अच्छी व्यवस्था है।गोताखोर की टीम है साथ ही नौका विहार के समय लाइफ जैकेट यात्रियों को दिया जाता है। पतरातू डैम में साइबेरियन पक्षी लुभा रहे हैं सैलानियों का मन।

# दलित अधिकार मंच ने झारखंड विस में बाबा साहेब की प्रतिमा स्थापित करने की उठायी मांग

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**रांची:** भारतीय बुद्धिस्ट सोसायटी ने आज धुर्वा स्थित पुराना विधानसभा क्लब में एक दिवसीय दलित अधिकार सम्मेलन का आयोजन किया. इस सम्मेलन में झारखंड विधानसभा में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित किये जाने की मांग उठायी गयी. दलित परिवारों ने इस मुद्दे को लेकर आगामी होने वाले सत्र में विधानसभा घेराव की योजना बनायी है. सम्मेलन में उपस्थित बुद्धिस्ट सोसायटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भंते जैनेंद्र कुमार और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने भी अपने विचार व्यक्त किये. उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य के गठन को 24 वर्ष हो चुके हैं, लेकिन अब तक राज्य में कही भी बाबा साहेब की प्रतिमा स्थापित नहीं की गयी है. सम्मेलन में वक्ताओं ने यह कहा कि 4, 5 और 6 जनवरी को हैदराबाद में दलित अधिकार मंच का महासम्मेलन आयोजित होगा, जिसमें हजारों अनुसूचित जाति के लोग शामिल होंगे.

**शाह की टिप्पणी का दलित अधिकार मंच ने किया विरोध**

दलित अधिकार मंच ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बाबा आंबेडकर को लेकर दिये गये हालिया टिप्पणी का विरोध किया. मंच का कहना है कि बाबा साहेब ने दलितों को जितनी शक्तियां दी थीं, उनका सही इस्तेमाल किया होता, तो आज अनुसूचित जातियां समाज हाशिये पर नहीं होतीं. भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियां संविधान की सुरक्षा नहीं कर सकतीं. कांग्रेस ने करीब 50-55 वर्षों तक देश का संचालन किया, लेकिन अनुसूचित जातियों और दलित समुदायों के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाये. उन्होंने कहा कि दस वर्षों से अनुसुचित जातियों को हिंदुत्व का पाठ पढ़कर समाज को तोड़ने का प्रयास हो रहा है. आज भी अनुसूचित जातियों को उनके वोटों के माध्यम से चुनावी राजनीति का हिस्सा बनाया जा रहा है, जबकि उन्हें समाज में सम्मानजनक स्थिति प्राप्त नहीं हो पायी है.

**झामुमो सरकार में अनुसूचित जाति आयोग का गठन नहीं हुआ**

दलित अधिकार मंच ने कहा कि झामुमो के शासन काल में अनुसूचित जाति आयोग का गठन नहीं किया गया, जिससे दलित परिवार के लोगों पर हो रहे शोषण और अत्याचार पर काबू पाने में कठिनाई हो रही है. मौके पर महेंद्र पाठक, सोनिया देवी, पशुपति कोल, आंध्र प्रदेश से टी राजा, मदन भुइया, सुरेश भुइया, छाया कोल, अजय कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित थे.

**दलित अधिकार मंच की ये हैं मांगें**

अंबेडकर आवास विद्यालय की स्थापना की जाये.

रांची में अनुसूचित जाति के बच्चों के लिए उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षा के लिए कोचिंग सेंटर की व्यवस्था की जाये.

सहकारिता विकास निगम लिमिटेड में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत अध्यक्ष की नियुक्ति की जाये.

अत्याचार और उत्पीड़न को रोकने के लिए एसपीजी ट्रायल कोर्ट की स्थापना की जाये.

भूमिहीन लोगों को 10 डिसमिल भूमि उपलब्ध कराई जाये.

खेती के लिए दो एकड़ भूमि का बंदोबस्त कराया जाये.

## गोस्सनर और मौलाना आजाद कॉलेज को मिलेंगे 10 शिक्षक



**रांची.** रांची विवि सिंडिकेट ने गुरुवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए लगभग 899 करोड़ 55 लाख रुपये के बजट सहित गोस्सनर कॉलेज के छह शिक्षकों और मौलाना आजाद कॉलेज के चार शिक्षकों की झारखंड लोक सेवा आयोग की नियुक्ति अनुशंसा पर मुहर लगा दी गयी. कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई बैठक में स्नातकोत्तर बॉटनी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ अनिल कुमार द्वारा स्वास्थ्य के आधार पर मांगी स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति को मंजूर कर लिया गया. डॉ अनिल कुमार वर्ष 2026 में सेवानिवृत्त होनेवाले थे. वहीं बैठक में नैक टीम के दौरे के बारे में जानकारी दी गयी. नैक दौरा के बाद एनुअल क्वालिटी एश्योरेंस रिपोर्ट (आकार) भरने और इसे नैक के पास भेजने की मंजूरी दी गयी.

**डॉ शशि शेखर के आठ वर्ष अनुपस्थित रहने के मामले में कमेटी बनी**

रामलखन सिंह यादव कॉलेज के शिक्षक डॉ शशि शेखर के करीब आठ वर्ष तक अनुपस्थित रहने के मामले में तीन सदस्यीय कमेटी से जांच कराने का निर्णय लिया गया. डॉ शशि शेखर ने वर्ष 2012 में पांच वर्ष का लियेन समाप्त होने के बाद भी कॉलेज में योगदान नहीं दिया. इस कमेटी में डॉ पंकज कुमार, डॉ मनोज कुमार और डॉ संजय शामिल हैं. बैठक में सिंडिकेट व वित्त समिति की पूर्व की बैठक के निर्णय की स्वीकृति दी गयी.

**ये थे उपस्थित**

बैठक में डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश कुमार साहू, प्रोक्टर डॉ एमसी मेहता, मारवाड़ी कॉलेज के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार, केओ कॉलेज गुमला की प्राचार्या डॉ शमशुन नेहार, पीजी भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ जितेंद्र शुक्ला, पीजी राजनीतिशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ संजय कुमार, पंकज कुमार, नाथु गाड़ी, रजिस्ट्रार विनोद नारायण, वित्त पदाधिकारी डॉ प्रीतम कुमार विशेष रूप से उपस्थित थे.

## यौन शोषण के आरोपी पूर्व डीसी को अग्रिम बेल देने से रांची सिविल कोर्ट का इनकार




**रांची:** रांची सिविल कोर्ट ने शादी का झांसा देकर महिला का 16 साल तक यौन शोषण करने के आरोपी सेवानिवृत्त डीडीसी अरविंद कुमार चौधरी को राहत देने से इनकार कर दिया है. सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त मनीष रंजन की कोर्ट ने अरविंद कुमार चौधरी की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया. साथ ही कोर्ट ने उनके बेटे मनीष आनंद की अग्रिम जमानत याचिका भी खारिज कर दी. जिससे दोनों की मुश्किलें बढ़ गयी हैं.

**शादी का झांसा देकर महिला के साथ बनाया शारीरिक संबंध**

महिला की ओर से सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता शिशिर राज ने कोर्ट में पक्ष रखा. उन्होंने बताया कि महिला नामकुम की रहने वाली है. विधवा महिला और अरविंद कुमार चौधरी की मुलाकात वर्ष 2008 में नौकरी को लेकर हुई थी. नौकरी देने का वादा करते हुए पाकुड़ में तैनात अधिकारी अरविंद कुमार ने महिला को मिलने के लिए बुलाया. फिर एक होटल में ले जाकर उसका यौन शोषण किया. जब महिला ने इसका विरोध किया तो उन्होंने उससे शादी करने का वादा किया. इस दौरान अरविंद कुमार ने अपने आपको कुंवारा बताया और महिला के संपर्क में रहा. लोहरदगा ट्रांसफर होने के बाद अरविंद कुमार ने फिर से महिला को बुलाया और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया. इसके बाद वर्ष 2012 में अरविंद कुमार डीडीसी पद से सेवानिवृत्त हो गये.

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,निफ्ट का वार्षिक क्रीडा महोत्सव संपन्न

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।






**राँची** । सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, निफ्ट में वार्षिक क्रीडा महोत्सव के अवसर पर विभिन्न प्रकार की खेलकूद प्रतियोगिता एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती पूजन के साथ हुआ । इस अवसर पर विद्यालय के भैया बहनों द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, सूर्य नमस्कार, योग एवं आसन की आकर्षक प्रस्तुति की गई। सामान्य दौड़, रस्सा कस्सी, सुई धागा, गोली चम्मच गणित दौड़ ,टॉफी रेस सहित अन्य प्रतियोगितायें हुई तथा सफल होने वाले भैया बहनों को मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद के झारखंड प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र ने कहा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद भी आवश्यक है। सरस्वती शिशु मंदिर भैया बहनों को उत्तम शिक्षा के साथ-साथ संस्कार देने का भी कार्य करती है। जिसके परिणाम स्वरूप शिशु मंदिर से शिक्षा प्राप्त बच्चे आज देश और समाज के कई विशिष्ट कार्यों में अपना योगदान दे रहे हैं। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष श्री कृष्णकांत प्रसाद एवं सहसचिव श्री एस वेंकटरमण विशेष रूप से उपस्थित थे। समारोह को सफल बनाने में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ अरुण कुमार गिरी, आचार्य राजीव कुमार रवि, रंजीत कुमार मिश्र, आचार्या श बीना गिरी, अर्चना सिंह, सीमा शर्मा, श्रीमती आशा कुमारी ,लवली गोस्वामी एवं अनिलता कुमारी का विशेष योगदान रहा।

## 50 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल और 1061 विद्यार्थियों को डिग्री मिली



**रांची.** राम कृष्ण धर्मार्थ फाउंडेशन (आरकेडीएफ) यूनिवर्सिटी का पहला दीक्षांत समारोह नामकुम स्थित विवि परिसर में हुआ. समारोह में 2019-2023 सत्र के 50 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल और स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पीएचडी के 1061 विद्यार्थियों को डिग्री दी गयी. उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए संजय चतुवेर्दी को मानव दर्शनशास्त्र में मानद उपाधि दी गयी. मुख्य अतिथि पूर्व कुलपति प्रो प्रवीणचंद त्रिवेदी ने विद्यार्थियों को सामाजिक सेवा और नैतिक मूल्यों के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया.

**भारतीय संस्कृति का मूल मंत्र है तमसो मा ज्योतिर्गमय**

उन्होंने कहा कि विवि ने भगवान बिरसा मुंडा और महेंद्र सिंह धौनी की धरती से समाज के वंचित लोगों को शिक्षा प्रदान करने का काम किया है. कहा भारतीय संस्कृति का मूल मंत्र तमसो मा ज्योतिर्गमय रहा है. संस्थानों को इसी उद्देश्य से कार्य करना होगा. नयी शिक्षा नीति छात्रों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखकर बनायी गयी है. देशहित के लिए छात्रों में नैतिक एवं चरित्र निर्माण शिक्षण संस्थानों का उद्देश्य होना चाहिए. साथ ही छात्रों में किताबी ज्ञान के साथ शिक्षा की स्थिति-परिस्थिति का भी ज्ञान होना जरूरी है. कौशल विकास जरूरी है. उन्होंने छात्रों से कहा कि समय बहुमूल्य है. सोशल मीडिया पर समय बर्बाद किए बिना समय प्रबंधन के साथ देशहित में काम करें. विशिष्ट अतिथि दिव्य प्रेम मिशन हरिद्वार के अध्यक्ष डॉ आशीष गौतम भईया, संत शिरोमणि प्रदीप कौशिक जी ने भी अपने विचार रखें. आरकेडीएफ विवि के निदेशक डॉ बीएन सिंह ने कहा कि विद्यार्थी डिग्री के साथ राज्य एवं देशहित में बेहतर करने की दिशा में काम करें. इस अवसर पर डॉ ज्योति कुमार, कुलपति डॉ शुचितांग्शु चटर्जी आदि उपस्थित थे.

## कुख्यात अपराधियों के घर पुलिस ने चस्पा किया इश्तेहार

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**पुलिस की ताबड़तोड़ छापेमारी के बाद अंडरग्राउंड हुआ कुख्यात सजाउद्दीन व उसका गुर्गा, पुलिस के प्रति जगा विश्वास**

**ठगी के मामले में पुलिस ने निकाला इश्तेहार**

**रांची :** रांची जिले के कई थानों के लिए वांटेड कुख्यात अपराधी सजाउद्दीन अंसारी वह उसके गिरोह के अपराधियों के घर पुलिस ने इशितहार चश्पा किया है। पिठोरिया थाना क्षेत्र के कोकदोरो निवासी कुख्यात सजाउद्दीन अंसारी के अलावा शाहिद उर्फ छोटू, और नैयर के घर पुलिस ने इस्तेहार चस्पा किया है। चूंकि पुलिस की ताबड़तोड़ छापेमारी के बाद कुख्यात सजाउद्दीन सहित उसके गुर्गे फरार हो गए हैं। सजाउद्दीन अंडरग्राउंड हो चुका है। इसके बाद पुलिस ने कोर्ट से इश्तेहार निकलवाने के बाद यह कार्रवाई की। गौरतलब है कि सजाउद्दीन की गिरफ्तारी नहीं होने से नाराज पीड़ित व ग्रामीणों ने थानेदार गौतम कुमार राय पर संरक्षण के आरोप लगाया था। लेकिन ताबड़तोड़ छापेमारी और त्वरित तौर पर इश्तेहार के बाद पुलिस के प्रति लोगों में विश्वास जगी है। शीघ्र सरेंडर नहीं करने से जल्द ही कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जायेगी। बताते चलें कि पुलिस ने सजाउद्दीन के खिलाफ एक सेना के जवान से ठगी करने के मामले में इश्तेहार चस्पा किया है।

**क्या पैदल परेड कराएगी पुलिस ?**

सूत्रों से खबर है कि कुख्यात सजाउद्दीन व उसके भांजा शाहिद उर्फ छोटू को पुलिस गिरफ्तार करने के बाद हथकड़ी लगाकर पिठोरिया थाना से पैदल परेड कराते हुए कोर्ट ले जाएगी। ताकि इलाके की शांति भंग करने वाले हर अपराधी को सबक मिलेगी। बताते चलें कि एसएसपी चंदन सिन्हा ने कुख्यात जमीन कारोबारियों और अपराधियों की गिरफ्तारी के बाद पैदल परेड की परिपाटी शुरू की थी। इसके बाद से कुख्यातों के पकड़े जाने बाद ऐसी कार्रवाई जारी है। अब देखना है कि क्या सजाउद्दीन के पकड़े जाने के बाद पुलिस ऐसा करती है या नहीं।रंगदारी के लिए किया था जानलेवा हमला : बीते 18 दिसंबर को कुख्यात अपराधी सजाउद्दीन और उसके गुर्गों ने जानलेवा हमला की घटना को अंजाम दिया था। घटना को लेकर सफदर सुल्तान ने कोकदोरो निवासी सजाउद्दीन अंसारी, शाहिद अंसारी उर्फ छोटू उर्फ तारीफ अंसारी, रमीज अंसारी, इरशाद अंसारी, खालिक अंसारी, बबलू उर्फ अर्सलान अंसारी, समशाद अंसारी, शहबाज अंसारी, और उपरकोनकी निवासी साहिल अंसारी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई थी। अपराधी महिंद्रा थार (JH01-FF-1471) और बलेनो कार (JH01-FB-3929) में सवार होकर पहुंचे थे। नवंबर में ग्रामीणों ने घेरा था थाना:::: पिछले महीने नवंबर में सजाउद्दीन व इसके गुर्गों ने रांची के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया था। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने थाने का घेराव कर जमकर हंगामा किया था। इस दौरान थाना प्रभारी ने सजाउद्दीन व उसके गुर्गों को दो दिनों के अंदर गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया था। इस आश्वासन के बाद ग्रामीण वापस लौटे थे। लेकिन, अब तक गिरफ्तारी नहीं हुई।

## रातू रोड स्थित जस्ट किड्स प्ले स्कूल और जे. के. पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव संयुक्त रूप से मनाया गया




**रांची।** रांची कशुक्रवार को रातू रोड स्थित जस्ट किड्स प्ले स्कूल और जे. के. पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव संयुक्त रूप से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सी. पी. सिंह दीप प्रजर्वलत कर कार्यक्रम की शुरूआत की और अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक मोमबत्ती की तरह होते है वे स्वंय जल कर विद्यार्थी के भविष्य को उज्जवलित करते है और बच्चों के संस्कार निर्माण का कार्य विद्यालय बखुबी कर रहा है। कार्यक्रम में बूंदा पानी, बोलो तारा रा. लुंगी डांरा, खाये के पान बनारस वाला, गुरू ब्रह्मा, योगा डांस तथा बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं पर एक भावपूर्ण नाटिका प्रस्तुत की गई। रॉकेट प्रक्षेपण के मॉडल LKG के विद्यार्थी यश कुमार के नाटक को भी अभिभावकों ने सराहा। प्रिंसपल डिम्पल अग्रवाल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों का सम्पूर्ण विकास होता है। कार्यक्रम के संचालन में सुरभी सिन्हा एवं वर्षा चौधरी ने किया। कार्यक्रम के संचालन में ज्योति सिन्हा, मेघना, कीर्ति, साक्षी, अनामिका और रेखा का योगदान रहा।

## रांची नगर निगम के नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 240 निगमकर्मियों की जांच की गयी



**रांची:** रांची नगर निगम में शुक्रवार को पथ विक्रेता शिकायत निवारण समाधान समिति एवं रांची नगर निगम की पहल पर नगर निगम के कर्मियों एवं पदाधिकारियों के लिए एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ साकेत व उनकी टीम ने निगम कर्मियों का मधुमेह, बीपी, पल्स, रक्तचाप, ईसीजी आदि की जांच की और चिकित्सीय सलाह दी. शिविर में 240 लोगों को जांच का गयी. चिकित्सकों ने नियमित स्वास्थ्य जांच से होने वाले लाभ एवं रोगो से बचाव के विषय पर विस्तृत जानकारी दी.

नियमित स्वास्थ्य जांच से अनेक प्रकार की बीमारियों से बचाव होता है

शिविर को सफल बनाने में निगम प्रशासक संदीप सिंह, अपर प्रशासक संजय कुमार सहित पथ विक्रेता शिकायत निवारण एवं समाधान समिति के अध्यक्ष कुमार दिनेश, सदस्य सतीश गिरी आदि ने योगदान दिया. समाधान समिति के अध्यक्ष कुमार दिनेश, ने कहा कि नियमित स्वास्थ्य जांच से अनेक प्रकार की बीमारियों से बचाव होता है. सही समय पर उपचार प्राप्त होने से किसी के भी जीवन को बचाया जा सकता है. उन्होंने हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ साकेत को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में योगदान देने के लिए धन्यवाद दिया.

## बड़े शहरों में एक ही भवन में होंगे चार थाने



**रांची .** राज्य के बड़े शहरों में अब एक ही भवन में चार तरह के थाने होंगे. इसके लिए बहुमंजिली इमरात का निर्माण किया जायेगा. भवन के एक मंजिल में साइबर थाना, दूसरे में महिला थाना, तीसरे में एससी-एसटी थाना और चौथे मंजिल पर एचटीयू थाना होगा. इंटीग्रेटेड थाना भवन के निर्माण के लिए यह योजना डीजीपी अनुराग गुप्ता ने तैयार की है. इसके क्रियान्वयन की जिम्मेवारी उन्होंने आइजी प्रोविजन पंकज कंबोज को सौंपी है. पुलिस मुख्यालय की ओर से इस योजना को पूरा कराने के लिए शुक्रवार को विभिन्न जिलों के एसपी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की जायेगी. इसमें एसपी से जमीन की उपलब्धता के आधार पर थाना निर्माण के लिए पुलिस मुख्यालय को प्रस्ताव तैयार कर भेजने को कहा जायेगा. पुलिस अधिकारियों के अनुसार, उक्त थाना भवन में महिला पुलिसकर्मियों के रहने के लिए अलग से बैरक की व्यवस्था होगी. इसके साथ ही यहां महिला पुलिस, पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों के लिए अलग से सुविधा होगी. अलग-अलग थाना के निर्माण से जहां एक ओर अधिक भूमि की आवश्यकता होगी, वहीं निर्माण पर अधिक खर्च भी होगा. वहीं, एक जगह सभी थाना होने से लोगों को सुविधा होगी.

## झारखंड में बढ़ेंगे मिल्क कलेक्शन सेंटर, मेधा डेयरी प्लांट का औचक निरीक्षण कर बोलीं मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची**-झारखंड के पशुपालकों के लिए अच्छी खबर है. कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने शुक्रवार को रांची के होटवार स्थित मेधा डेयरी प्लांट का औचक निरीक्षण कर कहा कि पशुपालन विभाग झारखंड में मिल्क कलेक्शन सेंटर में इजाफा करेगा. इसका उद्देश्य पशुपालकों से उचित मूल्य पर दूध लेकर उसका कलेक्शन करना है, ताकि बिचौलियों का सिंडिकेट खत्म किया जा सके. मेधा के उत्पादों को दूसरे राज्यों तक भी पहुंचाना है. इस दिशा में विभाग प्रयासरत है.

**10 लाख लीटर रोजाना दूध की है डिमांड**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि झारखंड में 10 हजार लीटर से दूध कलेक्शन का काम शुरू हुआ था. आज प्रतिदिन 3 लाख लीटर दूध का कलेक्शन हो रहा है, लेकिन बाजार की डिमांड 10 लाख लीटर प्रतिदिन है. इस कारण बाजार की डिमांड को दूसरी कंपनियां पूरा कर रही हैं, जबकि मेधा के उत्पाद की क्वालिटी सबसे अच्छी है.

**पशुपालकों को नहीं मिल रहा दूध का उचित मूल्य-शिल्पी नेहा तिर्की**

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि पशुपालक किसानों को दूध का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है. ग्रामीण इलाकों में बिचौलिए सक्रिय हैं. ऐसे में ये जरूरी है कि मिल्क कलेक्शन सेंटर में वृद्धि कर बिचौलियों के सिंडिकेट को खत्म किया जाए.


**मांडर की एक महिला की दूध से हो रही अच्छी कमायी-मंत्री शिल्पी**

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि रांची के मांडर की एक महिला 2016 से पशुपालन से जुड़ी है और आज दूध बेचकर हर महीने दो लाख रुपए कमा रही है. मेधा डेयरी प्लांट के उत्पाद को झारखंड ही नहीं, बल्कि दूसरे राज्यों तक भी पहुंचाना है. इस दौरान मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कैटल फीड प्रोडक्शन का भी निरीक्षण किया.

## उपायुक्त ने वीसी के माध्यम से सभी बीपीआरओ, प्रखंड समन्वयक, मुखिया एवं पंचायत सचिव के साथ बैठक की

# लंबित सभी प्रमाण पत्र को यथाशीघ्र निर्गत करना सुनिश्चित करें पंचायत : डीसी

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**



**पाकुड़ :** उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में सुशासन सप्ताह के सफल क्रियान्वयन को लेकर सभी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, सभी प्रखंड समन्वयक, पं०रा०स्व०परि०, सभी मुखिया एवं सभी पंचायत सचिव के साथ बैठक कर सुशासन सप्ताह में ग्राम पंचायतों में किये जाने वाले कार्यों के बारे में बताते हुए यथाशीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त महोदय द्वारा बताया गया की पूरे जिले में आपके साथ आपके लिए अभियान चला कर आमजनों द्वारा विभिन्न प्रमाण पत्र हेतु अप्लाई किये गए आवेदन को निष्पादित करते हुए प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाना है। इसी क्रम में सभी मुखिया एवं पंचायत सचिव को निर्देश दिया गया कि पंचायत स्तर पर लंबित सभी आवेदन, जन्म प्रमाणपत्र, मृत्यु प्रमाणपत्र, आय, निवास, पीएम-विश्वकर्मा को 24 दिसंबर से पूर्व नियमानुसार निष्पादित करते हुए निर्गत करना सुनिश्चित करेंगे।

**पंचायत सचिवालय भवन को आदर्श पंचायत सचिवालय भवन में करें तब्दील:–डीसी**

उपायुक्त के द्वारा पंचायत सचिवालय भवन को आदर्श पंचायत सचिवालय भवन में परिवर्तित करने हेतु पंचायत सचिवालय भवनों को प्रतिदिन ससमय खोलने, पंचायत सचिव द्वारा बायोमैट्रिक उपस्थिति दर्ज करने, वीएलई द्वारा पंचायत स्तर डिजिटल कार्यों का निष्पादन, आधारभूत सुविधा यथा पेयजल, क्रियाशील शौचालय, जनप्रतिनिधियों एवं पंचायत स्तरीय कर्मियों के कक्ष के आगे नेम प्लेट, नोटिस बोर्ड, वाइट बोर्ड, सुझाव पेटी, सभी कमरों के दरवाजों एवं खिड़कियों में पर्दा,पेपर स्टैंड एवं दैनिक समाचार पत्रों की उपलब्धता, झंडोतोलन हेतु स्थल का निर्माण आदि कार्य 30 दिसंबर तक पूर्ण करने का निर्देश सभी मुखिया एवं पंचायत सचिव को दिया गया।

**15 वें वित्त आयोग की राशि को खर्च में लायें तेजी:–डीसी**

बैठक के दौरान उपायुक्त मनीष कुमार ने 15 वें वित्त आयोग के तहत खर्च की जाने वाली राशि की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत स्तर एवं पंचायत समिति स्तर पर खर्च की गई राशि की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की। बैठक के दौरान उन्होंने ने संबंधित मुखिया एवं पंचायत सचिव को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत स्तर वार्ड सदस्यों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए 15 वें वित्त आयोग की राशि को खर्च करें। उन्होंने निर्देश दिया कि इस महीने के अंत तक 15 वें वित्त आयोग की राशि का 75 प्रतिशत राशि खर्च करना सुनिश्चित करें। 15 वें वित्त आयोग के तहत सड़कों की मरम्मती, क्लस्टर की मैनेजमेंट, शौचालय, पेयजलापूर्ति, जलस्त्रोतों की मरम्मती आदि के निर्माण पर राशि खर्च करें।

**ग्राम पंचायत विकास योजना 2025–26 को निर्धारित अवधि में पूर्ण करें**

ग्राम पंचायत विकास अभियान 2025-26 के कार्यान्वन की कार्य योजना एवं समय सीमा के अनुरूप ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का प्रशिक्षण, महिला सभा, बाल सभा, विशेष ग्राम सभा का आयोजन करते हुए चयनित थीम के अनुरूप 31 जनवरी तक ई० ग्राम स्वराज पोर्टल पर योजनाओं की शत प्रतिशत प्रविष्टि करने का निर्देश दिया गया।बैठक में जिला पंचायत राज पदाधिकारी प्रीतिलता मुर्मू, प्रभारी जिला परियोजना प्रबंधक आनंद प्रकाश समेत अन्य उपस्थित थें।

## दिव्यांग जोसेफ सोरेन ने लगाई फरियाद, उपायुक्त ने लगाया जनता दरबार में ऑन द स्पॉट उपलब्ध कराया इलेक्ट्रिक ट्राईसाइकिल



**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**

**पाकुड़ :** उपायुक्त मनीष कुमार के साप्ताहिक जनता दरबार में आज शुक्रवार को समाहरणालय के कार्यालय वेश्म में जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। सबकी समस्याओं को उन्होंने सुना और संबंधित विभाग के अधिकारीयों को पत्र अग्रसारित कर निष्पादन करने को लेकर निर्देशित किया।पाकुड़िया प्रखंड अंतर्गत बड़ासिंहपुर ग्राम से आये दिव्यांग जोसेफ सोरेन ने बताया कि मुझे चलने में काफी मुश्किल का सामना करना पड़ता है। जोसेफ सोरेन ने उपायुक्त से इलेक्ट्रिक ट्राई साइकल की मांग की। इस पर उपायुक्त ने समाज कल्याण पदाधिकारी को अविलंब ट्राईसाईकिल उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया, जिसके बाद तुरंत जोसेफ सोरेन को ऑन द स्पॉट उपायुक्त ने इलेक्ट्रिकल ट्राई साईकिल उपलब्ध कराया। साईकिल पाकर जोसेफ सोरेन ने उपायुक्त के प्रति आभार जताया।

## अभ्यर्थियों के व्यय लेखा का हुआ मिलान, उपायुक्त ने व्यय प्रेक्षक पाकुड़ को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**



**पाकुड़ :** व्यय प्रेक्षक संजय नरगस व जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार की उपस्थिति में अभ्यर्थियों व्यय लेखा जांच सूचना भवन के सभागार में किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार ने सभी को विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में सफल होने पर विभिन्न राजनैतिक दलों के अभ्यर्थी को धन्यवाद दिया। कहा कि चुनाव समाप्ति के पश्चात आयोग के निदेर्शानुसार अभ्यर्थियों की व्यय पंजी का मिलान किया जाता है। आगे उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग की ओर से खर्च के विभिन्न मदों का निर्धारण कर दिया गया है। इसमें हेलीकॉप्टर के खर्च लेकर सभा स्थल, प्रचार मद, भोजन, पानी और वाहन आदि के लिए अलग अलग दर की जांच की जा रही है। सभी अभ्यर्थियों को मूल व्यय पंजी के साथ उपस्थित है, जिसका मिलान कोषांग के टीम द्वारा किया गया। विधानसभा प्रत्याशी की अधिकतम खर्च सीमा 40 लाख रुपये है।व्यय प्रेक्षक संजय नरगस ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 78 के अनुसार प्रत्येक प्रत्याशी को परिणाम की घोषणा से 30 दिन के भीतर अपने चुनाव खर्च का ब्योरा जिला निर्वाचन पदाधिकारी के पास सौंपना अनिवार्य रहता है। इसमें प्रत्याशी और उसके एजेंट द्वारा किया गया खर्च शामिल होता है। इसमें नामांकन के दिन से रिजल्ट तक का खर्च का सारा ब्योरा एक प्रतिलिपि में होता है। साथ ही प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव आयोग व्यय पर्यवेक्षक तैनात किया जाता है, ताकि प्रत्याशियों के व्यय की जांच व निगरानी की जा सके।इस दौरान उपरोक्त के अलावे विभिन्न राजनैतिक दलों के अभ्यर्थी व अभिकर्ता, परियोजना निदेशक आईटीडीए अरुण कुमार एक्का, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह, नोडल पदाधिकारी सह राज्यकर पदाधिकारी नरेश चन्द्र, जिला सहकारिता पदाधिकारी चंद्रजीत खलखो व कर्मी आदि उपस्थित थे।

## मैट्रिक तथा इन्टर परीक्षा के पूर्व छात्रों की हो रही है परख

### साप्ताहिक परीक्षा, बेहतर परिणाम के लिए प्रशासन का पहल

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**



**पाकुड़ :** मैट्रिक और इंटर की परीक्षा से पहले विद्यार्थियों का सही ढंग से मूल्यांकन हो सके और जिले का रिजल्ट शत-प्रतिशत हो। इसी के मद्देनजर पाकुड़ में परख साप्ताहिक परीक्षा का आयोजन जिले के सभी विद्यालयों में किया जा रहा है। शुक्रवार को इसके सफल क्रियान्वयन को लेकर उपायुक्त मनीष कुमार ने पीएमश्री हरिणडांगा +2 विद्यालय एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में चल रहे परख साप्ताहिक परीक्षा का जायजा लिया।उपायुक्त मनीष कुमार ने सभी बच्चों से कहा कि जिले के सभी सरकारी स्कूलों में 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों का परख साप्ताहिक परीक्षा लिया जा रहा है, ताकि छात्रों की कमी को दूर किया जा सके। उपायुक्त ने कहा कि परख साप्ताहिक परीक्षा से बेहतर होगा रिजल्ट। मैट्रिक और इंटर के एग्जाम के तर्ज पर ओएमआर शीट के निगरानी में एग्जाम देने का प्रेशर, किस सवाल के जवाब ज्यादा समय लग रहा है उसका मूल्यांकन जैसी समस्याओं का समाधान बोर्ड एग्जाम से पहले ही परख साप्ताहिक परीक्षा के जरिए लिया जा रहा है। सभी बच्चों ने इसके लिए जिला प्रशासन की सराहना की। इस परीक्षा के बाद मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में गलती की संभावनाएं कम हो जाएगी और उनका रिजल्ट बेहतर होगा।मौके पर विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभूवन कुमार सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी अनीता पुरती, एपीआरओ पवन कुमार उपस्थित थे।

## आमजनों की समस्या से रूबरू हुए उपायुक्त, पदाधिकारियों को दिये निर्देश

**जनता की समस्याओं का समाधान हो सबकी प्राथमिकता : उपायुक्त**

**ऑन स्पॉट कई मामलों का किया गया निष्पादन**

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**



**पाकुड़ :** आम जनमानस के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त मनीष कुमार के द्वारा समाहरणालय सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान उपायुक्त द्वारा वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी गयी एवं आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जाँच कराते हुए जल्द से जल्द सभी का समाधान किया जाएगा। इसके अलावे जनता दरबार के दौरान शिक्षा से संबंधित मामले, जमीन से संबंधित मामले, चौकीदार एसीपी, ट्राई साईकिल आदि से संबंधित मामले एवं विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया गया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए, उसका समाधान जल्द से जल्द करें। इसके अलावे उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करे, ताकि शिकायतों के निष्पादन में आसानी हो।

## राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत विद्यालयों में कुल 2726 बच्चों का हुआ नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच



पाकुड़ : राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत आज कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में चल रहे स्वास्थ्य शिविर का उपायुक्त मनीष कुमार ने जायजा लिया। मेडिकल टीम ने विद्यालय के बच्चों का स्वास्थ्य जांच के उपरांत उन्हें खान-पान समेत कई आवश्यक सलाह दी। साथ हीं बच्चों को नि:शुल्क दवा भी दिया। दिनांक 16 दिसंबर को उपायुक्त मनीष कुमार के द्वारा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया था। इसी क्रम में दिनांक 16 दिसंबर से 19 दिसंबर तक कुल 2726 बच्चों का स्वास्थ्य जांच किया गया जिसमें दांत की समस्या -117, आँख की समस्या- 45, कान की समस्या-9, स्कीन की समस्या-39 एवं अन्य समस्या-146, कुल रेफर बच्चों की संख्या-199।

## पिंकी मंडल को बनाया गया रामभक्त सेवा दल की प्रदेश अध्यक्षा (मातृशक्ति) झारखंड



पाकुड़ : भारत सरकार से मान्यता प्राप्त रामभक्त सेवा दल के कार्यकारणी कमिटी के नेतृत्व में सर्व समिति से झारखंड प्रदेश अध्यक्षा (मातृशक्ति) के पद पर पिंकी मंडल को नियुक्त किया गया। संगठन के अधिकारियों ने नियुक्ति पत्र देकर प्रखर समाजसेवी, हिंदुत्ववादी छवि की पिंकी मंडल को प्रदेश अध्यक्षा के पद पर मनोनीत किया। बकायदा संगठन के सम्मानित पदाधिकारीगण ने अब से प्रदेश अध्यक्षा की जिम्मेवारी मिलने पर एवं पूरे झारखंड प्रदेश का दायित्व सुचारू रूप से निर्वहन कर संगठन को संचालित कर संगठन हित में कार्य कर संगठन को मजबूती प्रदान करने की सक्रियता के साथ सहमति जताते हुए शुभकामनाएं दी ।वहीं मौके पर संगठन के संस्थापक,कोर कमिटी एवं सदस्यों के साथ साथ प्रदेश के विभिन्न जगहों से आए सभी उपस्थित दिखे।साथ ही खबर मिलने तक उनको शुभकामनाएं देने का सिलसिला जारी था।

## विधायक निसात आलम की पहल लाया रंग, चापाकल दुरुस्त करने की कवायद तेज

**यासिर अराफात@ झारखंड उजाला ब्यूरो**



**पाकुड़ :** पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित लोकप्रिय विधायिका निसात अलम द्वारा क्षेत्र की सर्वांगीण विकास के मद्देनजर कई महत्वपूर्ण अवयवों को बास्तविक स्वरूप चरितार्थ करने की दिशा में अधिकारियों के संज्ञान में दिया है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान आम जनों के द्वारा विधायक निशात अलम के समक्ष पेश की गई अवयवों को धरातल पर वास्तविक स्वरूप देने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया गया है। उन्होंने आधार कार्ड नया तथा अपडेट हेतु हर पंचायत में व्यवस्था करने, राशन कार्ड में केवाईसी सन्बन्धित समस्या को सुधार करने, शहरी पेयजलापूर्ति योजना के तहत बने पेयजलापूर्ति स्टेशन को शीघ्र चालू करवाने, हर पंचायत 2024 -25 के तहत 10-10 चापाकल निर्माण/ स्थापित करने, खराब पड़े चापाकल को दुरुस्त करने, मच्छरों का प्रकोप बढ़ने के कारण शहर में फुक्किंग मशीन चलाई जाने सहित अन्य अवयवों को शीघ्र धरातल पर कायम करने की दिशा में निर्देश दिया था। जिस पर त्वरित अमल करते हुए खराब पड़े चापाकल को दुरुस्त करने की कवायद तेज कर दी गई है। साथ ही शहर में फॉगिंग मशीन चलायी गयी ह। इसके अलावे अन्य अन्य को भी वास्तविक स्वरूप देने हेतु अमली जामा पहनाया जा रहा है। साथ ही नवनिर्वाचित विधायिका निसात आलम के द्वारा झिकरहाटी पूर्वी मध्य विद्यालय व सीतापहाड़ी मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में अपग्रेड करने की दिशा में उपायुक्त को आवश्यक कारवाई करने का भी अनुरोध किया गया है।

## कांग्रेस का स्थापना दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु कांग्रेस कार्यलय में हुई बैठक

पाकुड़ : जिला कांग्रेस कार्यालय पाकुड़ में एक बैठक की गई जिसमें मुख्यातिथि के रूप में जिला प्रवेक्षक शशिभूषण राय अतिथि जगदीश साहू उपस्थित हुए बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्रीकुमार सरकार ने किया बैठक में 26 दिसंबर की गांधी जी के कांग्रेस अध्यक्ष बनने के 100 वर्ष पूरा होने पर प्रखंड जिला स्तर में कार्यक्रम करना है और 27 दिसंबर को कांग्रेस का स्थापना दिवस मनाना है बैठक में मुख्यातिथि ने कहा की जिस तरह से पाकुड़ संगठन ने विधानसभा चुनाव में एक रिकॉर्ड मत से जिताया है उसकी जितनी सराहना किया जाए कम है पाकुड़ संगठन हमेशा से कोई भी कार्यक्रम बहुत जोर सोर से करती है और आप लोग ये कार्यक्रम भी सफल बनाए इसी लिए मैं रांची से चल कर आपलोगो के बीच आया हूं बैठक में पाकुड़ प्रखंड अध्यक्ष मानसरुल हक, जिला प्रवक्ता मुख्तार हुसैन, कोषाध्यक्ष असद हुसैन, जिला अल्पसंख्यक अध्यक्ष शाहीन परवेज, अर्धेदु गांगुली, पप्पू गंगवानी, प्रमोद डुकानिया, मोनिता कुमारी, शहनाज बेगम, कृष्ण यादव, वंश राज गोप, प्रखंड उपाध्यक्ष अब्दुल बसिर सेख, हिरानपुर प्रखंड अध्यक्ष मनोवर आलम लिट्टीपाड़ा मुर्शीद आलम, बेलाल सेख, संतु चौधरी, रामविलास महतो नोजरुल सेख, जैकी, कमरुल सेख सहित आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मंईया सम्मान योजना के राज्य स्तरीय समारोह में पाकुड़ से 500 लाभुक करेंगे शिरकत, तैयारी पूरी



**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**

**पाकुड़ :** 28 दिसम्बर को मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना का राज्यस्तरीय कार्यक्रम रांची में प्रस्तावित है। इसके सफल क्रियान्वयन को लेकर शुक्रवार को उपायुक्त मनीष कुमार ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की।उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि मंईया सम्मान योजनाओं के तहत चयनित 500 लाभुकों को रांची भेजे जाने हैं। लाभुकों को रांची ले जाने के लिए वाहनों की व्यवस्था, चिकित्सा दल, पेयजल, गर्म पानी की व्यवस्था, सूखा राशन समेत विभिन्न तैयारियों को लेकर बिंदुवार चर्चा करते हुए सम्बन्धित पदाधिकारियों को सभी तैयारियां ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, जिला परिवहन पदाधिकारी संजय पीएम कुजूर, भूमि सुधार उप समाहर्ता मनीष कुमार, जिला पंचायत राज पदाधिकारी प्रीतिलता मुर्मू, विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभूवन कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी बसंती ग्लाडियस बाड़ा, कार्यपालक दंडाधिकारी कांति रश्मि, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, डीपीएम जेएसएलपीएस श्री प्रवीण मिश्रा समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सिकल सेल एनीमिया निवारण तथा प्रबंधन हेतु गठित जिला स्तरीय उपसमिति की बैठक

# बैठक में सिकल सेल एनीमिया की नियमित जांच एवं उपचार सहित अन्य बिंदुओं पर दिए गए जरूरी दिशा निर्देश

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**



**गोड्डा :** समाहरणालय सभागार में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त, गोड्डा श्री जिशान कमर की अध्यक्षता में सिकल सेल एनीमिया निवारण तथा प्रबंधन हेतु गठित जिला स्तरीय उपसमिति की बैठक आहूत की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त को सिविल सर्जन द्वारा सिकल सेल एनीमिया के विकारों एवं लक्षणों के बारे में जानकारी दी गई। बताया कि सिकल सेल एनीमिया वंशानुगत विकारों के एक समूह में से एक है। जिसे सिकल सेल रोग के रूप में जाना जाता है। यह लाल रक्त कोशिकाओं के आकार को प्रभावित करता है, जो शरीर के सभी भागों में ऑक्सीजन ले जाते हैं। मुख्य रूप में लाल रक्त कोशिकाएं गोलाकार होती है। लेकिन सिकल सेल में लाल रक्त कोशिकाएं हंसुआ की तरह हो जाती है। इससे पूरे शरीर में ऑक्सीजन की आपूर्ति पर्याप्त रूप से नहीं होती। इससे मरीज मंदबुद्धि, कमजोर समेत अन्य चीजों से ग्रसित हो जाते हैं।उपायुक्त ने बैठक के दौरान सिकल सेल एनीमिया के निवारण तथा प्रबंधन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने एनीमिया निवारण के लिए जागरुकता अभियान चलाने को कहा। उन्होंने सिकल सेल एनीमिया से ग्रस्त बच्चों एवं लोगों की पहचान के लिए स्क्रीनिंग करने का निर्देश दिया ताकि समय पर इसका इलाज किया जा सके। इसके अलावा उपायुक्त ने निर्देश देते हुए सिकल सेल एनीमिया की जांच सुनिश्चित करने के लिए सिविल सर्जन एवं सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्र में आने वाली गर्भवती महिलाओं को एंटी नेटल चेकअप में सिकल सेल एनीमिया की जांच एवं इसके रोकथाम के लिए समुचित कार्रवाई करें। वहीं इसके लिए सभी जगह पर जांच की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ साथ एनीमिया निवारण तथा प्रबंधन के लिए अन्य जरूरी बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी गण सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मीगण मौजूद थे।

# 194 चौकीदार पदों पर नियुक्ति के लिए 10 परीक्षा केन्द्रों पर कदाचार मुक्त लिखित परीक्षा संपन्न

### उपायुक्त ने केन्द्राधीक्षकों को कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन को लेकर दिए थे निर्देश

**जागेशवर कुमार @ झारखंड उजाला ब्यूरो।**

**हजारीबाग।** चौकीदार के रिक्त पदों की भर्ती के लिए आज लिखित परीक्षा आयोजित की गई। यह लिखित परीक्षा विधि व्यवस्था संधारण के साथ-साथ निष्पक्ष, कदाचार मुक्त, स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। हजारीबाग जिला से कुल 194 चौकदार पदों के लिए 20 दिसंबर परीक्षा आयोजित की गई। गौरतलब है कि 20 दिसंबर को आयोजित लिखित परीक्षा का परीक्षाफल जल्द ही प्रकाशित किया जाएगा। लिखित परीक्षा के परिणाम के उपरांत दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन होगा। आज संपन्न हुए सभी परीक्षा केंद्रों में उपायुक्त श्रीमती नैंसी सहाय के निदेर्शानुसार सीसीटीवी अधिष्ठापन, पेयजल, शौचालय, विद्युत व्यवस्था की समुचित की गई थी। साथ ही सभी केन्द्रों में पर्याप्त संख्या में दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई थी। परीक्षा की अवधि परीक्षा की अवधि डेढ़ घंटे की थी,जिसका समय पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक थी। परीक्षा कक्ष में इलेक्ट्रॉनिक गेजेट्स पूर्णतः प्रतिबंधित थी। प्रवेश के पूर्व प्रत्येक परीक्षार्थियों का फ्रीस्किंग किया गया। लिखित परीक्षा कुल 50 बहुविकल्पीय प्रश्नों थी, जिसमें 35 प्रश्न सामान्य ज्ञान एवं 15 प्रश्न अभ्यर्थी द्वारा आवेदन में अंकित किए गए स्थानीय भाषा से सम्बंधित थे। प्रश्न जिला से संबंधित सामान्य ज्ञान एवं स्थानीय भाषा से संबंधित थे। लिखित परीक्षा में कुल प्राप्तांक के अनुसार सफल उम्मीदवारों की शारीरिक जांच की जाएगी। इस परीक्षा के लिए अलग से प्रवेश पत्र निर्गत नहीं किया जाएगा। पूर्व में निर्गत प्रवेश पत्र ही अनुमान्य होंगे।

# समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित शक्ति सदन में आवासित बालिका को प्रशासन के प्रयास ने परिवार से मिलाया

## आवासित बालिका लगभग 5 वर्ष से अपने परिवार से थी दूर

**जागेशवर कुमार @ झारखंड उजाला ब्यूरो।**



**हजारीबाग।** जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, हजारीबाग श्रीमती शिप्रा सिंहा के दिशा-निर्देश पर एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। विदित हो कि समाज कल्याण विभाग अन्तर्गत जिले में शक्ति सदन का संचालन किया जा रहा है जो पूर्व में स्वाधार गृह एवं उज्जवला होम के नाम से संचालित था। इस शक्ति सदन में शोषण अथवा उत्पीडन की पीडिता महिलाओं को अल्पकालिक आश्रय एवं पुनर्वास की व्यवस्था की जाती है। उल्लेखनीय है कि शक्ति सदन में आवासित एक बालिका लगभग 05 वर्ष पूर्व अपने माता-पिता व परिवार से भटक गई थी जिसे पुलिस के द्वारा 16 अक्टूबर को संस्था को सुपुर्द किया गया था। संबंधित बालिका के साथ उत्पीडन किए जाने के कारण वह अपने घर-परिवार के बारे में स्पष्ट रूप से कुछ बताने में सक्षम नहीं थी। बालिका से पूछताछ पर वह अपना घर चतरा जिले के नवाटाँड बता रही थी। ऐसी स्थिति में चतरा जिले के बाल कल्याण समिति से संपर्क स्थापित किया गया तथा संबंधित क्षेत्र का सत्यापन किये जाने हेतु अनुरोध किया गया था परन्तु सफलता नहीं मिली। तत्पश्चात अन्य स्त्रोतों से भी जानकारी प्राप्त की गई, परन्तु कोई स्पष्ट जानकारी नही मिल पाई।

तदोपरांत जिला समाज कल्याण पदाधिकारी हजारीबाग के निर्देश पर दो सदस्यीय टीम का गठन किया गया, जिसमें विधि-सह-परिवीक्षा पदाधिकारी राकेश कुमार सिंह एवं शक्ति सदन की प्रभारी प्रतिमा कुमारी थे। साथ ही साथ आवश्यक सहयोग के लिए बाल कल्याण समिति के सदस्य मुन्ना पाण्डेय एवं महिला पर्यवेक्षिका अनुसूइया कुमारी को भी शामिल कर लिया गया था। इस टीम के सदस्यों ने बालिका को लेकर सरकारी वाहन में उसके घर परिवार के खोजबीन के लिए निकल गई। काफी खोजबीन करने के उपरांत उक्त बालिका का घर परिवार हजारीबाग जिले में ही कदमा के समीप नवाटाँड गाँव में मिला। अपने घर पहुँचते ही बालिका ही नहीं बल्कि उसके परिवार वाले भी काफी खुश हो गये। उसके परिवार वालों से पूछे जाने पर बताया गया कि उसके गुमशुदगी के बाद लगभग दो वर्षों तक खोजबीन किया गया था परन्तु पता नही चलने पर संबंधित थाने को सूचित करते हुए खोज बीन करना छोड दिये थे। ज्ञातव्य है कि उक्त बालिका के पिता का देहान्त हो चुका है एवं माँ भी शारीरिक रूप से चलने फिरने में लाचार है। उसकी शादी भी पदमा प्रखण्ड निवासी एक लड़के से कर दिया गया था, परन्तु वह शराब पीकर पति के द्वारा उसके साथ मार-पीट किया जाता था। जिसके कारण घर से निकल गई थी, तथा मानसिक स्थिति असामान्य हो गई थी।

# मार्शलिग यार्ड मे चली मजदूर प्रमोद पर गोली का ग्रामिणो का आक्रोश जायज : माले

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**



**सिन्दरी/धनबाद।** दिनांक 20 दिसम्बर को मार्शलिग यार्ड मे मजदूर प्रमोद को गोली लगने पर माले की एक आपातकालीन बैठक हुई। दहस्त गर्दी के खिलाफ आक्रोशित ग्रामीणो के साथ माले के तत्वावधान मे एक अकस्मात बैठक परसबनिया के मुखिया राजाराम रजक के अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक मे निर्णय के अनुसार एक 12 सदस्यों की जांच कमेटी का गठन किया गया। यह कमेटी दो दिन के अंदर अपनी जांच रिपोर्ट पार्टी को सपेगी। सर्वप्रथम कमेटी के सदस्यों ने पीडित परिवार से उनके आवास पर मुलाकात कर हर संभव मदद की पेशकश की। कमेटी के सदस्यों ने पाया कि परिवार चिकित्सा कराने में असमर्थ है। कमेटी सदस्यो ने ठेकेदार विनोद यादव से दूरभाष पर बात कर तत्काल इलाज कराने के लिए कहा। जिस पर ठेकेदार द्वारा पिडित प्रमोद की पत्नी रूबी यादव के बैंक अकाउंट पर पैसे ट्रांसफर किए। कमेटी ने बलियापुर थानाध्यक्ष भारती जी से मिलकर अपना आक्रोश व्यक्त किया और जांच मे तेजी लाने को कहा गया।थानाध्यक्ष ने जांच मे तेजी लाने का आश्वासन दिया। बैठक मे ग्रामिणो के साथ बैठक मे राज्य कमेटी सदस्य सुरेश प्रसाद, जिला सदस्य सुधीर महतो, कृष्णा महतो, विमल रवानी के साथ मंगल महतो,बबलू माहतो ,राजाराम रजक, मधु दास, ध्रुव दास, मनोज रवानी, दीपक महतो, छोटन चटर्जी, जितू सिंह, विरिन्चि महतो के साथ आक्रोशित ग्रामीण

# ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन पाकुड़ शाखा का प्रयास लाया रंग

**अब स्टेशन मास्टर रात्रि प्रहर में केवल तीन दिन लगातार ड्यूटी करेंगे एवं पोटर की ड्यूटी लगातार दो दिन रात्रि का होगा**

**यासिर अराफात@ झारखंड उजाला ब्यूरो**



**पाकुड़ :** ईस्टर्न रेलवे मंचूरियन पाकुड़ शाखा के शाखा सचिव कामरेड संजय कुमार ओझा ने बताया कि नलहटी से लेकर गुमानी तक कार्यरत स्टेशन मास्टर एवं पोटर की ड्यूटी लगातार 7 दिनों तक रात्रि प्रहर में होने के कारण उन्हें कई प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता था ।काफी दिनों से मांग थी की रात्रि ड्यूटी की संख्या लगातार 7 दिन के जगह तीन दिन होनी चाहिए ।इसे लेकर संगठन द्वारा प्रयास किया जा रहा था एवं लगातार प्रयास के फलस्वरुप उसमें अपेक्षित सफलता मिली है ।अब स्टेशन मास्टर रात्रि प्रहर में केवल तीन दिन लगातार ड्यूटी करेंगे एवं पोटर की ड्यूटी लगातार दो दिन रात्रि का होगा । लगातार रात्रि प्रहर में ड्यूटी कम होने से कर्मचारियों की स्वास्थ्य संबंधी समस्या से निजात मिलेगी । इस पर काफी दिनों से प्रयास किया जा रहा था ,जिसमें हमारे शाखा के उपाध्यक्ष कामरेड अरुण कुमार शाहा जी ने नए रोस्टर बनाने में काफी मेहनत की और वह नलहटी से लेकर गुमानी तक के सभी परिचालन विभाग के कर्मचारियों के पर्यवेक्षक भी हैं , जिन्होंने संगठन के सहयोग से इस कार्य को अंतिम रूप देने में काफी मेहनत की है । इससे इस क्षेत्र के परिचालन विभाग के कमी काफी खुश हैं ।संगठन द्वारा चतरा ,मुरारई दोनों जगह पर प्रत्येक शिफ्ट में दो पोर्टर दिए जाने का प्रयास कर रहा है ।तथा नलहटी ,चतरा, राजग्राम में उनकी ड्यूटी को 8 घंटा करने का प्रयास लगभग अंतिम चरण में है ।आने वाले समय में पाकुड़ शाखा द्वारा जो कार्य अधूरे हैं, उनको यथाशीघ्र पूरा करने का प्रयास किया जाएगा ।

# सदर अस्पताल सोनाजोड़ी में दिव्यांग जांच शिविर का हुआ आयोजन

उपायुक्त ने कहा कि 4 जनवरी को सदर अस्पताल में महिला से संबंधित स्वास्थ्य मेगा शिविर का आयोजन किया जाएगा,इस शिविर में सर्वाइकल कैंसर, आंख से संबंधित समस्याओं का ईलाज किए जायेंगे

**यासिर अराफात@झारखण्ड उजाला ब्यूरो**



**पाकुड़ :** सदर अस्पताल सोनाजोड़ी में शुक्रवार को दिव्यांग जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन उपायुक्त मनीष कुमार, सिविल सर्जन डॉक्टर मंटू टेकरीवाल, विशेष कार्य पदाधिकारी एवं डॉक्टरों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।शिविर में डॉक्टर शाहबाज हुसैन, डॉक्टर सत्यप्रकाश, डॉक्टर तापस मुर्मू, डॉक्टर सदानंद के द्वारा विभिन्न गांव से आए हुए दिव्यांग जनों की जांच की गई। उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि यह शिविर दिव्यांग जनों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सकेगा और उनकी जिंदगी में सुधार हो सकेगा। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र के आधार पर ही दिव्यांगजन सरकारी लाभ का फायदा उठा सकते है। उपायुक्त ने कहा कि 18 एवं 19 दिसंबर को लगाए गए शिविर में 300 से अधिक लोगों का शिविर में जांच किया गया है। दिव्यांगों को सरकार के द्वारा कई तरह के लाभ दिए जा रहे हैं। साथ ही उन्होंने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को अपने कार्य के प्रति पूरे लगन एवं मेहनत के साथ कार्य करने का निर्देश दिया।मौके पर डॉ० अमित कुमार, डॉ० एस के झा समेत अन्य चिकित्सक उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने जेएसएलपीएस के कार्यों का किया समीक्षा

# 24 दिसंबर को सखी दिवस एवं 11 जनवरी को सखी संवाद कार्यक्रम करने का दिया निर्देश

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**



**पाकुड़ :** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त श्री मनीष कुमार की अध्यक्षता में झारखंड राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (जेएसएलपीएस) पाकुड़ का समीक्षात्मक बैठक की, जिसमें मुख्य रूप से एनआरएलएम द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से समीक्षा किया गया। उपायुक्त के द्वारा निर्देश दिया गया कि दिंनक 24 दिसम्बर को सखी दिवस मनाया जायेगा। उस दिन जिले के सभी सखी मंडलों की बैठक आयोजित कर उनकी निर्धारित गतिविधियों करना है। 11 जनवरी को सखी संवाद किया जायेगा जिसमें प्रगतिशील महिला किसानों द्वारा अपने अनुभव की प्रस्तुतिकरण देनी है तथा उनको उस विशिष्ट उपलब्धि हेतु सम्मानित भी किया जाएगा। साथ ही साथ अधिक से अधिक प्रगतिशील किसानों का सफलता की कहानी भी प्रस्तुत किया जाना है। उपायुक्त ने कहा कि, बरबट्टी, कच्चु, जुट, दुध, पोल्ट्री तथा मशरूम क्लस्टर को विकसित करने हेतु आवश्यक योजना बनाने का निर्देश जिला कार्यक्रम प्रबंधक को दिया गया है। बैंक क्रेडिट लिंकेज हेतु सभी योग्य सखी मंडलों के आवेदन 30 दिसबंर तक बैंक के शाखाओं में जमा करने का निर्देश सभी प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक को दिया गया। उपायुक्त ने विशेष जोर देते हुए कहा कि किसी भी समूह के सदस्यों के घर का कोई भी छात्र या छात्रा दसवीं या बारवीं का परीक्षा देने से वंचित ना रहे।बैठक में जिला कार्यक्रम प्रबंधक, सभी जिला प्रबंधक, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, यंग प्रोफेशनल, सामुदायिक समन्वयक, बीएपी/पीआरपी समेत अन्य उपस्थित थे।

## जानकारी

# क्या आप वाकई में जानते हैं कंघी करने का सही तरीका?

**अपनाएं ये टिप्स कभी नहीं झड़ेंगे बाल**

आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाने में आपके लंबे घने बालों का बहुत बड़ा हाथ होता है। खूबसूरत काले घने बालों की ख्वाहिश हर किसी की होती है, पर कई बार अनजाने में की गई कुछ गलतियों की वजह से आपके बाल रूखे और बेजान होकर समय से पहले ही पतले और बेजान हो जाते हैं। इन्हीं गलतियों में से एक गलती है बालों में गलत तरह से कंघी करना, जिसकी वजह से बालों के झड़ने की समस्या उत्पन्न होने लगती है। तो आइए, जानते हैं आखिर क्या है बालों को कंघी करने का सही तरीका, जिसकी मदद से आप भी पा सकते हैं स्वस्थ घने लंबे बाल।

आजकल की भागदौड़ और स्ट्रेस भरी जिंदगी में लोग सोचते हैं कि स्ट्रॉन्ग और सिल्की बालों के लिए अच्छा शैंपू, कंडिशनिंग और ऑयल का इस्तेमाल काफी रहता है। पर क्या आप जानते हैं बालों की सेहत बनाए रखने में बालों की एक्सरसाइज का भी बहुत बड़ा हाथ होता है।



### कंघी से होती है बालों की एक्सरसाइज

अच्छी क्वालिटी के शैंपू, कंडिशनिंग और ऑयल के साथ कंघी करने के सही तरीके से भी आप अपने बालों की ग्रोथ को अच्छा कर सकते हैं। कंघी बालों की एक तरह की एक्सरसाइज होती है। सही तरह से कंघी करने से सिर में ब्लड सर्कुलेशन इंप्रूव होता है।

### दिन में इतनी बार करें बालों में कंघी

हेयर स्टाइलिस्ट अक्सर लोगों को ये सुझाव देते हैं कि पूरे दिन में कम से कम 3 से 4 बार कंघी करने से बालों को फायदा पहुंचता है, लेकिन कंघी करते समय इस बात का ध्यान रखना बेहद जरूरी है कि कंघी बालों के सिरों तक पहुंचनी चाहिए। ऐसा करने से सिर का ब्लड सर्कुलेशन इंप्रूव होने से बालों की ग्रोथ अच्छी होती है।

### बालों की सेहत बनाए रखने के लिए ऐसे करें कंघी

बालों की सेहत बनाए रखने के लिए सीधे कंघी करना सबसे अच्छा रहता है। ऐसा करने से बाल मजबूत बनने के साथ उनकी ग्रोथ भी अच्छी होती है। इसके अलावा रोजाना इस तरह कंघी करने से व्यक्ति को दो मुंहे बालों की समस्या से भी जल्द छुटकारा मिल जाता है। यदि आपके बाल अक्सर रूखे रहते हैं तो कंघी करने से पहले बालों में सीरम लगाकर पहले उन्हें मुलायम बना लें। ऐसा करने से भी आपके बाल नहीं टूटेंगे।



# क्या हाई ब्लड प्रेशर हमेशा बुरा होता है

हाई ब्लड प्रेशर सुनते ही इससे होने वाली तरह-तरह की बीमारियां आंखों के सामने आ जाती हैं, किंतु आपने कभी सोचा है कि यह सेहत के लिए फायदेमंद भी हो सकता है? जर्मनी में बर्लिन की चैरिट यूनिवर्सिटी ने इस पर अध्ययन किया तो चौंकाने वाले नतीजे सामने आए। शोधकर्ताओं के अनुसार, बुढ़ापे में हाई ब्लड प्रेशर कई तरह से फायदेमंद होता है। 80 साल से ज्यादा उम्र के जिन लोगों में हाई ब्ल्ड प्रेशर होता है, वो लो ब्लड प्रेशर वालों से ज्यादा जिंदा रहते हैं। यूरोपियन हार्ट जर्नल में प्रकाशित इस रिपोर्ट के अनुसार, अध्ययन 2009 में शुरू हुआ था। तब इसमें शामिल लोगों की उम्र 70 वर्ष या अधिक थी। अब उनकी उम्र 80 वर्ष या इससे अधिक है। हर दो साल में इन लोगों के सेहत की जांच की गई।

## जानिए ब्लड प्रेशर से जुड़े 5 बेहद जरूरी सवालों के जवाब

अनुसंधानकर्ताओं ने पाया कि 80 वर्ष से अधिक आयु के जिन लोगों का रक्तचाप कम (140/90 मिमी एचजी या इससे कम) था, उनकी मृत्यु दर अधिक रक्तचाप वालों से 40 प्रतिशत अधिक थी। यहां तक कि जिन बुजुर्गों में पहले हार्ट अटैक या स्ट्रोक आ चुका है, उनको भी हाई ब्लड प्रेशर का लाभ मिला है।

रिसर्चस की टीम इस बात पर भी जोर देती है कि 140/90 मिमी एचजी से कम रक्तचाप वाले लोगों में उन लोगों की तुलना में मृत्यु का जोखिम 61 प्रतिशत अधिक था, जो ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने की दवाएं ले रहे हैं, फिर भी यह कम नहीं है।

### जानिए, सेहत के लिए कितना नुकसानदायक है ब्लड प्रेशर

ब्लड प्रेशर सेहत के लिए कितना नुकसानदायक है? उच्च रक्तचाप या हाई ब्लड प्रेशर हर साल लगभग 10 मिलियन भारतीयों को अपना शिकार बनाता है। यदि यह स्थिति लंबे समय तक रहे और दवाओं के बावजूद नियंत्रित न हो तो धमनियों को नुकसान पहुंच सकता है। धमनियां सिकुड़ जाती हैं, जिसका असर रक्त के प्रवाह पर पड़ता है, जिससे स्ट्रोक और हार्ट अटैक जैसी गंभीर बीमारियां हो सकती हैं।

### ब्लड प्रेशर की जांच कब करनी चाहिए?

एम्स के डॉ. नबी वली के अनुसार, यदि आप घर पर ब्लड प्रेशर की जांच करते हैं तो यह जानना जरूरी है कि दिनभर में ब्लड प्रेशर में काफी उतार-चढ़ाव आता है। इसलिए दिनभर में 5-6 बार इसे मापना चाहिए। वैसे दवाई लेने से पहले ब्लड प्रेशर की जांच जरूर करना चाहिए।

### क्या हाई ब्लड प्रेशर हो तो एक्सरसाइज करना चाहिए?



विभिन्न अध्ययनों से पता चलता है कि व्यायाम न केवल आपके ब्लड प्रेशर को स्वाभाविक रूप से कम कर सकता है, बल्कि अन्य कई तरह से अच्छे स्वास्थ्य में मदद करता है। अक्सर लोग इस बात को लेकर उलझन में रहते हैं कि हाई ब्लड प्रेशर के दौरान उनको व्यायाम करना चाहिए या नहीं? जवाब है- हाई ब्लड प्रेशर से पीड़ित होने पर नियमित रूप से व्यायाम करना बिल्कुल भी बुरा नहीं है। वास्तव में, कार्डियोवस्कुलर या एरोबिक एक्सरसाइज ब्लड प्रेशर के स्तर को कम करने और हार्ट को मजबूत बनाने में मदद कर सकते हैं।

### क्या शराब के सेवन से ब्लड प्रेशर बढ़ता है?

शराब और हाई ब्लड प्रेशर का सीधा संबंध है। जितनी अधिक शराब, उतना ज्यादा ब्लड प्रेशर। जो लोग एक दिन में तीन या इससे अधिक गिलास शराब का सेवन करते हैं, उनकी जान जोखिम में है।

### दिन में सोने से बीपी बढ़ता है या कम होता है?

दिन में एक छोटी सी झपकी फायदेमंद बताई गई है और ब्लड प्रेशर को लेकर भी यही बात है। दिन में झपकी लेने से ब्लड प्रेशर को लो रखने में मदद मिलती है। इसके साथ ही हार्ट संबंधी अन्य बीमारियों की आशंका भी कम होती है, लेकिन ध्यान रहें कि ज्यादा देर की नींद नुकसानदायक हो सकती है।

## सेहत

# गुणों का भंडार है लहसुन, कैसे करें इसका सेवन?



पुराने समय में मिस्र के लोग सेहत को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए रोज लहसुन खाया करते थे। आज के शोधकर्ता भी इस बात से सहमत हैं कि लहसुन बढ़े स्तर पर एक एंटीबायोटिक का काम करता है। यह बैक्टीरिया-रोधी, फफूंद-रोधी, परजीवी-रोधी व वायरस-रोधी है। आइए जानते हैं कि लहसुन को अपने आहार में शामिल करने के क्या फायदे हैं?

### दिल और फेफड़ों के लिए जरूरी

दिल संबंधी तंत्र के लिए लहसुन जादुई काम करता है। रक्त में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा कम करने में यह खास प्रभावकारी है। लहसुन सीने की जकड़न में और सर्दी-जुकाम से राहत देने में असरदार रहता है। यह सीने की अन्य समस्याओं में भी राहत देता है।


### कैंसर-रोधी है लहसुन

पशुओं पर किए गए कई प्रयोगों में यह बात सामने आई है कि लहसुन में ट्यूमर-रोधी गुण भी होते हैं। ब्रेस्ट कैंसर के संदर्भ में चूहों पर हुए प्रयोगों में पाया गया कि उन्हें ताजे लहसुन से अपने कैंसर से लड़ने में मदद मिली। लहसुन का उपयोग नपुंसकता और यौन कमजोरी आदि के इलाज में भी किया जाता है। स्पेन और इटली में पारंपरिक रूप से लहसुन का बड़े स्तर पर आहार में प्रयोग होता रहा है। संभवतः इसी संदर्भ में यह इन देशों में लोकप्रिय हुआ।

### कैसे खाएं लहसुन?

क्या लहसुन का तेल, उसके कैप्सूल, उसकी गोलियां आदि ताजा लहसुन की तुलना में बेहतर होती हैं? कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि ये भी असरदार होते हैं, जबकि कुछ का कहना है कि उनमें 'एक्टिव गार्लिक कंपाउंड्स' की मात्रा बहुत कम या न के बराबर ही रह जाती है। हालांकि हर हाल में ताजा लहसुन का इस्तेमाल करना अच्छा होता है, क्योंकि यह बैक्टीरिया को खत्म करता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है। माना जाता है कि कच्चा लहसुन रक्त की तरलता बनाए रखता है और कोलेस्ट्रॉल का स्तर भी ठीक रखता है। यह रक्तदाब कम करने में भी फायदा करता है। लहसुन दिल के लिए बहुत फायदेमंद होता है।

### इसकी तीखी गंध से पाएं छुटकारा



लहसुन खाने के बाद मुंह से आने वाली उसकी तीखी गंध से छुटकारा पाना है, तो आमतौर पर कॉफी, शहद, दही, दूध या लौंग खाने की सलाह दी जाती है, लेकिन कुछ का मानना है कि पार्सले खा सकते हैं, क्योंकि इसमें पाया जाने वाला क्लोरोफिल लहसुन की गंध को कम करने में कारगर होता है। पेपरमिंट या चुइंगम भी आजमा सकते हैं। इलायची भी असरदार रहेगी।

बीते 5,000 सालों से लहसुन को बतौर एंटीसेप्टिक, वात-रोधी तत्व के तौर पर उपयोग किया जा रहा है। यहां तक कि बाल उगाने में भी इसे असरदार माना जाता है। तीखी गंध वाला लहसुन आर्थ्राइटिस, ड्रॉप्सी, इंफ्लुएंजा और टीबी से लेकर कई प्रकार की बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल होता रहा है। कुछ लोग स्वस्थ रहने के लिए रोज लहसुन की एक कली खाने की सलाह देते हैं। हां, जिन्हें लहसुन से एलर्जी है, उन्हें इससे दूर रहना चाहिए। वैसे सलाद में लहसुन डालने से उसका स्वाद बढ़ जाता है और गार्लिक ब्रेड तो हम सबकी पसंद है ही। यह शाकाहारी और मांसाहारी, दोनों तरह की सब्जियों एवं सूप का स्वाद बढ़ा देता है।

# चीन पर कभी यकीन नहीं किया जा सकता



स्मिता सिंह, स्वतंत्र पत्रकार

भारत चीन सीमा विवाद के सुलझने के संकेत 12 सितम्बर को ही सेंट पीटर्सबर्ग में ब्रिक्स एनएसए लेवल की समिट के साइडलाइन्स पर हुई उस बैठक के दौरान ही दिख गए थे जो एनएसए अजित डोभाल और चीनी विदेश मंत्री वांग यी के बीच हुई थी। लगातार चार साल से चले आ रहे भारत चीन के बीच तनाव के कम होने के संकेत हैं। भारत और चीन के द्विपक्षीय संबंधों को लेकर हाल में घटनाक्रम बहुत तेजी से घटा है। चीन भारत सीमा से सेना का पीछे हटना बहुत अच्छा है किंतु चीन की बात पर आंख मूंदकर यकीन नहीं किया जा सकता। समझौते करने के बाद अपनी बात से मुकरना उसकी आदत रही है। धोखा देना चीन का चरित्र है। उस पर पूरी तरह से नजर रखनी होगी। उसकी चाल के अनुरूप हमें अपना व्यवहार और तैयारी करना होंगी। भारत चीन सीमा विवाद के सुलझने के संकेत 12 सितम्बर को ही सेंट पीटर्सबर्ग में ब्रिक्स एनएसए लेवल की समिट के साइडलाइन्स पर हुई उस बैठक के दौरान ही दिख गए थे जो एनएसए अजित डोभाल और चीनी विदेश मंत्री वांग यी के बीच हुई थी। भारतीय विदेश मंत्रालय की ओर से बैठक के बाद जारी प्रेस नोट में इस बात का जिक्र था कि दोनों देशों ने बचे हुए क्षेत्रों में भी पूर्ण डिसएंगेजमेंट की दिशा में काम करने को लेकर सहमति जताई है। जानकार मानते हैं कि गतिरोध दूर करने करने की दिशा में ले जाने की प्रक्रिया एकाएक नहीं होती। इसके लिए बैकग्राउंड में काम होता रहता है ।

ओआरएफ में फेलो और चीन मामलों के जानकार कल्पित मणकिकर कहते हैं कि ऐसा एक लंबी प्रक्रिया के तहत होता है। दोनों देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और दोनों देशों के विदेश मंत्री लगातार मुलाकात करते आ रहे हैं। पिछले चार सालों से बॉर्डर मुद्दों को सुलझाने को लेकर कोशिशें लगातार हो रही है। सेना के कमांडर स्तर पर बातें अलग से होती रही हैं। भारत और चीन दोनों की ओर से इस तरह की कोशिशें की जा रही थी। हालांकि अब जो दिख रहा है, उसके मद्देनजर इस तरह की कोशिशें क्या दिशा लेंगी, इसे लेकर अभी वेट एंड वॉच की स्थिति में ही रहा जा सकता है। बॉर्डर पर आए गतिरोध के मद्देनजर विदेश मंत्रियों और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार की बैठकें किए जाने का एक मैकेनिज्म तैयार किया गया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पूर्वी लद्दाख में सीमा मुद्दे पर 12 सितम्बर को कहा कि सैनिकों की वापसी से संबंधित मुद्दे लगभग 75 प्रतिशत तक सुलझ गए हैं लेकिन बड़ा मुद्दा सीमा पर बढ़ते सैन्यीकरण का है। जिनेवा में थिंकटैंक के एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि जून 2020 में गलवन घाटी में हुए टकराव ने भारत-चीन संबंधों को समग्र रूप से प्रभावित किया।



जयशंकर ने कहा कि विवादित मुद्दों का समाधान ढूंढ़ने के लिए दोनों पक्षों में बातचीत चल रही है। हमने कुछ प्रगति की है। मोटे तौर पर सैनिकों की वापसी संबंधी करीब तीन-चौथाई मुद्दों का हल निकाल लिया गया है। लेकिन इससे भी बड़ा मुद्दा यह है कि हम दोनों ने अपनी सेनाओं को एक-दूसरे के करीब ला दिया है और इस लिहाज से सीमा का सैन्यीकरण हो रहा है। सूत्रों का कहना है कि भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच पूर्वी लद्दाख में कुछ टकराव वाले बिंदुओं पर गतिरोध बना हुआ है। भारत कहता रहा है कि सेना के पूर्व स्थान पर पहुंचे बिना सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति नहीं होगी, चीन के साथ संबंध सामान्य नहीं हो सकते। जयशंकर ने कहा कि 2020 में जो कुछ हुआ, वह कुछ कारणों से कई समझौतों का उल्लंघन था जो अभी भी हमारे लिए पूरी तरह से स्पष्ट नहीं हैं। चीन ने वास्तविक नियंत्रण रेखा पर बहुत बड़ी संख्या में सैनिकों को तैनात किया और स्वाभाविक रूप से जवाबी तौर पर हमने भी अपने सैनिकों को भेजा।

2020 की झड़प के बाद से दोनों देश सीमा पर बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए भी प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, जिसे वास्तविक नियंत्रण रेखा के रूप में भी जाना जाता है। भारत द्वारा उच्च ऊंचाई वाले हवाई अड्डे तक एक नई सड़क का निर्माण चीनी सैनिकों के साथ 2020 में होने वाली घातक झड़प के मुख्य कारणों में से एक माना जा रहा है । इस बार चीनी सेना के सीमा से पीछे हटने का कारण चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य वांग काबयान भी है। उन्होने इस बात पर जोर दिया कि अशांत विश्व का सामना करते हुए, दो प्राचीन पूर्वी सभ्यताओं और उभरते विकासशील देशों के रूप में चीन और भारत को स्वतंत्रता पर दृढ़ रहना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि एकता और सहयोग का चयन करना चाहिए तथा एक-दूसरे को नुकसान पहुंचाने से बचना चाहिए। वांग ने उम्मीद जताई कि दोनों पक्ष व्यावहारिक दृष्टिकोण के जरिए अपने मतभेदों को उचित ढंग से हल करेंगे और एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करने का उचित तरीका ढूंढेंगे। चीन-भारत संबंधों को स्वस्थ, स्थिर और सतत विकास के रास्ते पर वापस लाएंगे।

इतना सब हो रहा है पर जरूरी यह है कि दोनों का मई 2020 की यथास्थिति पर वापस लौटना ही समाधान है। निश्चित रूप से पीछे हटना समाधान नहीं है। यदि निश्चित रूप से समाधान के रास्ते पर चले तो भारत नुकसान में ही रहेगा। इन सब को देखकर भारत को चलना होगा। मई 2020 की स्थिति पर चीन सहमत होगा, ऐसा नही लगता। सीमा विवाद के चार साल के दौरान समाचार आए की चीन सीमा पर नए हवाई अड्डे-सैनिक छावनी उनके लिए बंकर बना रहा है। अपने सीमा से सटे क्षेत्र में गांव विकसित कर रहा है। भारतीय क्षेत्र के स्थानों क नाम बदल रहा है। हांलाकि विवाद की अवधि में भारत ने भी सीमा पर सुरक्षा ढांचा विकसित किया है। नए एयरबेस तैयार कर रहा है। ठंडे स्थानों में रहने के लिए सैनिकों को प्रशिक्षित करने के साथ ही उनके लिए बर्फ के दौरान भी रहने के लिए सोलर से गर्म करने वाले उनके टैंट बना रहा है। इस प्रक्रिया को भारत का और तेज करना होगा। सीमा रेखा के सटाकर गांव विकसित करने होंगे तोकि चीन की गतिविधि पर नजर रखी जा सके। एक तरह से चीन की प्रत्येक कार्रवाई का उत्तर उसके कदम ही से आगे बढकर देना होगा। एक बात और चीन कभी का काबू में आ गया होगा, काश हम भारतीय सही अर्थ में देशभक्त होते। मई 2020 में चीन से विवाद होने पर भारतीयों की फेसबुक पर बड़ी देशभक्ति दिखाई दी। लगाकि अब भारत में चीन का बना सामान नही आएगा। दीपावली पर व्यापारियों के आंकड़े भी आए कि चीन से बना कोई सामान नही मंगाया गया। जबकि आंकड़े इसके विपरीत हैं। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 में भारत और चीन के बीच कुल 118.4 अरब डॉलर का व्यापार हुआ। वहीं, अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार 118.3 अरब डॉलर रहा। 2021-22 और 2022-23 में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार अमेरिका रहा था। अब चीन है।

## आज का राशिफल



स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि,
नई दिल्ली ।

**मेष राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी, जिससे मन में उत्साह रहेगा, लेकिन कार्यक्षेत्र में थोड़ा सरल व समझौतावादी बने रहने का प्रयास करें। सोच समझकर कोई निर्णय लें, तो ही बेहतर होगा। जल्दबाजी में उठाए गए कदम नुकसान पहुंचा सकते हैं। कोई भी नया काम शुरू न करें। परिवार के साथ धर्म ध्यान में समय बिताएं। मित्रों से मुलाकात अच्छी रहेगी।

**वृषभ राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में कठिन परिश्रम के बावजूद सफलता कम मिलेगी। क्रोध पर नियंत्रण एवं वाणी पर संयम रखें, अन्यथा किसी विवाद में फंस सकते हैं। परिवारिक समस्याएं परेशान करेंगी। ऐसी स्थिति में पूर्ण विवेक से काम लेना होगा। परिजनों का पूरा सहयोग मिलेगा, लेकिन किसी बात को लेकर बहस होने के आसार रहेंगे, जिससे मानकि परेशानी बढ़ेगी। सेहत अच्छी रहेगी।

**मिथुन राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आर्थिक लाभ के योग रहेंगे। किसी महत्वपूर्ण कार्य की सार्थकता के लिए प्रयत्नशील होगा। कठिन परिश्म से रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में सफल रहेंगे। कोई नया काम शुरू करने के लिए दिन अच्छा है। पुराना अटका धन भी मिल सकता है। परिवार के साथ समय बिताएं, मानसिक सुख और शांति मिलेगी। खान-पान का ध्यान रखना होगा।

**कर्क राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में अड़चनें आएंगी और कार्यों में सफलता कम मिलेगी। संतान संबंधी दायित्वों के प्रति मन चिंतित होगा। भविष्य के प्रति नकारात्मक विचार उत्साह में कमी ला सकते हैं। कोई नया काम शुरू करना चाहते हैं या निवेश की योजना बना रहे हैं, तो उसे टालें, अन्यथा नुकसान हो सकता है। धर्म ध्यान और परिवार के साथ समय बिताएं, सेहत का ख्याल रखें।

**सिंह राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। किसी कार्य को सिद्ध करने के लिए आज ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। कारोबार में आर्थिक लाभ तो रहेगा, लेकिन अनावश्यक खर्च अधिक होने से आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। मन में किसी प्रकार की शंका न पालें, गलतियों को स्वीकार कर सगे-संबंधियों के बीच अपने रिश्तों को सुधारें। किसी पुराने मित्र या रिश्तेदार से मुलाकात होने पर खुशी मिलेगी।

**कन्या राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार सामान्य रहेगा। अनावश्यक खर्च बढने.से आर्थिक स्थिति कमजोर हो सकती है। नकारात्मक विचारों को त्याग अपनी क्षमताओं का पूरा उपयोग करें। भविष्य को लेकर योजनाएं बना सकते हैं। नये काम की शुरूआत कर रहे हैं, तो दूसरी को सलाह न लें। अपनों से धोखा मिल सकता है। रोजगार और शिक्षा के क्षेत्र में कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

**तुला राशि :-** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कार्यक्षेत्र में आर्थिक लाभ मिलने के योग रहेंगे। परिश्रम से सभी कार्यों में सफलता मिलेगी और सृजनात्मक विचारों का भरपूर लाभ उठाएंगे। स्वाभिमानी स्वभाव लोकप्रियता दिलाने में सहायक होगा। बेरोजगार को रोजगार के अवसर और नौकरी में तरक्की मिलने के आसार रहेंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से थकान का अनुभव करेंगे। सेहत का ख्याल रखें।

**वृश्चिक राशि :-** आज का दिन शुभ रहेगा। कारोबार विस्तार की योजना बना सकते हैं। कार्यक्षेत्र में कठिन परिश्रम से अपने काम को नई पहचान दिलाएंगे। व्यवसाय में नये निवेश का अवसर मिलेगा। करीबियों से पुराने गिले-शिकवे दूर होंगे। पुरानी बातें भूलकर वर्तमान के साथ समझौता करें, छोटी-छोटी बातों को लेकर परिवार में तनाव की स्थिति पैदा न होने दें। परिवार के साथ समय बिताएंगे। सेहत का ख्याल रखें।

**धनु राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में आकस्मिक लाभ और नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे। हालांकि, कुछ अड़चनें आ सकती हैं, लेकिन कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी। परिस्थितियों के हिसाब से अपने आप को ढालने की कोशिश करें। परिवार के साथ समय बिताएंगे तो संबंध भी मधुर होंगे। पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। यात्रा को टालें। सेहत अच्छी रहेगी।

**मकर राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ नई योजनाओं को सार्थक करेंगे। व्यक्तिगत संबंध परिवार में विवाद का कारण बन सकते हैं। कोर्ट में कोई पुराना लंबित मामला चल रहा है तो वह सुलझ सकता है। अनावश्यक खर्चे पर नियंत्रण रखना होगा। परिवार में कलह हो सकती है। खान-पान का ध्यान रखें और क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कुम्भ राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में कोई अच्छी खबर मिल सकती है। बेरोजगारों को रोजगार के अवसर मिलने के आसार हैं। विद्यार्थियों के लिए समय अच्छा रहेगा और उन्हें परिश्रम के सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। कारोबार मध्यम रहेगा। परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा और घर में माहौल अच्छा रहेगा। सेहत को लेकर सतर्क रहें।

**मीन राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ परेशानियां आ सकती हैं, लेकिन अपनी बुद्धिमत्ता से समस्याओं का समाधान करने में सक्षम होंगे और उत्साह पूर्वक नई योजनाओं को क्रियान्वित कर सकेंगे। रोजगार और व्यवसाय के क्षेत्र में लाभ मिलेगा। कारोबार में नए निवेश के अवसर खुलेंगे। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

# वंशवादी राजनीति का ढलता सूरज, परिवारवाद की राजनीति से हो रहा जनता का मोहभंग



आज मोदी ने वंशवाद की राजनीति के पैरोकारों को राजनीति को पूर्णकालिक काम की तरह मानने पर बाध्य कर दिया है। कुल मिलाकर मोदी युग में वंशवाद की राजनीति के अच्छे-दिन का अंत भी शुरू हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कटु आलोचक भी मानते हैं कि उन्होंने भारतीय राजनीति के व्याकरण को कई मायनों में बदला दिया है। परिश्रम, दक्षता और योग्यता तेजी से चाटुकारिता और परिवारवाद वाली राजनीति की जगह ले रही है। वैसे भी जो पार्टी लंबे समय तक सत्ता में रहती है, वही भविष्य के लिए खेल के नियम तय करती है। सभी छोटे खिलाड़ी उस फामरूले का अनुकरण करते हैं। कांग्रेस भी लंबे समय तक सत्ता में रही है। लिहाजा अधिकांश पार्टियों ने उसका अनुकरण किया। कांग्रेस ने भारतीय राजनीति को ह्यवंशवाद की राजनीतिह्न का सूत्र सिखाया। बाल गंगाधर तिलक, मदन मोहन मालवीय, सुभाष चंद्र बोस और महात्मा गांधी सरीखे दिग्गजों ने कांग्रेस को एक आंदोलन के रूप में चलाया, लेकिन स्वतंत्रता के बाद वह नेहरू-गांधी परिवार की निजी संपत्ति मात्र बनकर रह गई। उसने समय के साथ खुद को देश के प्रथम-परिवार के रूप में स्थापित कर लिया। नेहरू-गांधी परिवार को स्थापित करने की होड़ में कांग्रेस ने सरदार वल्लभभाई पटेल, डा. बीआर आंबेडकर और लाल बहादुर शास्त्री जैसे नेताओं को भी भुला दिया। पार्टी की कमान हमेशा नेहरू-गांधी परिवार के सदस्यों के बीच ही घूमती रहे। जब कभी पार्टी के किसी भी क्षेत्रीय नेता का कद यदि प्रथम-परिवार के सदस्यों से ऊंचा होने लगा तो उसे बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। पार्टी कार्यकताओं में यह भ्रम पैदा कर दिया गया कि प्रथम-परिवार के सदस्य ही कांग्रेस को एक साथ बांध कर रख सकते हैं। दुर्भाग्य से क्षेत्रीय क्षत्रपों ने भी कांग्रेस की इस नीति का अनुसरण किया। जम्मू-कश्मीर में मुफ्ती और अब्दुल्ला परिवार राज्य के प्रथम-परिवार बन गए। उत्तर प्रदेश और बिहार में मुलायम और लालू यादव परिवार प्रथम-परिवार बन गए। इसी तरह कर्नाटक में देवगौड़ा परिवार, महाराष्ट्र में ठाकरे एवं पवार परिवार, तमिलनाडु में करुणानिधि परिवार, तेलंगाना में केसीआर परिवार, आंध्र में नायडू एवं वाइएसआर परिवार ने अपनी-अपनी पार्टियों को पारिवारिक कंपनियों में बदल दिया। योग्यता पर प्रथम-परिवार को हावी रखने के लिए कांग्रेस को और कई चालें चलनी पड़ीं। पार्टी के प्रति प्रतिबद्ध नौकरशाही एवं न्यायपालिका, मैत्रीपूर्ण मीडिया, जातिगत राजनीति और अल्पसंख्यक तुष्टीकरण के माध्यम से चुनाव जीतने जैसे हथकंडे कांग्रेस के राजनीतिक व्याकरण का हिस्सा बन गए। निरंतर हार के बाद भी नेहरू-गांधी परिवार पार्टी के शीर्ष पर बना रहा। हद तो तब हो गई जब 2017 में राहुल गांधी ने वैश्विक स्तर पर वंशवाद की राजनीति का खुलकर बचाव किया। उन्होंने कहा कि पूरा भारत राजवंशों पर चलता है और इसमें कोई हर्ज नहीं है।

हालांकि किसी के लिए माता-पिता के व्यवसाय का अनुसरण करना स्वाभाविक है। किसी महान क्रिकेटर के बेटे का घर के माहौल से क्रिकेट सीखना स्वाभाविक है। किसी दिग्गज अभिनेता के बेटे का फिल्मों में आना भी स्वाभाविक है। समस्या तब शुरू होती है जब क्रिकेटर का बेटा प्रतिभावान न होने पर भी दशकों तक टीम का कप्तान बना रहे या फिल्म स्टार के बेटे को कई फ्लाप फिल्में देने के बाद भी बड़े बैनरों की फिल्मों में काम मिलता रहे। कुछ इसी तरह राहुल गांधी, अखिलेश यादव, एचडी कुमारस्वामी जैसे नेता कई विफलताओं के बाद भी अपनी-अपनी पार्टियों को पारिवारिक कंपनियों के रूप में चला रहे हैं। इन परिवार आधारित-संचालित पार्टियों में जमीनी स्तर का कार्यकर्ता पार्टी का मुखिया बनने का सपना तक भी नहीं देख सकता है।

भाजपा का चरित्र कुछ अलग नजर आता है। वह अपने नेताओं की ह्ययोग्यता के आधार पर पदोन्नतिह्न देती है। यही भाजपा की सफलता का आधार है। पिछले दो दशकों में भाजपा के नेतृत्व पर एक नजर डालने से यह स्पष्ट हो जाता है। जेपी नड्डा का अमित शाह से कोई पारिवारिक संबंध नहीं है। अमित शाह का राजनाथ सिंह से कोई संबंध नहीं है। राजनाथ सिंह का नितिन गडकरी या वेंकैया नायडू का लालकृष्ण आडवाणी से कोई संबंध नहीं है। वे सभी विभिन्न जातियों और देश के विभिन्न क्षेत्रों से आते हैं। इन सभी में केवल एक चीज समान है-और वह है योग्यता और परिश्रम। इसके विपरीत प्रथम-परिवारों के नेताओं के जीवन से परिश्रम और योग्यता दूर हैं। वे अपने परिवार के नाम के सहारे ही संसद या विधानसभा में हैं। नतीजतन 17वीं लोकसभा में राहुल गांधी की उपस्थिति 56 प्रतिशत, अखिलेश यादव की 33 प्रतिशत और अभिषेक बनर्जी की 13 प्रतिशत है। जबकि मोदी के नेतृत्व में भाजपा यह सुनिश्चित करती है कि भले ही कोई किसी राजनीतिक परिवार से जुड़ा हो, लेकिन वह प्रदर्शन से समझौता नहीं करे। इस वजह से 17वीं लोकसभा में प्रवेश साहिब सिंह वर्मा की उपस्थिति 93 प्रतिशत और पूनम महाजन की उपस्थिति 83 प्रतिशत रही है। वर्ष 2014 में पीएम मोदी के सत्ता में आने के साथ देश से वंशवाद की राजनीति का सूरज अस्त होना प्रारंभ हो गया है। मोदी के कुशल नेतृत्व, भ्रष्टाचार रहित और जन-केंद्रित शासन ने जाति और तुष्टीकरण की राजनीति पर जीत हासिल करनी शुरू कर दी है। वंशवाद की राजनीति का मुकाबला करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने कई राजनीतिक और शासन संबंधी प्रयोग भी किए हैं। भ्रष्टाचार रोकने के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं को जनधन-आधार-मोबाइल से जोड़ा। इस तरह उन्होंने एक नया लाभार्थी वोट बैंक बनाया।

# गेहूं निर्यात पर पाबंदी

भारत सरकार ने अचानक और तुरंत प्रभाव से गेहूं के निर्यात पर पाबंदी लगा दी है। यह सामयिक, कारगर और राष्ट्रीय निर्णय है। राष्ट्रीय संदर्भ इसलिए जरूरी है, क्योंकि हम 2005-07 के दौरान गेहूं का संकट झेल चुके हैं। तब भारत को 71 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा गेहूं का आयात करना पड़ा था। भारत ने कई देशों को गेहूं निर्यात भी किया था, लेकिन बाद में सार्वजनिक वितरण प्रणाली और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के लिए गेहूं की उपलब्धता कम पड़ी। स्टॉक करने वाले उद्योगपतियों ने भी सरकार को खुलासा नहीं किया कि उनके गोदामों में कितना गेहूं उपलब्ध है। हार कर गेहूं का आयात करना पड़ा। आयात की मात्रा भी काफी थी और गेहूं महंगे दामों पर खरीदना पड़ा था। तब न तो रूस-यूक्रेन युद्ध से उपजे वैश्विक हालात थे और न ही भारत में खाद्य सुरक्षा कानून था। इस कानून के तहत औसत नागरिक की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। अब कोरोना-काल से प्रधानमंत्री गरीब अन्न योजना के तहत 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त अनाज भी बांटा जा रहा है। यह योजना फिलहाल सितंबर, 2022 तक चलनी है। यदि इसे मार्च, 2023 तक विस्तार दिया गया, तो गेहूं का संकट पैदा हो सकता है।

गोदामों में गेहूं की उपलब्धता कम पड़ सकती है। भारत सरकार किसी भी तरह का जोखिम नहीं उठा सकती थी, लिहाजा तुरंत निर्यात पर पाबंदी चस्पा करनी पड़ी। हालांकि सरकार का दावा है कि गोदामों में गेहूं का पर्याप्त भंडार है। हम इस दावे को कबूल कर भी लें, तो भारत 69 देशों को गेहूं का निर्यात कर रहा है, हालांकि मई 2022 में अभी तक 14.63 लाख मीट्रिक टन गेहूं का निर्यात 2022-23 के दौरान किया गया है। केंद्रीय उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने बीते माह खुलासा किया था कि भारत इस बार 100 लाख टन से अधिक गेहूं का निर्यात करेगा। विदेशों में सरकारी प्रतिनिधिमंडल भी भेजे गए थे कि भारत गेहूं उपलब्ध कराने की स्थिति में है, लेकिन अचानक सभी समीकरण और लक्ष्य बिगड़ गए और सरकार को गेहूं के निर्यात पर पाबंदी लगानी पड़ी। सिर्फ वे कंपनियां ही निर्यात कर सकेंगी, जिन्हें लेटर ऑफ क्रेडिट (एलओसी) प्राप्त हो चुका है। वे कंपनियां कौन-सी हैं और कितना गेहूं, किन देशों को निर्यात करेंगी, इसका खुलासा सरकार ने नहीं किया है। मौजूदा संकट की मूल वजह यह है कि मौसम की अप्रत्याशित मार, समय से पहले ही भयंकर गर्मी और लू, ने गेहूं की पिछौती फसल को बुरी तरह प्रभावित किया। गेहूं का दाना ही लगभग मर गया। उत्पादन कम हुआ, तो सरकार ने अपनी खरीद को करीब 440 लाख मीट्रिक टन से घटाकर 195 लाख टन कर दिया। प्रधानमंत्री अन्न योजना में गेहूं के बजाय चावल कर दिया गया। ओडिशा में तो 100 फीसदी चावल ही बांटा जा रहा है। जिन एक दर्जन राज्यों को अनाज की आपूर्ति की जानी थी, उसे भी 50 फीसदी घटा दिया गया है अथवा फिलहाल रोक दिया गया है। खरीद का जो लक्ष्य तय किया था, उसमें भी करीब 165 लाख मीट्रिक टन की ही सरकारी खरीद हो पाई है। गेहूं मंडियों में न के बराबर भेजा जा रहा है, क्योंकि कंपनियां और व्यापारी खेत से ही गेहूं खरीद रहे हैं और न्यूनतम समर्थन मूल्य से अधिक के दाम दिए जा रहे हैं। किसान भी खुश होंगे कि एमएसपी से ज्यादा दाम मिल रहे हैं, लेकिन निर्यात पर पाबंदी के बाद कुछ किसान संगठन नाराज भी हैं। उनका मानना है कि इस फैसले से गेहूं के दाम घटेंगे, जिससे किसानों को नुकसान होगा।

# शराब नीति मामले में ईमानदारी का बचाव या सियासी चाल?

दिल्ली आबकारी नीति मामले में केजरीवाल की जमानत मिलने के बाद, उन्होंने 15 सितम्बर को आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि दो दिन बाद वह मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने जा रहे हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हाल ही में एक ऐसा कदम उठाया है जिसने राजनीतिक पंडितों को चौंका दिया है। सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने की घोषणा की है। यह निर्णय एक सोची-समझी रणनीति का हिस्सा प्रतीत होता है, जो न केवल उनकी राजनीतिक छवि को प्रभावित करेगा, बल्कि दिल्ली की राजनीति में भी नया मोड़ ला सकता है। दिल्ली आबकारी नीति मामले में केजरीवाल की जमानत मिलने के बाद, उन्होंने 15 सितम्बर को आम आदमी पार्टी (अअढ) के कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि दो दिन बाद वह मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने जा रहे हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वह तब तक मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठेंगे जब तक जनता उन्हें फिर से चुनकर भेजेगी। यह निर्णय, हालांकि बहुत से लोगों के लिए एक आश्चर्य की बात हो सकता है, लेकिन यह उनकी रणनीतिक सोच का एक हिस्सा है। इस कदम के पीछे उनका उद्देश्य राजनीतिक परिदृश्य में अपनी ईमानदारी की छवि को और मजबूत करना और दिल्ली की राजनीति में अपनी स्थिति को पुनः स्थापित करना है।

अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी ने अन्ना हजारे के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से उभरकर राजनीति में प्रवेश किया था। इस आंदोलन ने उन्हें एक ईमानदार और भ्रष्टाचार विरोधी नेता के रूप में स्थापित किया। आम आदमी पार्टी ने स्वयं को ईमानदारी और पारदर्शिता का प्रतीक माना है। इस संदर्भ में, दिल्ली शराब नीति मामले को लेकर विपक्ष, खासकर बीजेपी, ने लगातार पार्टी और केजरीवाल की छवि पर सवाल उठाए हैं। बीजेपी ने बार-बार केजरीवाल के इस्तीफे की मांग की थी और आरोप लगाया था कि उनकी सरकार ने भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया है।

हालांकि, केजरीवाल की जमानत के बाद अधिकांश गिरफ्तार किए गए नेताओं को भी जमानत मिल चुकी है, और आम आदमी पार्टी ने इस पर न केवल अपना पक्ष रखा है, बल्कि यह भी दिखाया है कि शराब नीति मामले में कई मुद्दे हैं। पार्टी इस तरह की स्थितियों को जनता के बीच यह संदेश देने के लिए उपयोग कर रही है कि यह मामला राजनीति से प्रेरित हो सकता है और नेताओं को गलत तरीके से फंसाने की कोशिश की जा रही है। इस दृष्टिकोण से, केजरीवाल का इस्तीफा एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है, जो उनकी पार्टी के नैरेटिव को मजबूत करने का प्रयास है। केजरीवाल ने अपने इस्तीफे के फैसले के साथ यह भी कहा है कि उनके पास केवल उनकी ईमानदारी है, और उनके बैंक खाते खाली हैं। उन्होंने यह तर्क किया कि उनका उद्देश्य कभी भी पद और धन के लालच से प्रेरित नहीं रहा। इसके बजाय, उनका प्राथमिक उद्देश्य देश और समाज की सेवा करना है। उनके अनुसार, उनका यह निर्णय जनता के अदालत में अपनी ईमानदारी का परीक्षण कराने का एक तरीका है। वे जनता से यह पूछना चाहते हैं कि क्या वे उन्हें ईमानदार मानते हैं या गुनहगार। सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए जमानत आदेश के तहत, केजरीवाल को कुछ शर्तों के साथ जमानत दी गई है।



## प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी से

# मार्च तक जगदानंद की विदाई

### रेस में 5 नाम, तेजस्वी के पसंदीदा चेहरे पर लगेगी फाइनल मुहर






**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (RJD) के बिहार प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह काम पर लौट आए हैं। उन्होंने घर से कामकाज संभाल लिया है। इसके साथ ही उनकी नाराजगी और इस्तीफे के अटकलों पर भी विराम लग गया है। बताया जा रहा है कि सिंह को मार्च तक पद पर बने रहने को कहा गया है। ताकि तय प्रक्रिया के तहत अगले प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव हो सके। उपचुनाव के रिजल्ट में मिली हार के बाद जगदानंद सिंह ने खराब स्वास्थ्य का हवाला देकर पद छोड़ने की बातें शीर्ष नेतृत्व को कही थी। साथ ही उन्होंने ऑफिस आना बंद कर दिया था। इसके बाद उनको घर से ही मार्च तक काम करने को कहा गया है। अगले प्रदेश अध्यक्ष की खोज शुरू पार्टी में नए प्रदेश अध्यक्ष की खोज तेज हो गई है। बताया जा रहा है कि पार्टी सिंह की तरह अनुशासन प्रिय और साफ छवि के नेता की तलाश कर रही है। सूत्रों के अनुसार, अगला अध्यक्ष तेजस्वी यादव की पसंद का हो सकता है। जगदानंद सिंह की पारी खत्म होने के साथ ही RJD सुप्रीमो लालू यादव का राज भी पार्टी में कम हो जाएगा। इसके बाद पार्टी पदाधिकारियों के चयन में तेजस्वी की पसंद हावि रह सकती है। हालांकि, अंतिम फैसला लालू यादव ही करेंगे। जनवरी में होगी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक RJD के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक जनवरी 2025 में होगी। इसके बाद पार्टी पदाधिकारियों का चुनाव शुरू होगा। बूथ, पंचायत, प्रखंड और जिला स्तर के चुनाव के बाद प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के नेताओं का चुनाव होगा। बताया जा रहा है कि मार्च तक प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद अप्रैल तक राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव पूरा हो जाएगा।इससे पहले दो बार इस्तीफे पर अड़े थे जगदानंद सिंह, लालू और तेजस्वी ने मनाया 5 जुलाई 2021 को छात्र RJD के कार्यक्रम में तेजप्रताप यादव ने जगदानंद सिंह को 'हिटलर' कह दिया था। इस पर सिंह भड़क गए और पार्टी ऑफिस आना बंद कर दिया। 15 अगस्त को प्रदेश कार्यालय में झंडोतोलन में भी नहीं आए। बाद में तेजस्वी यादव ने उन्हें मनाया। इसके बाद जगदानंद सिंह ने 2022 में भी पार्टी आना बंद कर दिया था। उनके बड़े बेटे सुधाकर सिंह तब कृषि मंत्री थे और वह उट नीतीश कुमार के खिलाफ हमलावर थे। इस पर सुधाकर सिंह को इस्तीफा देना पड़ा। इस्तीफा स्वीकार होने पर जगदानंद सिंह नाराज हो गए। 2 अक्टूबर 2022 से पार्टी ऑफिस आना बंद कर दिया। तब लालू यादव ने मनाया।प्रदेश अध्यक्ष के लिए 5 नामों की चर्चा RJD के अगले प्रदेश अध्यक्ष के लिए पार्टी के अंदर और बाहर चर्चा शुरू हो गई है। अब्दुल बारी सिद्दकी, रितु जायसवाल, आलोक मेहता, रणविजय साहू और शिवचंद्र राम का नाम आगे है। सूत्रों के अनुसार, इन 5 नामों में से नया अध्यक्ष हो सकता है। नई पीढ़ी को मौका

**राजनीतिक विश्लेषक प्रवीण बागी कहते हैं- जगदानंद सिंह ने राजनीति में लंबे समय से अपनी सक्रियता बनाए रखी है।**

#### जनवरी में होगी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक

**RJD के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक जनवरी 2025 में होगी। इसके बाद पार्टी पदाधिकारियों का चुनाव शुरू होगा। बूथ, पंचायत, प्रखंड और जिला स्तर के चुनाव के बाद प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के नेताओं का चुनाव होगा। बताया जा रहा है कि मार्च तक प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद अप्रैल तक राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव पूरा हो जाएगा।**

## महिला सेक्स वर्कर की गला दबाकर हत्या



**सीतामढ़ी।** में रेड लाइट एरिया में गुरुवार की रात महिला सेक्स वर्कर की गला दबाकर हत्या कर दी गई है। अचानक महिला की आवाज सुनकर मोहल्ले के लोग दौड़े। उनके मौके पर पहुंचने से पहले ही महिला की मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि जब हम लोग महिला की चीख सुनकर उसके घर के पास पहुंचे। एक युवक वहां से भाग रहा था। उसे पकड़कर हमने खूब पिटा। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची नगर थाना पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी।साथ ही शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। साथ ही पकड़े गए युवक को हिरासत में लेकर थाने ले गई। उससे पूछताछ की जा रही है। नगर थानाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह ने बताया कि हिरासत में लिए गए युवक से पूछताछ की जा रही है। हत्या की वजह का भी पता लगाया जा रहा है। युवक की हत्या में संलिप्त की भी जांच की जा रही है। फिलहाल इस मामले में कोई एफआईआर दर्ज नहीं हुई है।

## कांग्रेस कार्यकताओं ने फूंका पुतला



**औरंगाबाद।** शहर के रमेश चौक पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह के नेतृत्व में शहर के समारणालय के पास स्थित कांग्रेस कार्यालय के पास दर्जनों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हुए और गृह मंत्री अमित शाह व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरोध जमकर नारेबाजी करते हुए शहर के रमेश चौक पहुंचे। गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने कहा कि संसद में गृह मंत्री अमित शाह ने जो आपत्तिजनक बयान दिया है। इसी को लेकर आक्रोश है। कहा कि गृह मंत्री अमित शाह को अंबेडकर के नाम लेने से क्या समस्या है। भीमराव अंबेडकर ने क्या गलत किया जो उनके नाम लेने से समस्या उत्पन्न होगी। हम लोग अंबेडकर जी का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करने वाले हैं। इसी को लेकर आक्रोश मार्च निकाला गया है।

कहा कि संविधान के निमार्ता अंबेडकर साहब हैं। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पासवान ने कहा कि भीमराव अंबेडकर के बारे में सदन के अंदर एनडीए सरकार के गृह मंत्री अमित शाह ने बाबा साहब का अपमान किया। इससे लोगों में आक्रोश है। जब से केंद्र में एनडीए की सरकार स्थापित हुई है। तब से संविधान को नष्ट करने का प्रयास किया जा रहा है।बाबा साहेब के ऊपर आपत्तिजनक टिप्पणी हम लोग कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। क्योंकि बाबा साहब संविधान निमार्ता है। डॉ. भीमराव अंबेडकर ने भारत को एक मजबूत संविधान देने का काम किया है।

इस संविधान की बदौलत पूरा हिंदुस्तान आज चल रहा है। संविधान की बदौलत ही देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सत्ता में काबिज है। गृह मंत्री अमित शाह को अपने बयान पर माफी मांगना चाहिए नहीं तो बहुत बड़ा आंदोलन होगा।

स मौके पर सदर पूर्व प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप सिंह, देव प्रखंड अध्यक्ष रवींद्र सिंह, सल्लू दुबे, श्याम बली पासवान, शहनाज रहमान उर्फ सल्लू खान, ब्यास राम, गायत्री देवी, धिरेंद्र सिंह, अंबिका पासवान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## शराब तस्करी के बड़े रैकेट का भंडाफोड़



**जमुई ।** के सोनो थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 756 लीटर विदेशी शराब के साथ दो लग्जरी कार, दो बाइक और पांच शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह घटना लोहा-जोकटिया मोड़ के पास की है। पुलिस ने बताया कि यह शराब झारखंड के बोकारो से लाई जा रही थी और नए साल के मौके पर इसे जमुई और लखीसराय के बाजार में खपाने की योजना थी। कैसे हुई कार्रवाई एसडीपीओ झाझा राजेश कुमार ने बताया कि सोनो थानाध्यक्ष को सूचना मिली थी कि झारखंड से एक लाल रंग की कार और एक बाइक के जरिए शराब की बड़ी खेप लोहा के रास्ते पंचपहाड़ी की ओर जा रही है। एसपी चंद्रप्रकाश के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने लोहा मोड़ पर कार्रवाई करते हुए एक लाल रंग की कार और बाइक को पकड़ा। जांच के दौरान, गाड़ी में बड़ी मात्रा में विदेशी शराब मिली। पकड़े गए तस्करों से पूछताछ के बाद पुलिस ने छुपकर एक सफेद रंग की कार का इंतजार किया, जिसमें शराब की दूसरी खेप लाई जा रही थी। थोड़ी देर बाद, सफेद कार और उसके साथ एक और बाइक मौके पर पहुंची। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कार और बाइक को जब्त कर उसमें सवार तीन लोगों को हिरासत में लिया। तस्करी की रणनीति और गिरोह का पदार्फाश पुलिस ने बताया कि इस रैकेट में स्थानीय और झारखंड के तस्कर शामिल हैं। बाइक सवार युवकों का काम शराब लदी गाड़ियों को पुलिस की नजर से बचाते हुए ग्रामीण मार्गों से सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाना था। गिरफ्तार आरोपियों में सोनो के बिट्टू कुमार, गम्हरिया के मुकेश कुमार, झाझा थाना के हथिया गांव के पियूष कुमार, सोहजाना के मिथलेश कुमार उर्फ मिट्ठू और सफेद कार चालक बोकारो चास के अनोज कुमार तिवारी शामिल हैं। पुलिस ने जब्त की सामग्रीशराबः 756 लीटर विदेशी शराब (विभिन्न ब्रांड)वाहनः दो लग्जरी कार और दो बाइकअन्य सामानः पांच मोबाइल फोनआगे की कार्रवाई एसडीपीओ ने बताया कि इस गिरोह में अन्य लोग भी शामिल हैं, जिनकी पहचान और गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी है।

गिरफ्तार सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जमुई भेज दिया गया है।

## औरंगाबाद में 4 केजी के तीन प्रेशर आईडी बरामद



**औरंगाबाद।** पुलिस और सीआरपीएफ कोबरा बटालियन 205 ने गुरुवार को 3 प्रेशर आईडी और कार्बाइन और मैगजीन बरामद की है। कार्रवाई नक्सल विरोधी अभियान के दौरान की गई। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-टू अमित कुमार ने कहा कि औरंगाबाद एसपी अंबरीष राहुल के निर्देशन पर सीआरपीएफ कोबरा बटालियन 205 के समादेष्टा धीरेंद्र पाठक और दिवेश मिश्रा के नेतृत्व मदनपुर थाना क्षेत्र के चकरबंधा के नजदीक सहैया पहाड़ और करीवा डोभा के पास से एक कार्बाइन और मैगजीन बरामद किया गया है। वहीं दूसरी ओर चक्रबंधा के समीप बासडिह के समीप से 4-4 केजी के तीन प्रेशर आईडी बरामद किए गए। जिसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।संयुक्त कार्रवाई से नक्सलियों का मनोबल काफी गिरा हुआ है। नक्सली गतिविधि पर अंकुश लगाए जाने के लिए लगातार छापेमारी अभियान जारी रहेगा। मालूम हो कि इस माह तीसरी बार पुलिस को बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। इससे पहले भी 3 प्रेशर आईडी और भारी मात्रा में कारतूस इन क्षेत्रों से बरामद हुआ था।

## संक्षिप्त डायरी

### बदमाशों ने बीटेक छात्र सहित 2 को मारी गोली



**जमुई।** के टाउन थाना क्षेत्र के काकन गांव में गुरुवार की देर रात श्राद्ध कार्यक्रम में अपराधियों ने गोलीबारी की है। एक बीटेक के छात्र सहित दो युवक को गोली लग गई। दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। एक युवक के पैर में लगी गोली को सर्जरी के जरिए निकाला गया। उसे बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया है।घायल छात्र की पहचान काकन गांव निवासी रामवृक्ष यादव के 22 साल के बेटे सकलदेव कुमार और दूसरे घायल युवक की पहचान नारायण यादव के 21 वर्षीय बेटे नीतीश कुमार के रूप में हुई है। घायल छात्र के पिता रामवृक्ष यादव ने बताया कि उसकी मां का देहांत हो गया था। गुरुवार की रात पीपल पानी के बाद श्राद्ध कार्यक्रम को लेकर भोज का आयोजन किया गया था।अचानक उसके बेटे और एक अन्य युवक को गोली लगने की जानकारी मिली। इसके बाद दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। इधर, घटना की जानकारी के बाद टाउन थाना की पुलिस भी अस्पताल पहुंच गई और पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है। टाउन थाना की पुलिस को आशंका है कि सकलदेव कुमार के बाएं पैर के घुटने के पास गोली लगी है।नीतीश कुमार के हाथ में गोली लगी है, जिससे लगता है कि एक ही गोली दोनों को लगी हो, पुलिस को आशंका है कि कहीं हर्ष फायरिंग के दौरान तो गोली नहीं लगी। हालांकि पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है। टाउन थानाध्यक्ष अरुण कुमार ने बताया कि दो युवक को गोली लगी है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### प्रेमी जोड़े की परिजनों ने की पिटाई



**जमुई ।** रेलवे स्टेशन पर गुरुवार की दोपहर पटना सिविल कोर्ट से शादी कर प्रेमी जोड़ा पहुंचा। इस दौरान इनके परिजनों ने इनके साथ मारपीट की। सूचना पर मौके पर पर पहुंचे जीआरपी थानाध्यक्ष मनोज देव ने बीच-बचाव करते हुए प्रेमी जोड़े को बचाया। हालांकि इस दौरान रेलवे स्टेशन पर हंगामा हुआ। मुंगेर के खड़गपुर थाना अंतर्गत मुजफ्फरगंज की रहने वाली 21 साल की अमीषा कुमारी पड़ोस के ही 30 साल के जितेंद्र तांती से बचपन से ही प्यार करती थी। लेकिन परिवार वालों ने उसकी शादी दूसरे युवक के साथ तय कर दी गई थी। इसके बाद वह 6 दिसंबर को अपनी प्रेमी जितेंद्र तांती के साथ अपने घर से भाग गई और 10 दिसंबर को पटना सिविल कोर्ट में शादी कर ली।शादी के बाद दोनों घूमने के लिए दिल्ली चले गए। युवती के परिवार वालों ने जितेंद्र और उसके परिवार वालों पर अपहरण का मामला दर्ज कर दिया था। गुरुवार की दोपहर ये पूर्वा एक्सप्रेस ट्रेन से जमुई रेलवे स्टेशन पर उतरे। वहां पहले से छिपे अमीषा के भाई और अन्य परिजन ने दोनों प्रेमी जोड़ों को पकड़ लिया और स्टेशन पर ही मारपीट शुरू कर दिया। इसके बाद हंगामा हुआ।

### छुप-छुप कर मिलते पकड़े गये प्रेमी-प्रेमिका



**जमुई।** में प्रेमी अपनी प्रेमिका से मिलने आया था। इसी बीच ग्रामीणों ने दोनों को पकड़ लिया। दोनों को ग्रामीणों ने पकड़ा तो यह बात सामने आयी कि वह दोनों ढाई सालों से एक दूसरे से प्यार करते हैं। इसके बाद ग्रामीणों की सलाह पर प्रेमी युगल शादी करने को राजी हो गए। फिर मंदिर में ले जाकर दोनों की शादी करवा दी। इसका वीडियो सामने आया है।मामला जमुई के टाउन थाना क्षेत्र लखनपुर इलाके का है। प्रेमी उमा शंकर खैरा थाना क्षेत्र के प्रधानचक और प्रेमिका शिवानी कुमारी दोनों ही बालिग है। दोनों पिछले ढाई साल से एक दूसरे से प्रेम करते थे और छुप- छुपाकर एक दूसरे से मिलते थे। 17 दिसंबर को प्रेमी अपनी प्रेमिका से मिलने आया था, लेकिन दोनों को ग्रामीणों ने देख लिया और प्रेमी युगल शादी करा दी। हालांकि दोनों ने अपनी मर्जी से शादी करने की बात कही है। प्रेमी कुमार शंकर ने बताया कि शिवानी से ढाई साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था।उन्होंने यह भी बताया की लखनपुर इलाके में गांव के ही कई लोगों के यहां रिश्तेदारी होने के कारण मेरा आना जाना लगा रहता था।इसी क्रम में शिवानी से मुलाकात हुई और धीरे धीरे दोनों के बीच प्यार हो गया।प्रेमी शंकर और शिवानी ने बताया कि हम दोनों अपनी मर्जी से शादी किए हैं कोई जोर जबरदस्ती से शादी नहीं करवाया है। दोनों की शादी मंदिर में विधिवत तरीके से करा दी गई। ग्रामीणों की मौजूदगी में प्रेमी और प्रेमिका ने सात फेरे और सिंदूर भरने की रस्म पूरी हुई। दोनों परिवार के लोगों ने इस शादी को सहमति देकर लड़की को लड़की के घर विदा कर दिए।

## जनसुराज में 10 प्रदेश उपाध्यक्ष और 10 महासचिव बनाए गए




**पटना।** 2025 विधानसभा चुनाव को लेकर जनसुराज पार्टी अपने संगठन को मजबूत करने में लगी है। जनसुराज ने गुरुवार को संगठन में विस्तार करते हुए पदाधिकारियों को नियुक्त करना शुरू किया है। जनसुराज के अध्यक्ष मनोज भारती ने पदाधिकारियों की घोषणा करते हुए संगठन विस्तार की जानकारी दी है। पार्टी में 10 प्रदेश उपाध्यक्ष, 10 प्रदेश महासचिव, 5 प्रदेश सचिव के नामों की भी घोषणा की गई है। बेगूसराय की रहने वाली सुभद्रा सहनी को महिला प्रदेश अध्यक्ष, मुजफ्फरपुर के रहने वाले वीरेंद्र राय को किसान अध्यक्ष, आनंद मिश्रा को युवा अध्यक्ष और पटना के रहने वाले अरविंद सिंह को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया है। जनसुराज विधानसभा में ठोकेगा ताल प्रशांत किशोर ने जनसुराज को बिहार के चार सीटों पर हुए उपचुनाव में उतारकर अपनी क्षमता को आंका था। परिणाम से उत्साहित होकर पार्टी को और मजबूत बनाने के लिए जल्द ही संगठन को विस्तार देना शुरू कर दिया है। पैदल यात्रा कर संगठन का विस्तार किया गया उत्तर बिहार में प्रशांत किशोर ने पैदल यात्रा कर संगठन का विस्तार तो जरूर किया है। लेकिन, दक्षिण बिहार में जनसुराज का विस्तार ज्यादा नहीं हो पाया है । अब पदाधिकारियों की नियुक्ति कर संगठन को मजबूत करने में लगी है।

# चिराग ने सभी जिला प्रभारी और सह प्रभारी को हटाया

**पटना।** विधानसभा चुनाव से पहले चिराग पासवान ने अपनी पार्टी लोजपा (R) के बिहार के अपने सभी जिला प्रभारियों और सह प्रभारियों को गुरुवार को हटा दिया। इसके पीछे विधानसभा चुनाव की रणनीति बताई जा रही है। पार्टी के अंदर इस ऑपरेशन को चिराग पासवान के जीजा और जमुई सांसद अरुण भारती लीड कर रहे हैं। अभी पार्टी के बडे. नेता दिल्ली में हैं और वहीं से यह ऐलान किया है। बताया जा रहा है कि जिला प्रभारियों और जिला सह प्रभारियों को मिलाकर पार्टी ने 76 जिला स्तर के पदाधिकारियों की छुट्टी की है। बिहार प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी ने लेटर जारी कर कहा है कि 'नई कमेटी की घोषणा जल्द की जाएगी।'शीतकालीन सत्र के बाद होगा नामों का ऐलान संसद के शीतकालीन सत्र के बाद लोजपा (आर) में जिला प्रभारियों का चयन किया जाएगा। तीन साल पहले चिराग पासवान के आदेश पर प्रदेश कमेटी को भंग कर दिया गया था। इसके साथ ही प्रदेश इकाई के सभी प्रवक्ताओं, टीवी पैनलिस्टों और मीडिया प्रभारी की टीम को भी खत्म कर दिया गया था। इसके बाद नए सिरे से इनका गठन किया गया था। बता दें, पिछले विधानसभा चुनाव-2020 में लोजपा ने दो दर्जन से ज्यादा सीटों पर नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू को नुकसान पहुंचाया था। तब लोजपा 137 सीटों पर लड़ी थी और पार्टी से महज एक विधायक जीते थे। 9 सीटों पर लोजपा दूसरे नंबर पर रही थी। कई ऐसी सीटें थी,



जहां लालू प्रसाद की पार्टी आरजेडी, लोजपा की वजह से जीती थी। विधानसभा चुनाव के बाद टूट गई थी लोजपा 2020 विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद लोजपा दो फाड़ हो गई थी। तब यह कहा गया था कि नीतीश कुमार ने लोजपा से बदला ले लिया। लोजपा दो फांक हुई तो एक पार्टी लोजपा (रामविलास) और दूसरी राष्ट्रीय लोजपा बनी। एक के अध्यक्ष चिराग पासवान और दूसरी के चाचा पशुपति पारस हुए। पारस गुट को एनडीए में बीजेपी तरजीह नहीं दे रही। जबकि, चिराग गुट से चिराग पासवान को केन्द्र में मंत्री बनाया गया है। पारस गुट अपने तरीके से विधान सभा चुनाव की तैयारी में जुट गई है। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की पार्टी लोजपा (रामविलास) में बड़ी टूट हो सकती है। लोकसभा चुनाव के समय से ही प्रदेश स्तर के कई बड़े नेता नाखुश हैं। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश के प्रधान महासचिव और 8 से 9 प्रदेश उपाध्यक्ष पार्टी छोड़ सकते हैं। हालांकि, पार्टी छोड़ने की बात कोई भी ऑन रिकॉर्ड नहीं कर रहा है, लेकिन चिराग पासवान को लेकर पार्टी में नाराजगी की बात सामने आ रही है। नेताओं ने हमसे बातचीत की, लेकिन नाम लिखने से मना कर दिया। कुछ ने यहां तक कहा कि हमें हमारी पसंद की सीट नहीं मिली तो हम निर्दलीय ही सही, इस बार चुनाव जरूर लड़ेंगे।

**लोजपा (R) ने विधानसभा चुनाव से पहले उठाया बड़ा कदम, नई कमेटी बनेगी**

#### शीतकालीन सत्र के बाद होगा नामों का ऐलान

संसद के शीतकालीन सत्र के बाद लोजपा (आर) में जिला प्रभारियों का चयन किया जाएगा। तीन साल पहले चिराग पासवान के आदेश पर प्रदेश कमेटी को भंग कर दिया गया था। इसके साथ ही प्रदेश इकाई के सभी प्रवक्ताओं, टीवी पैनलिस्टों और मीडिया प्रभारी की टीम को भी खत्म कर दिया गया था। इसके बाद नए सिरे से इनका गठन किया गया था।

## खबर संक्षेप

### पावर ग्रिड को बांड से 4250 करोड़ जुटाने की मंजूरी




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के निदेशक मंडल ने निजी नियोजन के आधार पर बांड जारी कर 4,250 करोड़ रुपये तक जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। पावर ग्रिड ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि यह प्रस्ताव कंपनी की बांड संबंधी निदेशकों की समिति की बैठक में पेश किया गया।

### ईरान की मुद्रा रियाल रिकॉर्ड निचले स्तर पर



**तेहरान।** ईरान की मुद्रा रियाल बुधवार को अपने सबसे निचले स्तर पर आ गई। नवंबर में अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बाद से रियाल के मूल्य में 10 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है। मुद्रा में इस गिरावट ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्षों में उलझे ईरान के लिए नई चुनौतियां पैदा कर दी हैं।

### ईएसआईसी ने अक्टूबर में 17.80 लाख नए सदस्य जोड़े

**नई दिल्ली।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के अंशधारकों की संख्या में अक्टूबर में तीन प्रतिशत यानी 17.80 लाख की बढ़ोतरी हुई है। बुधवार को जारी पेरोल आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। श्रम मंत्रालय ने बयान में कहा कि अक्टूबर, 2024 तक 21,588 नए प्रतिष्ठानों को ईएसआई योजना के सामाजिक सुरक्षा दायरे में लाया गया है।

### साई लाइफ का शेयर 20 फीसदी चढ़कर सूचीबद्ध




**नई दिल्ली।** साई लाइफ साइंसेज का शेयर अपने निर्गम मूल्य 549 रुपये से 20 प्रतिशत अधिक उछाल के साथ बुधवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर 20.21 प्रतिशत की बढ़त के साथ 660 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। इसके बाद यह 27.86 प्रतिशत चढ़कर 702 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर शेयर ने 18.39 प्रतिशत की बढ़त के साथ 650 रुपये पर शुरुआत की।

### सेनोरेस फार्मा का आईपीओ 20 दिसंबर को खुलेगा




**नई दिल्ली।** सेनोरेस फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड ने अपने 582 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 372-391 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी ने बुधवार को बयान में यह जानकारी दी। आईपीओ 20 दिसंबर को खुलकर 24 दिसंबर को बंद होगा।

### वेंटिव हॉस्पिटैलिटी का निर्गम 20 दिसंबर को खुलेगा

**नई दिल्ली।** वेंटिव हॉस्पिटैलिटी ने 20 दिसंबर से खुलने वाले अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए मंगलवार को 610-643 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया। कंपनी ने कहा कि उसका आईपीओ 24 दिसंबर को बंद होगा। एंकर निवेशक 19 दिसंबर को शेयरों के लिए बोलियां लगा सकेंगे। आईपीओ पूरी तरह 1,600 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों के नए निर्गम पर आधारित है और इसमें कोई बिक्री पेशकश शामिल नहीं है।

# चीन से निपटने एक्टिव जापानी कंपनियां, होंडा, निसान व मित्सुबिशी का होगा मर्जर!

नई दिल्ली

जापान की दो बड़ी ऑटो कंपनियां निसान मोटर और होंडा मोटर मर्जर की तैयारी में हैं। खासकर ईवी सेगमेंट में चीन से मिल रही कड़ी चुनौती ने जापान की दूसरे और तीसरे नंबर की ऑटो कंपनियों को मर्जर के लिए मजबूर किया है।

- चीन से जापानी ऑटो कंपनियों को मिल रही चुनौती

एक रिपोर्ट के मुताबिक दोनों कंपनियां एक होल्डिक कंपनी बनाने के लिए आपस में बातचीत कर रही हैं। इसमें मित्सुबिशी मोटर को भी शामिल किया जा सकता है। एकदूसरे से होड़ करने के बजाय ये कंपनियां आपस में मर्जर करना चाहती हैं। इससे उसकी लागत में कमी आएगी और मार्जिन बढ़ेगा। मंगलवार के बंद भाव पर इन कंपनियों का मार्केट कैप 50 अरब डॉलर है।

## नवंबर में वैश्विक ईवी सेल में 70 प्रतिशत हिस्सेदारी

### ग्लोबल ईवी सेल में चीन की हिस्सेदारी 70 फीसदी

नवंबर में ग्लोबल ईवी सेल्स में चीन की हिस्सेदारी करीब 70 प्रतिशत थी। चीन के उभार से होंडा और निसान साथ आ रही हैं। पिछले साल दोनों कंपनियों की ग्लोबल सेल 74 लाख यूनिट रही थी लेकिन चीन से आ रही सस्ती ईवी के कारण उन्हें संघर्ष करना पड़ रहा है। चीन की कंपनी बीवाईडी ने अक्टूबर में सेल के मामले में पहली बार टेस्ला को पीछे छोड़ दिया।







*चीन से डर : दोनों कंपनियों का कहना है कि उनके बीच मर्जर के बारे में बातचीत अभी शुरुआती दौर में है और डील तक पहुंचने की कोई गारंटी नहीं है। हालांकि जानकारों का कहना है कि होंडा और निसान के बीच मर्जर आसान नहीं होगा। इसकी वजह यह है कि इससे बड़ी संख्या में लोगों की नौकरी जा सकती है। साथ ही इस पार्टनरशिप में मित्सुबिशी को भी शामिल किया जा सकता है। इस कंपनी की सबसे बड़ी शेयरहोल्डर निसान है।*

### मर्जर से निसान को ज्यादा फायदा

इस मर्जर से सबसे ज्यादा फायदा निसान को होगा। पिछले महीने कंपनी ने 9,000 नौकरियों में कटौती और मैन्यूफैक्चरिंग कैपेसिटी में 20 फीसदी कमी की घोषणा की थी। इसके बावजूद कंपनी का ऑपरेटिंग मार्जिन के 0.4 फीसदी रहने का अनुमान है। हालांकि होंडा कुछ बेहतर पोजीशन में है। उसका ऑपरेटिंग मार्जिन 4.6 फीसदी रहने की उम्मीद है। मार्च में इन दोनों कंपनियों ने ईवी के लिए स्ट्रैटजिक पार्टनरशिप की संभावना तलाशने पर सहमति जताई थी। चीन में ईवी कारों के उत्पादन में बूम आने के बाद लोग पेट्रोल और डीजल कारों को छोड़कर इलेक्ट्रिक कारों का रुख कर रहे हैं।

### अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया: निसान

इस बीच निसान ने इस बारे में एक बयान जारी किया है। कंपनी ने कहा कि माडिया में इस तरह की रिपोर्ट है कि होंडा, निसान और एमएमसी एक व्यावसायिक एकीकरण पर विचार कर रहे हैं। यह हमारी कंपनी की किसी घोषणा पर आधारित नहीं है। इस वर्ष मार्च और अगस्त में घोषित किया गया था कि निसान, होंडा और एमएमसी भविष्य में सहयोग के विभिन्न संभावनाओं पर विचार कर रहे हैं। लेकिन अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

## स्वदेशी जागरण मंच ने कहा, इससे उत्पादों की तस्करी बढ़ेगी

# अहितकर वस्तुओं पर 35 प्रतिशत जीएसटी का प्रस्ताव 'बुरा विचार': एसजेएम

नई दिल्ली

स्वदेशी जागरण मंच (एसजेएम) ने शीतल पेय (ऐरेटिड बेवरेजेज), सिगरेट तथा तंबाकू जैसे अहितकर उत्पादों पर 35 प्रतिशत की दर से माल एवं सेवा कर (जीएसटी) लगाने के प्रस्ताव को ''बुरा विचार'' करार दिया है। एसजेएम ने कहा कि इससे इन उत्पादों की तस्करी बढ़ेगी और देश को राजस्व का नुकसान होगा।

इसके अलावा, अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्पाद वितरकों के महासंघ (एआईसीपीडीएफ) और इंडियन सेलर्स कलेक्टिव (देश भर के व्यापार संघों तथा विक्रेताओं का प्रमुख निकाय) जैसे अन्य निकायों ने भी जीएसटी दर युक्तिकरण पर मंत्रिसमूह की सिफारिशों को लेकर चिंता जताई है।

### 35 फीसदी की विशेष दर लगाने की सिफारिश

इस महीने की शुरुआत में मंत्रियों के समूह (जीओएम) ने 'ऐरेटिड' पेय पदार्थ, सिगरेट, तंबाकू जैसे अहितकर उत्पादों पर 35 प्रतिशत की विशेष दर से कर लगाने की सिफारिश की थी। बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता वाले मंत्री समूह ने परिधानों पर कर दरों को तर्कसंगत बनाने का भी सुझाव दिया।




- देश के राजस्व को भी काफी नुकसान हो सकता है
- मंत्रिसमूह की सिफारिशों को लेकर चिंता जताई
- प्रस्ताव में शीतल पेय, सिगरेट व तंबाकू पर 35 फीसदी जीएसटी प्रस्तावित

*सिगरेट के कालाबाजार का लाभार्थी चीन है : महाजन ने कहा, '' तस्करी की गई सिगरेट के इस काले बाजार का सबसे बड़ा लाभार्थी चीन है। यह वैध सिगरेट की बिक्री की तुलना में कहीं अधिक हानिकारक होगा। इस तरह के उच्च कराधान के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले आर्थिक प्रभाव के बारे में भी चिंताएं व्यक्त की गईं।*

*सिगरेट पर ऊंचे कर से काला बाजार पैदा : महाजन ने तंबाकू के खिलाफ लड़ाई की बात दोहराई लेकिन कहा कि यह मुद्दा इतना सरल नहीं है और इसके लिए बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि सिगरेट पर ऊंचे कर से एक बहुत बड़ा 'काला बाजार' पैदा हो गया है।*

### उपभोक्ताओं पर बोझ बढ़ेगा

अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्पाद वितरकों के महासंघ और इंडियन सेलर्स कलेक्टिव ने भी इस प्रस्ताव का विरोध करते हुए कहा कि इससे छोटे खुदरा विक्रेताओं को नुकसान होगा, उपभोक्ताओं पर बोझ बढ़ेगा तथा कालाबाजारी को बढ़ावा मिलेगा।

### जीएसटी में एक और स्लैब होगी तैयार

एसजेएम के राष्ट्रीय सह-संयोजक अश्विनी महाजन ने कहा, '' विलासिता और अहितकर वस्तुओं के नाम पर जीएसटी में एक और 'स्लैब' (दर) मुख्य तौर पर एक बुरा विचार है। यह कराधान के दक्षता सिद्धांत के खिलाफ है। अर्थशास्त्रियों के बीच पहले से ही यह जरूरत महसूस की जा रही है कि 'स्लैब' की वर्तमान संख्या को कम किया जाना चाहिए और उच्चतम 28 प्रतिशत 'स्लैब' को समाप्त किया जाना चाहिए।''

### मंजूरी मिलने से जीएसटी और जटिल होगा

यदि आगामी जीएसटी परिषद की बैठक में इस उच्च दर को मंजूरी दे दी जाती है, तो इससे जीएसटी और भी जटिल जाएगा तथा तस्करी को बढ़ावा मिलेगा। राजस्थान के जैसलमेर में 21 दिसंबर, 2024 को होने वाली जीएसटी परिषद की 55वीं बैठक में स्वास्थ्य समेत बीमा पर जीएसटी छूट के साथ इसपर भी विचार हो सकता है।

# पोको ने पेश किया सबसे सस्ता 5जी स्मार्टफोन

नई दिल्ली



- कंपनी ने 7999 रुपए की कीमत पर पोको सी75 5जी किया पेश
- देश का सबसे सस्ता स्मार्टफोन किया पेश

स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनी पोको इंडिया ने मंगलवार को 7,999 रुपये की कीमत वाला 5जी स्मार्टफोन 'पोको सी75 5जी' पेश किया। कंपनी का दावा है कि यह देश का सबसे सस्ता स्मार्टफोन है।

इस दौरान पोको इंडिया के प्रमुख हिमांशु टंडन ने कहा कि देश में सभी के लिए सुलभ प्रौद्योगिकी पेश करना ही कंपनी का लक्ष्य है। टंडन ने यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''पोको में हमारा लक्ष्य हमेशा ऐसी प्रौद्योगिकी पेश करना रहा है, जो सभी के लिए सुलभ और उपयोगी हो। कंपनी ने दो स्मार्टफोन पेश किए हैं, जिनमें एम7 प्रो 5जी स्मार्टफोन में इस खंड का सबसे चमकदार एएमओएलईडी डिस्प्ले, बेहतर ऑडियो (सुनने की) गुणवत्ता है। वहीं, पोको सी75 5जी भारत का सबसे सस्ता 5जी स्मार्टफोन है, जिसमें खासतौर पर सोनी का कैमरा सेंसर लगा है।

टंडन ने कहा, ''इन नए स्मार्टफोन के साथ पोको अपना वादा दोहराती है कि हम अपने ग्राहकों को बेहतरीन प्रौद्योगिकी और खूबियों को किफायती कीमत पर उपलब्ध कराते रहेंगे।'' कंपनी ने बयान में कहा कि एम7 प्रो 5जी में 5110 एमएएच, तो सी75 5जी में 5160 एमएएच की शक्तिशाली बैटरी दी गई हैं।

पोको एम7 प्रो 5जी तीन रंगों – लूनर डस्ट, लैवेंडर फ्रोस्ट और ओलिव ट्विलाइट में पेश किया गया है। पोको सी75 5जी भी तीन रंगों- एनचांटेड ग्रीन, एक्वा ब्लू और सिल्वर स्टारडस्ट में है। कंपनी ने बताया कि दोनों स्मार्टफोन ई-कॉमर्स मंच फ्लिपकार्ट पर उपलब्ध होंगे।

### आज से बिक्री होगी शुरू

पोको सी75 5जी की बिक्री 19 दिसंबर से तो पोको एम7 प्रो 5जी की बिक्री 20 दिसंबर से शुरू होगी। पोको एम7 प्रो 5जी का शुरुआती मूल्य 13,999 रुपये तो पोको सी75 5जी की कीमत 7,999 रुपये है।

# सोने में 200 रु. की गिरावट, चांदी 500 रु.तेज

नई दिल्ली



- सोना टूटकर 79,100 रुपए प्रति दस ग्राम रहा
- चांदी बढ़कर 92,000 रुपए प्रति किलोग्राम पहुंची

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूती के रुख के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 200 रुपये टूटकर 79,100 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। पिछले सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 79,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

तीन दिन की गिरावट के बाद बुधवार को चांदी 500 रुपये बढ़कर 92,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। मंगलवार को यह 91,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। पिछले तीन सत्रों में चांदी 5,500 रुपये प्रति किलोग्राम टूट चुकी है। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत मंगलवार के 78,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के पिछले बंद भाव से 200 रुपये की गिरावट के साथ 78,700 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। सोना रक्षात्मक रुख अपनाए हुए है, क्योंकि बाजार अमेरिकी फेडरल रिजर्व (फेड) की बैठक के नतीजों का इंतजार कर रहा है, जो सर्राफा कीमतों के लिए आगे दिशा दिखा सकता है। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष और जिंस और मुद्रा के शोध विश्लेषक जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''आज रात फेडरल रिजर्व की नीति घोषणा का इंतजार कर रहे बाजार प्रतिभागियों के कारण सोना एक सीमा के भीतर कारोबार कर रहा है।''

## पवन हंस को ओएनजीसी से मिला 10 साल का ठेका



**मुंबई।** सार्वजनिक क्षेत्र की हेलीकॉप्टर सेवा प्रदाता कंपनी पवन हंस को ओएनजीसी को चार हेलीकॉप्टर मुहैया कराने के लिए 2,000 करोड़ रुपये से अधिक का 10 साल का ठेका मिला है। कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा, प्रतिस्पर्धी वैश्विक बोली के जरिये यह ठेका हासिल किया गया। पवन हंस इसके तहत ओएनजीसी के अपतटीय परिचालन के लिए चार एचएएल निर्मित ध्रुव एनजी हेलीकॉप्टर तैनात करेगा।

ओएनजीसी ने इन अत्याधुनिक भारत निर्मित हेलीकॉप्टर को उपलब्ध कराने के लिए पवन हंस को ठेका देने से जुड़ी अधिसूचना जारी कर दी है। पवन हंस लिमिटेड ने कहा, 'एचएएल के नए हेलीकॉप्टर अगले साल अपतटीय सेवा (चालक दल की आवाजाही) में तैनात किए जाएंगे। 2,141 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का यह ठेका 10 साल की अवधि के लिए दिया गया है।

# अदाणी, सांघी व पेन्ना सीमेंट को अंबुजा में करेगा विलय

**नई दिल्ली।** अदाणी समूह ने कहा कि वह हाल में अधिग्रहरत सांघी इंडस्ट्रीज और पेन्ना सीमेंट का अंबुजा सीमेंट के साथ विलय करेगा। समूह सीमेंट कारोबार का एक इकाई में एकीकरण करने के लिए यह कदम उठा रहा है। अंबुजा सीमेंट ने मंगलवार को अपनी अनुषंगी कंपनियों सौराष्ट्र स्थित सांघी इंडस्ट्रीज (एसआईएल) और आंध्र प्रदेश स्थित पेन्ना सीमेंट इंडस्ट्रीज लिमिटेड (पीसीआईएल) के विलय के लिए अलग-अलग योजनाओं की घोषणा की।

देश की दूसरी सबसे बड़ी सीमेंट विनिर्माता कंपनी ने एक बयान में कहा, 'इस एकीकरण से संगठन संरचना को सुव्यवस्थित करने और प्रभावी शासन के लिए अनुपालन आवश्यकताओं को सरल बनाने में मदद मिलेगी। इससे अरबपति कारोबारी गौतम अदाणी की सीमेंट इकाई को अधिग्रहीत इकाइयों की संयुक्त ताकत का लाभ उठाने में भी मदद मिलेगी।

# एमएसएमई निर्यातकों के लिए ऊंची ब्याज दरें एक बड़ी बाधा: डीजीएफटी

नई दिल्ली




- वित्तीय संस्थानों द्वारा बहुत ज्यादा गारंटी मांगी जा रही
- एमएसएमई के लिए संस्थागत वित्त तक पहुंच में दिक्कत आती है

विदेश व्यापार महानिदेशक (डीजीएफटी) संतोष कुमार सारंगी ने कहा कि ऊंची ब्याज दरें निर्यातक समुदाय के लिए एक बड़ी बाधा हैं और वाणिज्य मंत्रालय इस मोर्चे पर उनकी मदद के लिए वित्त मंत्रालय के साथ मिलकर काम कर रहा है।

सारंगी ने कहा कि वाणिज्य मंत्रालय को वित्त मंत्रालय को ब्याज समानीकरण योजना (आईईएस) की प्रासंगिकता तथा विनिर्माण प्रतिस्पर्धा को बनाए रखने में उसके योगदान को समझाने में 'कठिनाई' आ रही है। सारंगी ने कहा कि ऐसे कई अध्ययन हैं जिनसे पता चलता है कि वित्तीय संस्थानों द्वारा बहुत ज्यादा गारंटी मांगी जाती है, जिसकी वजह से सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के लिए संस्थागत वित्त तक पहुंच में दिक्कत आती है और यह उन्हें निर्यात बाजार में आने से रोकती है। सारंगी ने कहा, '' इसलिए हम एमएसएमई के लिए बिना किसी गारंटी या सब्सिडी वाली व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए वित्त मंत्रालय के साथ काम कर रहे हैं।'' विदेश व्यापार महानिदेशक ने भारतीय उद्योग परिसंघ के निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता सम्मेलन में यह बात कही।

उन्होंने कहा कि भारत में अपने समकक्ष देशों की तुलना में ब्याज दरें ऊंची हैं। भारत में रेपो दर 6.5 प्रतिशत है, जबकि कई दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में यह 2.5 से 3.5 प्रतिशत के बीच है। उन्होंने कहा, इसलिए यह हमारे निर्यातकों, खासकर एमएसएमई के लिए निर्यात के मामले में प्रतिस्पर्धी बनने की राह में सबसे बड़ी बाधा है।

### ब्याज समानीकरण योजना अभी भी जारी

निर्यातकों को निर्यात से पहले और बाद में रुपये में निर्यात ऋण के लिए ब्याज समानीकरण योजना के तहत सब्सिडी मिलती है। यह योजना एक अप्रैल, 2015 को शुरू की गई थी और पहले इसे 31 मार्च, 2020 तक पांच साल के लिए लागू किया गया था। हालांकि इसके बाद भी इसे जारी रखा गया।

# रियल एस्टेट क्षेत्र में इस साल जमकर बरसा पैसा

- रिकॉर्ड 8 .87 अरब डॉलर का संस्थागत निवेश हुआ



**नई दिल्ली।** भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में संस्थागत निवेश इस साल 51 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 8.87 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। रियल एस्टेट सलाहकार कंपनी जेएलएल इंडिया ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी देते हुए कहा कि निवेशक आवास, कार्यालय और भंडारण संपत्तियों की मजबूत मांग को भुनाना चाहते हैं, जिस कारण यह वृद्धि हुई।

जेएलएल इंडिया ने बुधवार को जारी रिपोर्ट में अनुमान लगाया है कि 2024 में भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में संस्थागत निवेश का कुल आंकड़ा 8.87 अरब डॉलर रहेगा, जबकि 2023 के कैलेंडर साल में यह 5.87 अरब डॉलर था। भारतीय रियल एस्टेट में कुल संस्थागत निवेश में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) का योगदान 63 प्रतिशत रहा है।

# विदेशी कोषों की निकासी से शेयर बाजार में गिरावट

मुंबई



- सेंसेक्स 502 अंक और निफ्टी 137 अंक टूटा

विदेशी कोषों की निकासी के बीच उपयोगिता, पूंजीगत उत्पाद और धातु शेयरों में बिकवाली से घरेलू शेयर बाजार बुधवार को लगातार तीसरे दिन गिरकर बंद हुए। सेंसेक्स 500 से अधिक अंक टूट गया, जबकि निफ्टी 24,200 अंक के स्तर से नीचे आ गया।

कारोबारियों ने कहा कि नीतिगत ब्याज दर में कटौती पर अमेरिकी फेडरल रिजर्व का फैसला आने के पहले निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया जिससे कारोबारी धारणा पर असर पड़ा।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 502.25 अंक यानी 0.62 प्रतिशत गिरकर 80,182.20 अंक पर बंद हुआ। का रोबार के दौरान एक समय यह 634.38 अंक लुढ़ककर 80,050.07 अंक पर आ गया था।

*इन शेयरों में रहा नफा-नुकसान : सेंसेक्स की कंपनियों में से टाटा मोटर्स, पावर ग्रिड, एनटीपीसी, अदाणी पोर्ट्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, लार्सन एंड टुब्रो और बजाज फाइनेंस में प्रमुख रूप से गिरावट रही। इसके उलट, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), रिलायंस इंडस्ट्रीज, टेक महिंद्रा और एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए।*

## विशाल का शेयर बीएसई पर 110 रुपए पर हुआ सूचीबद्ध

# विशाल मेगा और मोबिक्विक में पैसा लगाने वालों की बल्ले-बल्ले

नई दिल्ली

सुपरमार्केट चेन विशाल मेगा मार्टऔर मोबिक्विक के शेयरों ने बाजार में शानदार एंट्री की है। विशाल मेगा मार्ट का शेयर बीएसई पर 110 रुपए पर सूचीबद्ध हुआ, जबकि आईपीओ का अपर प्राइस बैंड 78 रुपए था। इस तरह विशाल मेगा मार्ट आईपीओ में पैसा लगाने वाले निवेशकों को 41 फीसदी लिस्टिंग गेन मिला है। वहीं, मोबिक्विक के शेयर आईपीओ प्राइस 279 के मुकाबले 442.25 रुपए पर लिस्ट हुए हैं और निवेशकों को 58 फीसदी का लिस्टिंग गेन दिया है।

विशाल मेगा मार्ट शेयर में लिस्टिंग के बाद शेयर में थोड़ी गिरावट आई और सुबह 10:20 बजे यह बीएसई पर 105.94 रुपए पर कारोबार करता रहा। वहीं, मोबिक्विक के शेयरों में लिस्टिंग के बाद भी तेजी रही और ये 506 रुपए तक पहुंच गए। मोबिक्विक ने आईपीओ के जरिए 572 करोड़ रुपए बाजार से जुटाए, जबकि विशाल मेगा मार्ट आईपीओ का साइज 8,000 करोड़ रुपए था।

- मोबिक्विक ने निवेशकों को 58 फीसदी का लिस्टिंग गेन दिया







### विशाल का 74-78 रुपए था प्राइस बैंड

विशाल मेगा मार्ट आईपीओ का प्राइस बैंड 74-78 रुपए प्रति शेयर था और एक लॉट में 190 शेयर थे। आईपीओ में केवल 102.56 करोड़ शेयरों का ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) था और कोई नया शेयर जारी नहीं किया गया था। 8,000 करोड़ रुपए के आईपीओ को निवेशकों का जबरदस्त समर्थन मिला और यह 28.75 गुना भरा। इश्यू का क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स के लिए आरक्षित हिस्सा 85.11 गुना, नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स के लिए रिजर्व हिस्सा 15 गुना तो रिटेल इनवेस्टर्स के लिए रिजर्व हिस्सा 2.43 गुना सब्सक्राइब हुआ था।

### अभी बेचें या न बेचे मोबिक्विक शेयर

एक रिपोर्ट के अनुसार, स्टॉक्सबॉक्स के रिसर्च एनालिस्ट अभिषेक पंड्या ने निवेशकों को मोबिक्विक शेयर मध्यम से लंबी अवधि तक होल्ड करने की सलाह दी है। उनका कहना है कि कंपनी की मजबूत बाजार उपस्थिति, बेहतर वित्तीय प्रदर्शन और इंडस्ट्री की अनुकूल परिस्थितियों को देखते हुए मोबिक्विक शेयर में आगे भी तेजी आने की संभावना है।

### मोबिक्विक आईपीओ 125 गुना भरा था

मोबिक्विक आईपीओ को निवेशकों का जोरदार रिस्पॉन्स मिला था और यह 125.69 गुना सब्सक्राइब हुआ था। रिटेल निवेशकों के लिए आरक्षित हिस्सा 141.78 गुना, नॉन-इंस्टीट्यूशनल निवेशकों के लिए रिजर्व हिस्सा 114.7 गुना और क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स के लिए आरक्षित हिस्सा 125.82 गुना भरा था।

# अंडर-19 महिला एशिया कप : भारत ने श्रीलंका को हराकर फाइनल में बनाई जगह, अब खिताब पर नजरें

**कुआलालंपुर (एजेंसी)।** बाएं हाथ की स्पिनर आयुषी शुक्ला ने शानदार 4 विकेट लेकर भारत को शुक्रवार को बेयूमास क्रिकेट ओवल में श्रीलंका को 4 विकेट से हराकर अंडर-19 महिला एशिया कप के फाइनल में प्रवेश दिलाया। भारत की पिछली सुपर फोर जीत में बांग्लादेश के खिलाफ तीन विकेट लेने वाली आयुषी ने 4-10 के आंकड़े हासिल किए और श्रीलंका को 20 ओवरों में 98/9 पर सीमित करने में अहम भूमिका निभाई।

उन्हें साथी बाएं हाथ की स्पिनर परुनिका सिसोदिया का अच्छा साथ मिला जिन्होंने दो विकेट लिए, जबकि शबनम शकील और द्रिथी केसरी ने एक-एक विकेट लिया, क्योंकि मनुदी नानायकारा के 33 रन को छोड़कर श्रीलंका की कोई भी बल्लेबाज 25 तक नहीं पहुंच सकी। ईश्वरी अवसारे और सानिका चालके को जल्दी खोने के बावजूद जी त्रिशा और जी कमलिनी ने सुनिश्चित किया कि 99 रन का पीछा करने की भारत की कोशिश पटरी पर रहे।

2023 महिला अंडर 19 टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम की सदस्य त्रिशा ने 24 गेंदों में 32 रन बनाए और जी कमलिनी के साथ 63 रनों की साझेदारी की जिन्होंने 26 गेंदों में 28 रन बनाए। श्रीलंका ने मैच में वापसी की क्योंकि चामुदी मुनासिंघे ने त्रिशा को आउट कर दिया लेकिन शांत और धैर्यवान मिथिला विनोद ने चार चौके लगाए जिसमें विजयी रन भी शामिल था, और 12 गेंदों पर 17 रन बनाकर नाबाद रहीं जिससे भारत ने 14.5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।

आयुषी को उनके चार चौकों के लिए अंततः प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। भारत अब रविवार को बयूमास क्रिकेट ओवल में होने वाले टूर्नामेंट के उद्घाटन संस्करण के खिताबी मुकाबले में बांग्लादेश-नेपाल सुपर फोर गेम के विजेता से भिड़ेगा।




# चौथे और पांचवें टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान, 19 साल का युवा टीम में शामिल



**लुसैल (कतर) (एजेंसी)।** मेलबर्न = ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के चौथे और पांचवें टेस्ट के लिए टीम की घोषणा कर दी है। युवा सैम कोंस्टास को आस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया गया जबकि सलामी बल्लेबाज नाथन मैकस्वीनी को जगह नहीं मिल सकी है। 19 वर्ष के कोंस्टास पिछले 70 साल में ऑस्ट्रेलिया के सबसे युवा टेस्ट बल्लेबाज होंगे। पहले तीन टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के शीर्षक्रम खासकर मैकस्वीनी के खराब प्रदर्शन के बाद कोंस्टास को टीम में जगह मिली।

पर्थ में पहले टेस्ट में पदार्पण करने वाले 25 वर्ष के मैकस्वीनी एक भी अर्धशतक नहीं लगा सके और छह पारियों में 10, 0, 39, नाबाद 10, 9 और चार स्कोर किया। वहीं कोंस्टास ने न्यू साउथवेल्स के लिए शेफील्ड शील्ड के दो मैचों में शतक जमाया। भारत ए के खिलाफ एमसीजी पर मैच में उन्होंने नाबाद 73 रन बनाए जबकि कैनबरा में भारत के खिलाफ प्रधानमंत्री एकादश के लिए गुलाबी गेंद के मैच में 107 रन की पारी खेली।

ऑस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा, 'सैम को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। उसकी बल्लेबाजी की शैली अलग है। हमें विश्वास है कि नाथन के पास काबिलियत है और उसे भविष्य में टेस्ट क्रिकेट में और मौके मिलेंगे। उसे बाहर रखने का फैसला कठिन था।'

**चौथे और पांचवें टेस्ट के लिए आस्ट्रेलियाई टीम**

पैट कमिंस (कप्तान), सीन एबोट, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, ट्रेविस हेड, जोश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिचेल मार्श, झाय रिचर्डसन, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, ब्यू वेबस्टर।

# पृथ्वी को एमसीए ने करारा जवाब दिया, अनुशासन में रहें




**-फिटनेस और रवैया सुधारें**

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने विजय हजारे ट्रॉफी के लिए टीम में शामिल नहीं किये जाने पर आलोचना कर रहे बल्लेबाज पृथ्वी शॉ को करारा जवाब दिया है। एमसीए के एक अधिकारी ने कहा कि पृथ्वी ने लगातार अनुशासन तोड़ा है और उसकी हरकतों से हमें शर्मिंदा होना पड़ता है। इसलिए टीम से बाहर किसे जाने का कारण स्वयं वह है। एमसीए ने कहा कि पृथ्वी स्वयं ही अपना दुशमन है। खराब फिटनेस, रवैये और अनुशासन के कारण कई बार टीम को मैदान पर उसे छुपाना तक पड़ा है।

इससे पहले इस युवा क्रिकेटर ने 16 सदस्यीय विजय हजारे ट्रॉफी टीम में जगह नहीं मिलने पर सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपनी नाराजगी जतायी थी। इस क्रिकेटर का कहना है कि इससे पहले सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीतने वाली मुंबई टीम में वह शामिल था। अधिकारी ने कहा, 'सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में हम 10 फील्डरों के साथ खेल रहे थे क्योंकि पृथ्वी को छिपाना पड़ता था। गेंद उसके पास से निकल जाती थी और वह पकड़ नहीं पाता था। उन्होंने कहा, 'बल्लेबाजी के दौरान भी उसे गेंद तक पहुंचने में परेशानी हो रही थी। उसकी फिटनेस, अनुशासन और रवैया खराब है और अलग-अलग खिलाड़ी के लिए अलग नियम नहीं हो सकते। टीम में सीनियर खिलाड़ी भी उसके रवैये की शिकायत करने लगे थे।

ट्रॉफी के दौरान वह नियमित तौर पर अभ्यास सत्रों से गायब रहे और पूरी रात बाहर रहने के बाद सुबह छह बजे टीम होटल पहुंचते थे। अधिकारी ने कहा कि मैदान से बाहर की हरकतों के कारण ही ये क्रिकेटर अपनी प्रतिभा के साथ न्याय नहीं कर पा रहा है। इसलिए उसे सोशल मीडिया पोस्ट भेजने की जगह अपने को ठीक करना चाहिये।

# पाकिस्तान का ऑलराउंड प्रदर्शन, दक्षिण अफ्रीका को बड़े अंतर से हराया

**केपटाउन (एजेंसी)।** कप्तान मोहम्मद रिजवान (80), बाबर आजम (73) और कामरान गुलाम (63) रनों की अर्धशतकीय पारियों के बाद शाहीन शाह अफरीदी (चार विकेट) तथा नसीम शाह (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत पाकिस्तान ने दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 81 रनों से शिकस्त दी। इस जीत के साथ ही पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है।

पाकिस्तान के 329 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका के लिए कप्तान तेम्बा बवूमा और टोनी डीजॉर्जी की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 34 रन जोड़े। छठे ओवर में नसीम शाह ने तेम्बा बवूमा (12) को आउट कर पाकिस्तान को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद 12वें ओवर में अबरार अहमद ने डीजॉर्जी (34) को बोल्ड कर दक्षिण अफ्रीका को दूसरा झटका दिया।

रासी वान दर दुसें (23), एडन मारक्रम (21) और डेविड मिलर (29) रन बनाकर आउट हुई। हाइनरिक क्लासन ने 74 गेंदों में आठ चौकों और चार छक्को की मदद से (94) रनों की पारी खेली। पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण के आगे इसके बाद दक्षिण अफ्रीका का कोई भी बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सका। दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम 43.1 ओवर में 248 रन पर सिमट गई। कामरान गुलाम को उनकी आतिशी बल्लेबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच% से नवाजा गया। पाकिस्तान की ओर से शाहीन शाह अफरीदी ने चार विकेट तथा नसीम शाह ने तीन विकेट लिए। अबरार अहमद को दो विकेट मिले। आगा सलमान ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले कल देर रात खेले गए मुकाबले में पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 330 रनों का लक्ष्य दिया था। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में अब्दुल्लाह शफीक (पांच) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाज करने आये बाबर आजम ने सईम अयूब के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 10वें ओवर में वेना मफाका ने सईम अयूब (25) को आउट कर पाकिस्तान को दूसरा झटका दिया।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आए कप्तान मोहम्मद रिजवान ने बाबर आजम के साथ तीसरे विकेट के लिए 115 रनों की साझेदारी की। तीसरे विकेट के रूप में बाबर आजम (73) रन बनाकर आउट हुये। आगा सलमान (33), इरफान खान (15) और शाहीन शाह अफरीदी (16) रन बनाकर आउट हुए। मोहम्मद रिजवान ने 82 गेंदों में सात चौके और तीन छक्के लगाते हुए (80) रन बनाए। वही कामरान गुलाम ने 32 गेंदों में चार चौक और पांच छक्कों की मदद से तूफानी अंदाज में (63) रनों की पारी खेली। पाकिस्तान की पूरी टीम निर्धारित 50 ओवरों में 329 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका की ओर से वेना मफाका ने चार विकेट लिए। माकर यानसन को तीन विकेट मिले। ब्योर्न फोर्टेन और एंडिले फेहुक्वायो ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।




# मेरे करियर के अंतिम दिन का कॉल लॉग ऐसा अंदाजा नहीं था : अश्विन

चेन्नई। अनुभवी स्पिनर आर अश्विन ने अंतरराष्ट्रीय से संन्यास वाले दिन को याद कर कहा है कि अगर किसी ने मुझसे 25 साल पहले कहा होता कि इस दिन मेरे पास स्मार्ट फोन होगा और बतौर भारतीय क्रिकेटर मेरे करियर के आखिरी दिन का कॉल लॉग ऐसा होगा तो मैं मुझे उसी दिन हार्ट अटैक आ गया होता। अश्विन ने तीसरे टेस्ट मैच के ठीक बाद अचानक ही संन्यास की घोषणा कर दी थी। उनके संन्यास से खेलजगत हैरान रह गया था. किसी को भी अंदाजा नहीं था कि जिस गेंदबाज ने 537 टेस्ट विकेट लिए हैं, वह क्रिकेट से इस प्रकार संन्यास ले लेगा। टीम में शामिल तो अश्विन के फैसले से हैरान ही थी, अश्विन को संन्यास लेने के बाद दिग्गज क्रिकेटरों ने भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। अश्विन ने अपने अंतिम दिन के कॉल लॉग का स्क्रीनशॉट भी सोशल मीडिया पर साझा किया है। इसमें अश्विन के पिता के अलावा 4 लोगों के नाम देखे जा सकते हैं। इन 4 नामों में सचिन तेंदुलकर और कपिल देव शामिल हैं1 वहीं दो अन्य नाम चीना और सुद हैं। पूर्व कप्तान. कपिल देव ने अश्विन के संन्यास पर हैरानी जताई थी.

# शमी दिल्ली के खिलाफ विजय हजारे टॉफी के शुरुआती मुकाबले से हटे, फिटनेस पर उठे सवाल

कोलकाता। भारतीय क्रिकेट टीम में वापसी का प्रयास कर रहे बंगाल के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी शनिवार को हैदराबाद में दिल्ली के खिलाफ होने वाले विजय हजारे टॉफी के शुरुआती मुकाबले से हट गये हैं। इससे एक बार फिर शमी की फिटनेस पर सवाल उठने लगे हैं। शमी 2023 एकदिवसीय विश्व कप के बाद से ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर हैं। उन्होंने टखने की सर्जरी के एक साल के बाद रणजी ट्रॉफी से घरेलू क्रिकेट में वापसी की थी। इस दौरान उन्होंने अच्छी गेंदबाजी कर करीब सात विकेट लिए।

उन्होंने हाल में समाप्त हुई सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भी नौ विकेट लिए थे पर घुटने में आ रही सूजन के कारण वह फिटनेस हासिल नहीं कर पा रहे हैं। इसी कारण उनकी भारतीय टीम में वापसी भी रुकी हुई है। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने भी हाल में कहा था कि शमी जब भी टीम में चाहें वापसी कर सकते हैं पर पहले उन्हें फिटनेस हासिल करनी होगी। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) ही उनके रिहैबिलिटेशन को देख रही है और वही उनकी फिटनेस पर कुछ कह सकती है। रोहित ने कहा कि मैं समझता हूं कि वह घर पर बहुत क्रिकेट खेल रहे हैं पर उनके घुटने को लेकर अब भी कुछ चिंतायें हैं। हम तब तक कोई जोखिम नहीं लेंगे जब तक कि हम उनकी फिटनेस के बारे में सुनिश्चित नहीं हों। वहीं विजय हजारे ट्रॉफी में शमी की भागीदारी को चैंपियंस ट्रॉफी सहित आगामी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए उनकी उपलब्धता निर्धारित करने की दिशा में एक अहम कदम के रूप में देखा जा रहा हैं पर इसके लिए उन्हें फिटनेस हासिल करनी होगी।

# बैडमिंटन में 2024 में ओलंपिक में मिली निराशा, कुछ सफलताएं और कुछ नए वादे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शानदार जोड़ी ने जहां भारतीय बैडमिंटन में एक अमिट छाप छोड़ी तो वहीं लक्ष्य सेन की पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक मैच में मिली हार इस साल कड़वे अनुभवों में शामिल रही। पूरे साल मीठे अनुभवों पर अकसर निराशा का साया रहा। सात्विक और चिराग के लिए अच्छा और बुरा दोनों समय रहे क्योंकि यह जोड़ी चार फाइनल में पहुंची और दो खिताब जीते जिससे ऐतिहासिक ओलंपिक पदक की उम्मीद जगी। लेकिन पेरिस ओलंपिक में क्वार्टरफाइनल से बाहर होने के साथ उनका अभियान निराशा में समाप्त हो गया।

एशियाई खेलों के चैम्पियन ने फ्रेंच ओपन सुपर 750 और थाईलैंड सुपर 500 में खिताब जीतकर दुनिया की शीर्ष जोड़ियों में अपना दर्जा मजबूत किया। यह जोड़ी मलेशिया सुपर 1000 और इंडिया सुपर 750 में उप विजेता रही लेकिन 8 साल में दूसरी दफा ओलंपिक जीतने का सपना पूरा नहीं हो पाया। इस हार के बाद उनके दानिश कोच माथियास बो ने इस्तीफा दे दिया, लेकिन मलेशिया के टैन किम हर की वापसी ने आत्मविश्वास बढ़ाया।




टैन किम हर को सात्विक और चिराग को एक साथ लाने का श्रेय दिया जाता है। वहीं सेन के लिए यह बहुत करीब और फिर भी दूर का मामला रहा। वह पेरिस ओलंपिक में भारत के लिए उम्मीद की किरण थे। साल की शुरुआत में फ्रेंच ओपन और ऑल इंग्लैंड चैंपियंस के सेमीफाइनल तक के सफर ने उनकी खराब फॉर्म से वापसी कराई और पहले ओलंपिक पदक के सपने को जगा दिया। हालांकि अल्मोड़ा का यह 23 वर्षीय खिलाड़ी ओलंपिक में कांस्य पदक के मैच में बुरी तरह हार गया। हालांकि उनके सैयद मोदी इंटरनेशनल में खिताबी जीत ने आगामी सत्र के लिए उम्मीद की किरण जगाई।

भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू के लिए साल निराशाजनक रहा। उन्होंने अपने कोचिंग स्टाफ में कई बदलाव किये और महान बैडमिंटन खिलाड़ी प्रकाश पादुकोण के मार्गदर्शन में ट्रेनिंग के लिए बेंगलुरु चली गईं। लेकिन उनका टूर्नामेंट के शुरूआत में बाहर होना जारी रहा जिससे उनकी फॉर्म और फिटनेस से संघर्ष उजागर हुआ। वह मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में पहुंची लेकिन तीसरा ओलंपिक पदक जीतने का सपना प्री क्वार्टरफाइनल में मिली हार से खत्म हो गया। हालांकि इस 29 साल की खिलाड़ी ने अपना सत्र सैयद मोदी इंटरनेशनल खिताब जीतकर समाप्त किया और वह इस महीने के अंत में परिणय सूत्र में बंधने के लिए तैयार हैं। एचएस प्रणय के लिए यह सत्र दृढ़ता और प्रतिकूलता भरा रहा। उनके हमवतन खिलाड़ी जहां बेहतर प्रतिद्वंद्वियों से हार गए तो वहीं प्रणय फिर अपने स्वास्थ्य से जूझते रहे। ओलंपिक से ठीक पहले पेट से जुड़ी समस्या और चिकनगुनिया से जूझता हुआ यह खिलाड़ी दृढ़ता से पेरिस के नॉकआउट चरण में पहुंचने में सफल रहा, हालांकि वह अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं दिखा। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों के ओलंपिक में पदक नहीं जीतने से निराश पूर्व आल इंग्लैंड चैम्पियन पादुकोण ने खिलाड़ियों से जवाबदेही की बात तक कह डाली।

वहीं अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो तथा गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली की दो महिला युगल जोड़ियों ने कुछ अच्छा प्रदर्शन दिखाया और भारतीय बैडमिंटन की लय को जारी रखा। अश्विनी और तनीषा का पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना किसी चमत्कार से कम नहीं था क्योंकि दोनों की रैंकिंग साल के शुरू में काफी सामान्य थी। हालांकि यह जोड़ी पेरिस में जल्दी बाहर हो गई लेकिन गुवाहाटी मास्टर्स में खिताबी जीत ने उनकी जोड़ी पर भरोसा मजबूत किया।

# बांग्लादेश ने तीसरे टी20 में भी वेस्टइंडीज को हराकर 3-0 से सीरीज जीती




किंग्सटाउन। बांग्लादेश ने मेजबान वेस्टइंडीज को तीसरे टी20 मैच में 80 रन से हराकर तीसरे टी20 मैच में भी हराकर 3-0 से सीरीज अपने नाम की है। इस मैच में बांग्लादेश ने 7 विकेट पर 189 रन बनाये और मेजबान वेस्टइंडीज को जीत के लिए 190 रनों का लक्ष्य दिया जिसके जवाब में मेजबान टीम 16.4 ओवर में 109 रनों पर ही सिमट गयी। इस मैच में बांग्लादेश के गेंदबाज हावी रहे। .वहीं वेस्टइंडीज के रोमारियो शेफर्ड 33 के अलावा एक भी बल्लेबाज 25 रन तक भी नहीं पहुंच पाया। शेफर्ड के अलावा जॉनसन चार्ल्स ने 23 रन बनाये। बांग्लादेश की ओर से रिशाद हुसैन ने सबसे अधिक 3 विकेट लिए। वहीं तस्कीन अहमद और मेहदी हसन ने 2-2 विकेट लिए। वहीं जाकिर अली ने 72 रन बनाकर टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। जाकिर ने 41 गेंद की अपनी पारी में 6 छक्के और 3 चौके लगाये। उनका स्ट्राइक रेट 175.60 रहा। सलामी बल्लेबाज परवेज हुसैन एमोन ने 39 और मेहदी हसन मिराज 29 ने भी अच्छी पारियां खेलीं। बांग्लादेश ने इससे पहले वेस्टइंडीज को पहले टी20 मैच में 7 रन और दूसरे मैच में 27 रन से हराया था।

# विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप : रोमांचक रेस में 5 टीमें, जानें भारत कैसे पहुंचेगा फाइनल में

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच वर्षा से प्रभावित तीसरा टेस्ट मैच ड्रॉ रहने के बाद वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल की दौड़ और रोमांचक हो गई है। आठ मैच बाकी हैं और फाइनल के लिए 5 दावेदार रेस में हैं। इन 5 में से कोई भी टीम ना तो फाइनल में जगह बना पाई है और ना ही पूरी तरह से बाहर है। भारत, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका अभी भी मजबूत दावेदारी पेश कर रहे हैं, जबकि श्रीलंका और पाकिस्तान दूसरों के भरोसे अभी भी रेस में हैं।




**दो मैच जीतकर फाइनल में पहुंच सकता है भारत**

भारत के लिए सबसे सरल समीकरण है कि वो बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के बाकी के बचे हुए दोनों मैच जीत जाए जिससे अंक प्रतिशत 60.53 हो जाएगा और टीम बिना किसी अन्य परिणाम पर निर्भर रहे फाइनल में पहुंच जाएगी खेल पाएगी। सीरीज 3 अभी एक-एक की बराबरी पर है।

**2 जीत और 1 ड्रॉ से फाइनल खेलेंगा ऑस्ट्रेलिया**

ऑस्ट्रेलिया को क्वालीफाई करने के लिए 2 जीत और 1 ड्रॉ की आवश्यकता है। यदि कंगारू भारत के खिलाफ अपने शेष दो टेस्ट में केवल ड्रॉ करते हैं तो उन्हें श्रीलंका के खिलाफ दो जीत की आवश्यकता होगी ताकि वे 58.77 पर समाप्त हों, जो भारत (57.02) से आगे होगा। अन्यथा दक्षिण अफ्रीका को पाकिस्तान से कम से कम 1-0 से हारना होगा। यदि ऑस्ट्रेलिया मेलबर्न और सिडनी में ये 2 टेस्ट जीतता है, तो वह अन्य परिणामों की परवाह किए बिना क्वालीफाई कर लेगा।

**दक्षिण अफ्रीका के लिए 2 मैचों में से एक जीतना जरूरी**

दक्षिण अफ्रीका को फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए पाकिस्तान के खिलाफ अपने दो टेस्ट में से एक जीतना होगा। अगर वह सीरीज 0-1 से हार जाता है तो ऑस्ट्रेलिया और भारत दोनों ही उसे पार कर सकते हैं। दोनों टेस्ट हारने पर दक्षिण अफ्रीका टीम 52.78 अंक पर आ जाएगा। ऐसे में भारत या ऑस्ट्रेलिया में से कोई एक निश्चित रूप से अपने बचे हुए मैचों में उस अंक को पार कर लेगा।

**श्रीलंका अन्य टीमों पर निर्भर**

श्रीलंका टीम ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध 2-0 की श्रृंखला जीत के साथ अधिकतम 53.85 तक पहुंच सकती है। ऑस्ट्रेलिया, भारत और दक्षिण अफ्रीका तीनों को उससे नीचे रहने के लिए द. अफ्रीका को पाकिस्तान से 0-2 से ऑस्ट्रेलि को भारत के विरुद्ध दो टेस्ट मैचों में एक जीत और एक ड्रॉ से अधिक नहीं मिलना चाहिए जबकि दक्षिण अफ्रीका को हारना होगा। श्रीलंका हाल ही में दक्षिण अफ्रीका से सीरीज हारा है।

**पाकिस्तान सिर्फ गणितीय संभावना से रेस में**

चार में से चार जीत के साथ भी पाकिस्तान 52.38 पर समाप्त होगा, जो कि द. अफ्रीका के 52.78 से थोड़ा कम होगा। हालांकि कई परिणामों के पाकिस्तान के पक्ष में जाने के पर दूसरे स्थान पर रहना संभव है। हालांकि पाकिस्तान के इस मोड़ पर पूरी तरह से बाहर होने की संभावना है।

# भारत-पाक मुकाबले हाइब्रिड मॉडल पर खेले जाने को लेकर भी खुश हैं आमिर

लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने कहा है कि भारत और पाकिस्तान के मैच कहीं भी हो, दर्शक वहां तक पहुंच जाएंगे। आमिर ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का गतिरोध समाप्त होने पर खुशी जतायी है। उन्होंने कहा कि हाइब्रिड मॉडल (तटस्थ स्थान) पर भारत-पाक मैच होने पर उन्हें खुशी हुई है। उन्होंने कहा कि भले ही भारत-पाकिस्तान मैच चाँद पर क्यों न हो प्रशंसकों को उसका पता मिल ही जाएगा। एक विशेष साक्षात्कार में आमिर ने यह भी कहा कि आईसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी के मामले को हल करने में काफी समय लिया जबकि ये मामला पहले ही हल हो जाना चाहिये था। जय शाह के नये आईसीसी चेयरमैन बनने के बाद सबसे पहले चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी का मामला हल हुआ। इसमें तय किया गया कि भारत अपने मैच पाक के साथ किसी अन्य तटस्थ स्थान पर खेलेगा। इसके साथ ही 2024-27 चक्र में सभी आईसीसी आयोजनों के लिए हाइब्रिड मॉडल तय किया गया है जो भारत या पाक में आयोजित किए जाएंगे। आमिर ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के हाइब्रिड मॉडल का स्वागत किया और इसमें भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबले पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि एक क्रिकेटर के रूप में मैं चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में तटस्थ स्थान में भारत बनाम पाकिस्तान मैच की घोषणा का स्वागत करता हूं। आमिर ने आगे कहा कि मैं इस बात का स्वागत करता हूं कि भारत और पाकिस्तान के बीच मैच हो रहा है। मैं खुश हूं और मुझे भरोसा है कि वे सभी जो इसे देखना चाहते हैं, वो भी खुश होंगे।

# केजरीवाल ने नीतीश और नायडू को लिखी चिट्ठी : बाबा साहेब को चाहने वाले भाजपा का समर्थन न करें

नई दिल्ली

राज्यसभा में डॉक्टर भीमराव आंबेडकर को लेकर अमित शाह के दिए बयान ने देश की सियासत में उबाल ला दिया है। कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दल इसे लेकर शाह और पूरी भाजपा पर हमलावर हैं। इस बीच दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने एनडीए के साथी दलों जेडीयू और टीडीपी के मुखिया नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू को चिट्ठी लिखी है। केजरीवाल ने दोनों नेताओं से कहा कि लोगों को लगता है कि बाबा साहेब को चाहने वाले भाजपा का समर्थन नहीं कर सकते। आप भी इसपर विचार करें। केजरीवाल ने कहा कि भाजपा ने संसद में बाबा साहेब का अपमान किया है।

आंबेडकर विवाद पर राजनीति गरमाई




राज्यसभा में डॉक्टर भीमराव आंबेडकर को लेकर अमित शाह के दिए बयान ने देश की सियासत में उबाल ला दिया है। कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दल इसे लेकर शाह और पूरी भाजपा पर हमलावर हैं। इस मामले में सभी अपने-अपने समीकरण साध रहे हैं।

सीएम नीतीश को पत्र

### यह प्रतिष्ठा का सवाल, लोगों की भावनाएं आहत हुई

बिहार के सीएम नीतीश कुमार को लिखे पत्र में केजरीवाल ने कहा कि मैं आपको यह पत्र एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय पर लिख रहा हूं,जो न केवल हमारे संविधान




बल्कि बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिष्ठा से भी जुड़ा है। केजरीवाल ने आगे लिखा कि हाल ही में संसद में,देश के गृह मंत्री अमित शाह ने बाबासाहेब के नाम पर जो टिप्पणी की, उसने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया है। उनका यह कहना कि आंबेडकर...आंबेडकर बोलना आजकल फैशन बन गया है न केवल अपमानजनक है, बल्कि भाजपा की बाबासाहेब और हमारे संविधान के प्रति सोच को उजागर करता है। उन्होंने भारत के संविधान को रचा और समाज के सबसे वंचित वर्गों को अधिकार दिलाने का सपना देखा,उनके बारे में ऐसा कहने का साहस आखिर भाजपा ने कैसे किया? इस से देश भर में करोड़ों लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं।

चंद्रबाबू से कहा

### शाह की टिप्पणी ने देश को स्तब्ध कर दिया

केजरीवाल ने इसके अलावा एनडीए के प्रमुख दल तेलगु देशम पार्टी के मुखिया और आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू को भी



पत्र लिखा है। केजरीवाल ने नायडू को लिखा कि मैं आपको यह पत्र एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय पर लिख रहा हूं,जो न केवल हमारे संविधान से जुड़ा है,बल्कि बाबा साहेब अंबेडकर के सम्मान और विरासत से भी जुड़ा है। हाल ही में संसद में, देश के गृह मंत्री अमित शाह ने बाबा साहेब के बारे में की गई टिप्पणी ने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया है। उन्होंने कहा कि अंबेडकर-अंबेडकर बोलना आजकल फैशन बन गया है। यह टिप्पणी न केवल अपमानजनक है,बल्कि भाजपा के बाबा साहेब और हमारे संविधान के प्रति दृष्टिकोण को भी दर्शाती है।

### वंचित वर्गों को समान अधिकार दिलाया

बाबा साहेब आंबेडकर को कोलंबिया विश्वविद्यालय ने 'डॉक्टर ऑफ लॉस' की उपाधि से सम्मानित किया था। उन्होंने



भारतीय संविधान का निर्माण किया और समाज के सबसे वंचित वर्गों को समान अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष किया। ऐसे में भाजपा को उनके बारे में ऐसी टिप्पणी करने की हिम्मत कैसे हुई? इससे देश भर में करोड़ों लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। अमित शाह ने अपने बयान के लिए माफी मांगने की बजाएउसे सही ठहराया। प्रधानमंत्री जी ने सार्वजनिक रूप से अमित शाह जी के बयान का समर्थन किया,जिससे चोट पर नमक छिड़कने का काम हुआ।

## खबर संक्षेप

### पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ को अहम पद देने की अटकलें

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के पूर्व सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ को मोदी सरकार राष्ट्रीय मानवाधिकार



आयोग का अध्यक्ष बना सकती है। पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली समिति ने आयोग के अगले अध्यक्ष का चयन करने के लिए बैठक की। इसमें गृह मंत्री अमित शाह, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी थे।

### नरसिंहानंद सुप्रीम कोर्ट तक करेंगे पैदल मार्च

**हरिद्वार।** प्रशासन ने हरिद्वार में धर्म संसद की अनुमति नहीं दी। यति नरसिंहानंद ने धर्म संसद बुलाने का



ऐलान किया था। प्रशासन के रुख पर नरसिंहानंद ने नाराजगी जताई। उन्होंने अगर बांग्लादेश में हिंदू मरता है तो क्या रोने का अधिकार नहीं है? वे 21 को जूना अखाड़े से सुप्रीम कोर्ट तक पैदल मार्च करेंगे। अत्याचार पर बोलने का हमें हक नहीं है।

### अजय जनेऊ दिखा बोले 24 कैरेट ब्राह्मण हूं

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ स्थित कांग्रेस कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ता प्रभात पांडेय की मौत पर



सियासत गर्मा रही है। गुरुवार को गोरखपुर में प्रभात का अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय भी पहुंचे। यहां पर वह भड़क गए। अपना जनेऊ दिखाते हुए कहा कि यह देख लो, हम 24 कैरेट ब्राह्मण हैं।

### राहुल किसी को धक्का नहीं दे सकतेः उमर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने राहुल गांधी का बचाव किया है। अब्दुल्ला ने



भाजपा के दावों को खारिज करते हुए कहा कि मैं राहुल को जानता हूं। वेकिसी को धक्का नहीं दे सकते हैं, वह किसी के साथ असभ्य व्यवहार करने वाले व्यक्ति नहीं हैं। सड़क पर भी धक्का नहीं दे सकते।

## राहुल का आरोप- अडाणी मामले से ध्यान भटका रही भाजपा

केंद्रीय मंत्री शिवराज ने किया विपक्ष पर पलटवार

# मारपीट तुम करो, ध्यान हम भटकाएं वे नेता प्रतिपक्ष बनने के काबिल नहीं

नई दिल्ली

बाबा साहेब आंबेडकर के अपमान से संबंधित मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आद संसद भवन परिसर में धक्का-मुक्की हो गई। इस दौरान भाजपा सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत घायल हो गए। भाजपा ने इस धक्का-मुक्की के लिए राहुल गांधी को जिम्मेदार ठहराया। इस बीच केंद्रीय मंत्री शिवराज चौहान ने इस मामले पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कांग्रेस पर सदन के भीतर अस्भयता करने का आरोप लगाया। भाजपा नेता ने बताया कि राहुल गांधी जान-बूझकर सांसदों के पास गए। वे गुंडे जैसा व्यवहार कर रहे थे। उन्होंने बताया कि इस मामले में भाजपा उचित कार्रवाई करेगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष बनने के लायक नहीं हैं।आज जब भाजपा सांसद मकर द्वार पर विरोध कर रहे थे, तो राहुल गांधी वहां आ गए। सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें अंदर जाने के लिए दूसरी जगह का इस्तेमाल करने को कहा। लेकिन वे जान-बूझकर वहां आए।

राहुल ने जो भी किया वह अकल्पनीय

कांग्रेस के आरोपों पर केंद्रीय मंत्री शिवराज चौहान ने कहा कि मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने अभी प्रेस कॉन्फ्रेंस की। हमें लगा कि वे आज जो कुछ भी किया उसके लिए माफी मांगेंगे। लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। मुझे समझ नहीं आया कि उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस क्यों की? उनकी प्रेस कॉन्फ्रेंस में उनका अहंकार झलक रहा था। मैं उनका व्यवहार देख रहा था। लेकिन गुरुवार को राहुल गांधी ने जो किया वह सभ्य समाज के लिए अकल्पनीय है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस करके चौहान ने कहा राहुल जान-बूझकर सांसदों के पास गए



### क्या संसद में तर्क की जगह बाहुबल का इस्तेमाल होगा?

प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए चौहान ने कहा कि हमारे सांसदों ने शिकायत दर्ज कराई। भाजपा इस मामले में उचित कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी गुंडे जैसा व्यवहार कर रहे थे। उन्होंने वहां धक्का-मुक्की की। हमारे वरिष्ठ सांसद प्रताप सारंगी गिर गए और उन्हें सिर पर चोट लगी। वे आईसीयू में भर्ती हैं और उनका इलाज जारी है। वे बेहोश थे। उनका एमआरआई स्कैन कराया जा रहा है। क्या संसद में तर्क की जगह बाहुबल का इस्तेमाल होगा? हमारी आदिवासी सांसद फांगनोन कोन्याक ने जो कुछ भी कहा कि हम उससे दुखी हैं। उन्होंने राज्यसभा के सभापति से इसकी शिकायत की। उनके साथ अनुचित दुर्व्यवहार किया गया। सभापति ने बताया कि वह रोते हुए उनके पास पहुंचीं।

कोन्याक के गंभीर आरोप

### मेरी गरिमा और आत्मसम्मान को गहरा आघात पहुंचा



नगालैंड से भाजपा की महिला सांसद एस.फांगनॉन कोन्याक ने राहुल गांधी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने इसके लिए राज्यसभा के चेयरमैन जगदीप धनखड़ को पत्र भी लिखा है। फांगनॉन पी.कोनयाक ने कहा कि मेरी गरिमा और आत्मसम्मान को गहरा आघात पहुंचा है। जो कुछ हुआ वह बहुत दुखद है, ऐसा नहीं होना चाहिए था। राज्यसभा में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी ये मुद्दा उठाया और राहुल गांधी की आलोचना की। राज्यसभा सांसद एस.फांगनॉन पी.कोनयाक ने मीडिया से बात करते हुए बताया किराहुल गांधी करीब आए...मुझे अच्छा नहीं लगा और उन्होंने चिल्लाना शुरू कर दिया। जो कुछ हुआ वह बहुत दुखद है,ऐसा नहीं होना चाहिए था। हमें उनकी धमकी देने वाली भाषा पसंद नहीं आई।

निशिकांत का राहुल पर वार

### गुंडागर्दी करते हो, एक बूढ़े को धक्का मारते हो



इस मामले पर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। इस वीडियो में कह रहे हैं कि गुंडागर्दी करते हो, बूढ़े को धक्का मारते हो। इंसानियत नहीं है। इस पर राहुल गांधी का जवाब आता है, और वे कहते हैं कि इतना सा ही है। राहुल ने यह भी कहा कि इन्होंने भी मुझे धक्का दिया था। जिस पर भाजपा सांसद भड़क जाते हैं और जोर-जोर से चिल्लाने लगते हैं। भाजपा सांसदों के गुस्सा दिखाने के बाद राहुल गांधी चले जाते हैं।

राहुल के बचाव में उतरीं प्रियंका



## अमित शाह को बचाने की कोशिश

# भाजपा को दी चुनौती

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने गुरुवार को भाजपा और उसके सांसदों पर जमकर निशाना साधा। प्रियंका ने उन सांसदों को संसद भवन परिसर में 'जय भीम' का नारा लगाने की चुनौती दी, जो उनकी पार्टी पर बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर का अपमान करने का आरोप लगा रहे थे। उन्होंने कहा कि लोगों को यह भ्रम नहीं होना चाहिए कि भाजपा संविधान की रक्षा कर रही है, क्योंकि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की भाषा उनके असली चेहरे को दिखाती है। यह सब अमित शाह को बचाने के लिए किया जा रहा है।

प्रियंका ने कहा कि हम रोज सुबह 10 से 11 बजे तक विरोध प्रदर्शन करते हैं, लेकिन अब तक कुछ नहीं हुआ। यह सब एक साजिश है। जो हमें रोक रहे थे, हमने उनसे कहा था कि जय भीम बोलकर दिखाएं। हमने कुछ नहीं कहा, बस अपने संविधान के लिए नारे लगाए। अगर इस देश के लोग सोचते हैं कि ये लोग संविधान की रक्षा कर रहे हैं, तो उन्हें भ्रम में नहीं रहना चाहिए> शाह की भाषा ने उनकी असलियत को उजागर कर दिया। मैं उन्हें चुनौती देती हूं कि यहां आकर जय भीम बोलकर दिखाएं।

कोन्याक के आरोपों पर हिबी ईडन ने लिखा बिरला को पत्र

### कोन्याक द्वारा लगाए गए आरोप पूरी तरह मनगढ़ंत

कांग्रेस सांसद हिबी ईडन ने राहुल गांधी के खिलाफ दुर्व्यवहार के आरोप पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखा है। उन्होंने



पत्र में कहा है कि सांसद फांगनोन कोन्याक द्वारा लगाए गए आरोप पूरी तरह मनगढ़ंत हैं। उन्होंने बिना किसी तथ्य के राहुल गांधी पर आरोप लगाए हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को लिखे गए अपने पत्र में कांग्रेस सांसद हिबी ईडन ने सांसद फांगनोन कोन्याक पर आरोप भी लगाए हैं। उन्होंने कहा कि फांगनोन कोन्याक के ये आरोप विपक्ष के नेता की ईमानदारी को कम करने का एक दुर्भावनापूर्ण प्रयास है।

### केसी वेणुगोपाल, सुरेश और मनिकम ने भी लिखी चिट्ठी

इस मामले में केसी वेणुगोपाल, के सुरेश और मनिकम टैगोर सहित कांग्रेस सांसदों ने भी लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने आरोप लगाया कि इंडिया गठबंधन के सांसदों को प्रवेश करने से रोका गया। सत्ता पक्ष के तीन सांसदों ने राहुल गांधी से शारीरिक रूप से बदसलूकी की। उन्होंने कहा कि यह विपक्ष के नेता को दिए गए विशेषाधिकारों का स्पष्ट उल्लंघन है। सत्ता पक्ष के सांसदों का आचरण न केवल राहुल गांधी की व्यक्तिगत गरिमा पर एक जबरदस्त हमला था, बल्कि लोकतांत्रिक भावना के भी विपरीत था। पत्र में दावा किया कि वे शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन कर रहे थे।

धनखड़ को पद से हटाने की मांग

## सांसदों का नोटिस खारिज उपसभापति ने बताया कारण

नई दिल्ली

संसद के शीतकालीन सत्र में लगातार हंगामा जारी है। इस बीच, विपक्ष को बड़ा झटका लगा है। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ लाए अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस खारिज कर दिया गया है। उपसभापति का कहना है कि विपक्ष का महाभियोग नोटिस तथ्यों से परे है, जिसका उद्देश्य प्रचार हासिल करना है। विपक्ष का नोटिस जानबूझकर महत्वहीन है, उपराष्ट्रपति के उच्च संवैधानिक पद का अपमान है। यहां तक कि नोटिस



को अनुचित, त्रुटिपूर्ण और मौजूदा उपराष्ट्रपति की प्रतिष्ठा को धूमिल करने के लिए जल्दबाजी में तैयार किया गया है। अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए कम से कम 14 दिन पहले नोटिस जरूरी होता है, जबकि संसद का शीतकालीन सत्र ही 20 दिसंबर तक चलना है।

शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय का बड़ा बयान

## शिवसेना और आरएसएस हिंदुत्व के एक सूत्र से बंधे, हमारे विचार अलग

शिवसेना के संस्थापक पर कांग्रेस ज्वॉइन करने का दबाव डाला गया

मुंबई

शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कहा कि आरएसएस और अविभाजित शिवसेना हिंदुत्व के एक सूत्र से बंधे हैं, लेकिन उनकी



विचारधारा हमेशा अलग रही है। नई दिल्ली में पत्रकारों से बात करते हुए संजय राउत ने कहा कि 1975 में शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे पर अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय करने का दबाव डाला गया था, लेकिन उन्होंने पार्टी की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए ऐसे प्रयासों को विफल कर दिया। उन्होंने कहा कि शिवसेना और आरएसएस हिंदुत्व के एक सूत्र से बंधे हैं।

### शिवसेना का भाजपा में विलय कर दिया जाना चाहिए

शिवसेना (यूबीटी) के राज्यसभा सदस्य महाराष्ट्र के उप प्रमुख एकनाथ शिंदे द्वारा गुरुवार को नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के संस्थापक डॉ. केबी हेडगेवार के स्मारक पर किए गए दौरे के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे, जहां उन्होंने कहा कि संघ परिवार और शिवसेना की विचारधाराएं एक जैसी हैं। इस दौरान संजय राउत ने कहा कि शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना का भाजपा में विलय कर दिया जाना चाहिए।

सीएम फडणवीस ने सदन में कहा

## यहां 'लाडकी बहिन' सहित सभी योजनाएं जारी रहेंगी

मुंबई

महाराष्ट्र विधान मंडल का शीतकालीन सत्र जारी है। इस बीच, महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने 'लाडकी बहिन' योजना को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी विधानसभा में दी है। उन्होंने विधानसभा को बताया कि 'लाडकी बहिन' सहित सभी चल रही योजनाएं जारी रहेंगी। साथ ही लाड़की बहिन योजना के तहत महिलाओं के लिए दिसंबर की सहायता राशि महीने के अंत तक जमा कर दी जाएगी। इसके साथ ही



उन्होंने विधानसभा में अपने संबोधन के दौरान विपक्ष पर भी जमकर निशाना साधा। फडणवीस ने कहा कि हमने राज्य चुनावों के दौरान लोकसभा अभियान के विपक्ष के नकली आख्यान को नष्ट कर दिया। विपक्ष के पास अब करने को कुछ नहीं है।

मुंबई बनेगा केंद्रशासित प्रदेश!

## कांग्रेस विधायक की मांग पर बिफरे आदित्य, हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे

शिवसेना यूबीटी और कांग्रेस में आपस में ही ठनी, दिखाया आईना

मुंबई

बेलगावी और मुंबई को केंद्र शासित प्रदेश बनाने के मुद्दे पर शिवसेना यूबीटी और कांग्रेस में आपस में ही ठन गई है। कर्नाटक कांग्रेस के विधायक लक्ष्मण सावदी ने मुंबई को केंद्र शासित प्रदेश बनाने की बात कही थी। जिस पर उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे बिफर गए हैं। उन्होंने सावदी की आलोचना करते



हुए कहा कि ऐसे किसी प्रयास को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आदित्य ने सहयोगी कांग्रेस से विधायक को फटकार लगाने को भी कहा। सावदी ने कहा था कि अगर महाराष्ट्र में नेता बेलगावी को केंद्र शासित प्रदेश बनाने की मांग कर रहे हैं, तो मुंबई को भी केंद्र शासित प्रदेश बनाया जाना चाहिए।

### 'मराठी मानुष' ने बहाया अपना खून

एक्स पर एक पोस्ट में ठाकरे ने कहा कि मुंबई को केंद्र शासित प्रदेश बनाने की मांग निंदनीय है। चाहे कांग्रेस हो या भाजपा, शिवसेना (यूबीटी) मुंबई को तोड़ने की किसी भी कोशिश को कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। मुंबई हमारी मातृभूमि है, मराठी मानुस ने अपना खून बहाकर इसे हासिल किया है, मुंबई हमें किसी ने नहीं दी है।

दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के बाद सुप्रीम कोर्ट ने लगाई फटकार

## हरियाणा और यूपी में पटाखों की बिक्री रहेगी प्रतिबंधित

कार्य का असर तभी दिखेगा, जब बैन अन्य शहरों में भी लगे

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में गुरुवारको दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण के मामले पर सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट ने इस दौरान प्रदूषण को



कम करने के लिए उत्तर प्रदेश और हरियाणा में भी अगले आदेश तक पटाखों की बिक्री पर रोक लगा दी है। दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में बताया कि राजधानी में पटाखों पर पूरे साल स्टॉक और बिक्री पर रोक लगा दी है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इसका असर तभी पड़ेगा, जब एनसीआर के दूसरे शहरों में भी ऐसी ही रोक हो। इसलिए यूपी और हरियाणा भी ऐसा करें। अब इस मामले में 15 जनवरी को अगली सुनवाई होगी।

15 जनवरी को होगी सुनवाई




### 3800 टन से अधिक अनुपचारित ठोस अपशिष्ट पर हलफनामा दें

दिल्ली के प्रदूषण पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में 3800 टन से अधिक अनुपचारित ठोस अपशिष्ट पर आश्चर्य व्यक्त किया। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार और एमसीडी से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से निपटने के लिए नए उपाय अपनाने को कहा। इसके साथ ही ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के अनुपालन पर दिल्ली सरकार से बेहतर हलफनामा मांगा।

**निगरानी के लिए जांच टीमें बनाएं :** इस पर जजों ने कहा कि एनसीआर के राज्य पुलिस और राजस्व अधिकारियों की टीमें बनाएं। यह टीमें ग्रैप 4 पाबंदियां सही तरीके से लागू होने की निगरानी करें और कोर्ट को रिपोर्ट दें। पिछली सनुवाई में इसका भी ब्योरा मांगा था।

### सरकारों को चेतावनी दी

सुप्रीम कोर्ट ने श्रमिकों को गुजारा भत्ता न देने पर एनसीआर की सरकारों को चेतावनी दी। इसके साथ ही जीआरएपी के तीसरे चरण के तहत दिल्ली में बीएस-4 या उससे पुराने मानक वाले डीजल चालित गैर-जरूरी मध्यम आकार के मालवाहक वाहनों के प्रवेश पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। दिल्ली के बाहर पंजीकृत बीएस-4 या उससे पुराने मानक वाले डीजल चालित गैर-जरूरी हल्के वाणिज्यिक वाहनों को भी शहर में प्रवेश की अनुमति नहीं है।




# 28 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी 'लकी भास्कर'

**मुंबई।** मलयालम फिल्मों के सुपरस्टार दुलकर सलमान की पिछली रिलीज फिल्म लकी भास्कर काफी सफल रही थी। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों का भरपूर प्यार कमाया था। अब इस फिल्म की ओटीटी रिलीज का इंतजार कर रहे फैंस के लिए नई खुशखबरी सामने आई है। फिल्म अब जल्द ही दिग्गज ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है। नेटफ्लिक्स ने इस फिल्म के डिजिटल अधिकार हासिल कर लिए हैं और ये फिल्म अब 28 नवंबर से इस पर स्ट्रीम होगी। नेटफ्लिक्स ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर पोस्ट साझा कर जानकारी दी है कि फिल्म तेलुगु, मलयालम, तमिल, कन्नड़ और हिंदी में भी इस प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगी।

लाइफ Style

# मल्लिका
## योग्य लड़का मिलना मुश्किल

बॉलीवुड एक्ट्रेस मल्लिका शेरावत ने लंबे समय बाद पर्दे पर कमबैक करके 'एक्सपाइरी डेट' वाले मिथ को तोड़ दिया है। 48 साल की अदाकारा ने कहा है कि अब वह अगले दो दशक तर इसी इंडस्ट्री में रहेंगी। पिछले कुछ साल से वह दिल्ली, मुंबई और लॉस एंजेलिस यात्रा कर रही हैं।

मल्लिका ने एक इंटरव्यू में अपने काम-धाम से लेकर बोटॉक्स और अफेयर-ब्रेकअप के बारे में खुलकर बात की है। बताया है कि उन्हें एक योग्य आदमी मिलना मुश्किल है। मल्लिका शेरावत ने खुद को सिंगल बताया। कहा कि उनका ब्रेकअप हो चुकी है। उनके मुताबिक, पर्सनल लाइफ में वह सही आदमी की तलाश में हैं। 'आज के वक्त और आज के जमाने में एक काबिल आदमी ढूंढना मुश्किल है।' मल्लिका फ्रांसीसी नागरिक सिरिल ऑक्सेनफैंस को डेट कर रही थीं। वह बोलीं, 'हमारा ब्रेकअप हो गया... मैं वास्तव में इसके बारे में बात नहीं करना चाहती।' एक बातचीत में मल्लिका शेरावत ने कहा कि उनका एजेंडा मिथक तोड़ना है, 'बॉलीवुड में ये सोच है कि एक बार दब कोई एक्ट्रेस अपने जवानी के दिनों में करियर के चरम पर पहुंचती है तो उसके लिए दूसरा मौका नहीं बचता है। वो गुमनामी के अंधेरों में खो जाती है। यही वह बात है जो मैं एड्रेस करना चाहती हूं। दो दशक से ज्यादा हो गए हैं और मैं अभी-भी डायरेक्टर्स के लेखन शैली के हिसाब से योग्य नहीं हूं। पुरानी सोच है। जो लोग कहते हैं कि मल्लिका बेकार है। उनकी सोच ही बेकार है। क्योंकि मैं हूं, मैं थी और मैं रहूंगी।'



हॉलीवुड मसाला




# बजट से कई गुना कमाया...

लॉस एंजिल्स। बॉक्स ऑफिस पर 2024 में कई फिल्में रिलीज हुईं, जिनमें बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड की मूवीज का नाम शामिल है। वहीं कई सुपरस्टार्स ने त्योहार का दिन या वीकेंड चुना। लेकिन इन फिल्मों में एक मूवी, जिसने सभी का ध्यान खींचा। वह थी डेडपूल एंड वूल्वरीन, जिसका बजट 1673 करोड़ था। लेकिन, दुनियाभर में इसने 11180 करोड़ की कमाई हासिल की थी। डेडपूल ऐंड वूल्वरिन को भारत में इंग्लिश, हिंदी, तमिल, तेलुग, कन्नड़ और मलयालम में 26 जुलाई को रिलीज हुई थी।




# द इक्वलाइजर का स्पिन ऑफ लाने की तैयारी...

लॉस एंजिल्स। सीबीएस की मशहूर सीरीज द इक्वलाइजर मौजूदा समय में एक स्पिनऑफ की तरफ बढ़ रही है। इस सीरीज में क्वीन लतीफा ने मुख्य भूमिका निभाई है। उनके किरदार का नाम रॉबिन मैककॉल है। वह सीआईए की पूर्व सदस्य है और अपनी कुशलता का उपयोग उन लोगों के लिए करती है, जिसके पास कोई सहारा नहीं है। सूत्रों के मुताबिक इस सीरीज के 516वें एपिसोड में दो नए किरदारों से परिचय कराया जाएगा, जो आगे चलकर अपनी खुद की सीरीज का आधार बन सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस समय दो नए किरदारों के लिए कास्टिंग चल रही है। पहला किरदार एक युवा महिला को है जो मार्शल आर्टिस्ट, एक हथियार विशेषज्ञ और आपराधिक केस को सुलझाने में माहिर है। वह मैककॉल से मदद लेने के लिए संपर्क करती है।



# सोशल मीडिया पर किया क्रिप्टिक पोस्ट...


**मुंबई।** अभिनेत्री मलाइका ने अपने रिलेशनशिप स्टेटस को लेकर कुछ बात की हैं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर इस बात का खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि वे इन दिनों किस तरह के रिलेशनशिप स्टेटस से गुजर रही हैं। इस बात का खुलासा उन्होंने एक क्रिप्टिक पोस्ट के जरिए किया है। मलाइका ने सोशल मीडिया पर एक फनी पोस्ट साझा की है। इसमें उन्होंने लिखा कि अभी मेरा स्टेटस क्या है। इसमें तीन विकल्प लिखे थे- इन अ रिलेशनशिप, सिंगल, हेहेहे...मलाइका ने इस पोस्ट पर हेहेहे पर टिक किया। मलाइका का ये इशारा है कि अर्जुन कपूर के साथ अलग हो गई हैं या नहीं। मलाइका ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है। मलाइका ने लिखा हैप्पी नेस का सीक्रेट यही है कि आप चाहें कितना भी अजीब बन जाओ, गलत लोग पार्टी छोड़ देंगे और सही लोग डांस में शामिल होंगे।



# मैं काम करता हूं और वो बेटी संभालती हैं

**मुंबई।** हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में अभिषेक बच्चन ने पत्नी ऐश्वर्या राय की तारीफ की है। एक्टर ने कहा कि वो ऐश के शुक्रगुजार हैं जो घर पर बेटी आराध्या को संभाल रही हैं और उनकी वजह से ही वो फिल्मों में काम कर पा रहे हैं। लंबे वक्त से बॉलीवुड एक्टर अभिषेक और उनकी पत्नी ऐश्वर्या के बीच तलाक की खबरें चल रही हैं। इसी बीच एक इंटरव्यू में अभिषेक ने ऐश्वर्या का शुक्रिया अदा किया है। एक इंटरव्यू में अभिषेक ने कहा कि ऐश्वर्या बहुत ही जिम्मेदार हैं और मां बनने के बाद उन्होंने अपने करियर में बहुत त्याग किया है। एक्टर ने यह भी कहा कि वो अपनी पत्नी के शुक्रगुजार हैं कि उन्होंने उन्हें फिल्मों में काम करने का मौका दिया। इंटरव्यू में अभिषेक ने कहा, 'अपने घर पर मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानता हूं जो मुझे बाहर निकलकर फिल्मों में काम करने का मौका मिला।

टीवी मसाला



# झूठ के इस जमाने में 'इंडियन आइडल' परोस रहा है सच...

**नई दिल्ली।** इन दिनों सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर सिंगिंग रियालिटी शो 'इंडियन आइडल 15' दर्शकों का खूब मनोरंजन कर रहा है। इस शो में कई नए गायकों ने बतौर प्रतियोगी हिस्सा लिया है। इस शो में कई बड़ी और नामी बॉलीवुड हस्तियां भी गेस्ट जज के तौर पर आती हैं। निर्माता-निर्देशक महेश भट्ट ने इंडियन आइडल 15 के मंच की रौनक बढ़ाने आए। सोनीटीवी ऑफिशियल के इंस्टाग्राम पेज पर महेश भट्ट वाले एपिसोड की झलक को साझा किया गया। वह इस शो के मंच पर आकर काफी खुश नजर आए और उन्होंने प्रतियोगियों का खूब हौसला भी बढ़ाया।

# *38 भाषाओं में 5000 गाने प्रेग्नेंसी में गाया 1 गाना....*

***नई दिल्ली।*** *सिंगर हेमलता ने महज 13 साल की उम्र में अपना पहला फिल्मी गाना रिकॉर्ड किया था। उन्होंने अपने करियर में 38 भाषाओं में पांच हजार से ज्यादा गाने गाए। भारत में जिन भी भाषाओं और बोलियों में फिल्में बनीं, हेमलता ने उन सभी में गाने गाए हैं। महान संगीतकार नौशाद ने एक बार कहा था, 'हेमलता में लता मंगेशकर की आवाज के गुण और नूरजहां की मासूमियत है।' एसडी बर्मन ने अपने बेटे राहुल देव बर्मन से एक बार कहा था, 'मैं पहले हेमलता से गाना गवाऊंगा, तुमसे नहीं।' हेमलता उन दुर्लभ कलाकारों में से एक थीं, जिनमें लता मंगेशकर के वर्चस्व को चुनौती देने की क्षमता थी। हेमलता की खूबसूरत गायकी की झलक पानी है, तो फिल्म 'नदिया के पार' में उनकी आवाज में रिकॉर्ड हुआ मशहूर गाना 'कौन दिशा में लेके चला रे बटोहिया' सुन लीजिए, जिसे उन्होंने बहुत मुश्किल हालात में बड़ी खूबसूरती से गाया था। दरअसल, जब यह गाना रिकॉर्ड हुआ था, तब हेमलता गर्भवती थीं और उनकी डिलीवरी की तारीख पहले ही निकल चुकी थी। यह खास बात उन्हें एकमात्र गायिका बनाती है, जिन्हें अपने जीवन के सबसे अहम पलों में कालजयी क्लासिक को रिकॉर्ड करने का सम्मान मिला।*



***लता मंगेशकर के साथ होती थी तुलना :*** *हेमलता ने मशहूर सिंगर येसुदास के साथ कई यादगार हिंदी गाने गाए। बचपन में हेमलता को 'बेबी लता' कहा जाता था और किशोरावस्था में उन्हें 'दूसरी लता' कहा गया। दिलचस्प बात है कि जिन फिल्म निर्माताओं को लता मंगेशकर की फीस बहुत ज्यादा लगती थी या जिन्हें लता मंगेशकर की डेट्स नहीं मिल पाती थीं, उनके लिए हेमलता पसंदीदा कलाकार बन गईं। वे उनकी 'लता' थीं। प्लेबैक सिंगर हेमलता की बायोग्राफी 'दास्तान-ए-हेमलता' का विमोचन 23 नवंबर शनिवार को दिल्ली में साहित्य आजतक मंच पर किया गया. यह किताब मशहूर पत्रकार डॉ. अरविंद यादव ने लिखी है।*

# *वो सुपरस्टार, जिसने ऑटो पर चिपकाए अपनी फिल्म के पोस्टर खाई ड्राइवर्स की डांट, रिलीज होते ही हुई ब्लॉकबस्टर*

**मुंबई।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें आज के सुपरस्टार को अपनी पहली फिल्म के लिए स्ट्रगल करते हुए देखा जा सकता है। यह वीडियो दिखाता है कि आप भले ही फिल्मी बैकग्राउंड से आते हों, स्टार किड हों, लेकिन मेहनत तो फिर भी करनी पड़ती है। इस वीडियो में एक्टर को अपनी पहली फिल्म के पोस्टर को ऑटो रिक्शा पर चिपकाते हुए देखा जा सकता है। वह ऑटो ड्राइवर से परमिशन भी मांगता है। कई ऑटो वाले चिपकाने देते हैं, तो कई फटकार देते हैं और उसकी पहचान पूछते हैं। हम 'दंगल', 'फना' और 'गजनी जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म देने वाले आमिर खान की बात कर रहे हैं। आमिर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इसमें वह फिल्म 'कयामत से कयामत तक' के स्टिकर को अपने इसी फिल्म के को-एक्टर संग चिपकाते हुए नजर आ रहे हैं। इसके बैकग्राउंड में आमिर की आवाज है, जो पोस्टर चिपकाने के किस्से को बताते हुए नजर आ रहे हैं। फैन पेज द्वारा शेयर किए गए वीडियो में आमिर खान कहते हैं, 'मैं भी खूब कोशिश करता था। दोस्तों को बोलता था फिल्म देखने के लिए। किसी से मिलता था, तो कहता था कि आप यह फिल्म जरूर देखिएगा।



### आमिर खान कजिंस और दोस्तों के साथ स्टिकर चिपकाते थे

आमिर खान कहते हैं, 'तो मैं खुद और मेरे दोस्त जिन्होंने काम किया है इस फिल्म में, कभी-कभी मंसूर और उनकी सिस्टर, हम सब गाड़ी में निकलते थे रोड पर और टैक्सीज और ऑटो को रोकते थे। उनको बोलते थे कि ये फिल्म आने वाली है, तो इसके चिपकाइए। कुछ लोग तो चिपकाने देते थे, कई मना करते थे। नहीं-नहीं, कौन-सी फिल्म है। हम बोलते थे आमिर खान की।'

### 'कयामत से कयामत तक' ब्लॉकबस्टर हुई थी

आमिर खान ने आगे कहा, 'लोग कहते थे कौन आमिर खान? मैं कहता था कि मैं हूं आमिर खान. तो यह सब होता था। लोगों को बताने के लिए हमने काफी कोशिश की। जिससे की लोग इसे देखें।' बता दें, आमिर और जूही चावला ने इसी फिल्म से डेब्यू किया था। 29 अप्रैल 1988 को रिलीज हुई 'कयामत से कयामत तक' ब्लॉकबस्टर हुई थी।

JHARKHAND EDUCATION CENTER
T.L. No.: (RAN54082621210695)
We Offer All Courses From Board, Council and Institutions
MATRIC | VOCATIONAL | IIT
MANAGEMENT | ENGINEERING | AICTE
INTERMEDIATE | UG & PG | LAW
NCTE | MBBS | ANM & GNM
We here to help you...
House No. 01, Singh Mansion, Shanti Nagar, Hatia, Ranchi-03
+91 9431360101
info.jharkhandeducationcenter@gmail.com
www.jharkhandeducationcenter.com



हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रत्नेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.